राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 135
लखनऊ, गुरुवार 15 जनवरी, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com






विकास खण्ड अधिकारी ने बैठक कर सचिवों के कसे पेंच 10
फिरोजाबाद बनेगा विख्यात धार्मिक पर्यटन केंद्र : जयवीर 03

## -: सर्राफा बाजार :-

| | |
|---|---|
| गोल्ड 24 कैरेट | = 1,44,150/10 ग्राम |
| 22 कैरेट | = 1,32,150/10 ग्राम |
| 18 कैरेट | = 1,08,150/10 ग्राम |
| चांदी | = 2,90,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### तालाब में डूबने से चार किशोरों की मौत

**प्रयागराज।** जिले के पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हुसैनपुर अहमदपुर पावन गांव में एक तालाब में डूबने से चार किशोरों की मृत्यु हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। डीसीपी (नगर) मनीष शांडिल्य ने बताया कि ये लड़के मंगलवार की शाम घर में बताए बगैर कहीं चले गए थे। रातभर इनके घर वालों ने इन्हें ढूंढा, लेकिन ये नहीं मिले और आज गांव के एक तालाब में इनके शव मिले। उन्होंने बताया कि मृतकों की शिनाख्त प्रिंस सोनकर (10), प्रतीक सोनकर (13), करन (19) और प्रियांशु (10) के रूप में हुई है। ऐसा प्रतीत होता है कि ये लड़के कल तालाब में नहाने चले गए थे जहां डूबने से इनकी मृत्यु हुई। इनके शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे का संज्ञान लेते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

### बॉर्डर पार कर फिर भारत पहुंची बांग्लादेशी महिला, एटीएस ने दबोचा

**मुंबई।** मुंबई एटीएस ने एक 30 साल की बांग्लादेशी महिला को बिना वैलिड ट्रैवल डॉक्यूमेंट्स के मुंबई में अवैध रूप से रहते हुए पाए जाने के बाद गिरफ्तार कर लिया है। महिला की पहचान बिलकिस बेगम सिरमिया अख्तर के रूप में हुई है, जिसे एटीएस और कफपरेड पुलिस के अधिकारियों द्वारा की गई रेड के दौरान हिरासत में लिया गया था। पुलिस अधिकारी के अनुसार, एटीएस अधिकारी और उनकी टीम को खुफिया जानकारी मिली थी कि एक विदेशी नागरिक अवैध रूप से भारत में घुस आया है और कफपरेड इलाके में रह रहा है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक महिला को हिरासत में लिया। एक मुखबिर से उसकी पहचान कन्फर्म करने के बाद टीम ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान महिला ने शुरू में टालमटोल वाले जवाब दिए और बाद में पूछताछ करने पर उसने कबूल किया कि वह बांग्लादेशी नागरिक है और उसे पहले अगस्त 2025 में क्राइम ब्रांच द्वारा अवैध रूप से रहने के लिए डिपोर्ट किया गया था।

### अल्मॉन्ट कफ सिरप की बिक्री पर लगी रोक

**जबलपुर/भोपाल।** मध्य प्रदेश में बच्चों को एलर्जी में दिए जाने वाले अल्मॉन्ट किड सिरप की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। मंगलवार को राज्य सरकार ने इसको लेकर एडवाइजरी जारी कर दी है। दरअसल, इस सिरप में भी जहरीला इंडस्ट्रियल केमिकल (खराब एथलीन ग्लायकॉल) मिला है, जिसका इस्तेमाल मुख्य रूप से गाड़ियों के कूलेंट में किया जाता है। कोल्ड्रिफ कफ सिरप में भी यही जहरीला कैमिकल मौजूद था, जिसके सेवन के बाद मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में किडनी फेल होने से 25 से ज्यादा मासूमों की जान चली गई थी।

# एकादशी पर संगम में उमड़ा आस्था का सैलाब

▸ करीब 50 लाख श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

**प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।**

प्रयागराज प्रयागराज के संगम तट पर आयोजित माघ मेले के दूसरे स्नान पर्व मकर संक्रांति से पूर्व, बुधवार को एकादशी पर 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने यहां गंगा और संगम में आस्था की डुबकी लगाई। यह जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक (माघ मेला) नीरज पांडेय ने बताया कि आज भोर से ही स्नान प्रारंभ है। मकर संक्रांति का स्नान पर्व 15 जनवरी को है, लेकिन आज एकादशी से ही स्नान प्रारंभ है।

उन्होंने कहा कि सुबह छह बजे तक नौ लाख से अधिक लोगों ने गंगा और संगम में स्नान कर लिया है। मकर संक्रांति को शाम तक यह संख्या एक से डेढ़ करोड़ श्रद्धालुओं तक जा सकती है। पांडेय ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम आवागमन के लिए पूरे मेला क्षेत्र में 10,000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात हैं। पौष पूर्णिमा स्नान पर्व पर 31 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई थी। माघ मेला-2024 में पौष पूर्णिमा पर 28.95 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया था।

मेला अधिकारी ऋषिराज का कहना है कि भीड़ प्रबंधन एवं सुगम यातायात के लिए इस बार 42 अस्थायी पार्किंग विकसित की गयी है। जिसमें लगभग एक लाख से अधिक वाहन पार्क हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि माघ मेला 2025-26 में कुल 12100 फुट लंबे घाटों का निर्माण किया गया है। जिनमें सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं जैसे वस्त्र बदलने का कक्ष, शौचालय आदि उपलब्ध हैं। मेला अधिकारी के अनुसार, माघ मेले में गंगा में जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कानपुर के गंगा बैराज से प्रतिदिन 8000 क्यूसेक जल छोड़ा जा रहा है।

दारागंज में कर्मकांड कराने वाले पंडित रविशंकर मिश्रा ने कहा कि बुधवार को षट्तिला एकादशी है और इस दिन छह प्रकार से तिल का प्रयोग किया जाता है। इस दिन काली तिल और काली गाय के दान का विशेष महत्व है।

उन्होंने बताया कि एकादशी का मुहूर्त बुधवार की रात्रि नौ बजे से लेकर बृहस्पतिवार को दोपहर डेढ़ बजे तक है, लेकिन स्नान की दृष्टि से बृहस्पतिवार को पूरे दिन मकर संक्रांति का पुण्यकाल माना जाएगा।



### राम मंदिर में आज मनेगा मकर संक्रांति पर्व


अयोध्या में स्थित राम मंदिर में मकर संक्रांति का पर्व गुरुवार को मनाया जाएगा। रामलला को ड़ेढ क्विंटल खिचड़ी का भोग अर्पित कर श्रद्धालुओं में बांटा जाएगा। इस अवसर पर मंदिर परिसर में स्थित सूर्य मंदिर में विशेष अनुष्ठान किए जाएंगे। सुबह से ही वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सूर्य देव की आराधना, हवन और विशेष पूजन होगा। अयोध्या प्रशासन ने सरयू घाटों पर स्नान के लिए विशेष प्रबंध किए हैं।

### वाराणसी में लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

वाराणसी के गंगा घाटों पर बुधवार सुबह शुभ मुहूर्त में भक्तों ने स्नान ध्यान और दान पुण्य का सिलसिला शुरु कर दिया और यह शाम तक जारी रहा। प्रशासन का अनुमान है कि विभिन्न घाटों पर दोपहर तक लगभग 13 लाख लोग आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के साथ 16 घंटे का पुण्यकाल प्रारंभ हुआ है। ऐसे में माना जाता है कि पुण्य विशेष लाभकारी होता है। इसलिए श्रद्धालु स्नान, दान और ध्यान कर रहे हैं। काशी के विभिन्न घाटों में उन श्रद्धालुओं की संख्या अधिक है जो प्रयागराज के माघ मेले से होकर यहां पहुंचे हैं। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के मथुरा, कानपुर, मेरठ समेत तमाम प्रमुख शहरों के धार्मिक स्थलों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ गंगा व अन्य पवित्र नदियों में स्नान ध्यान कर रहे हैं। यह सिलसिला आज 15 जनवरी शाम तक जारी रहेगा।

# पृथ्वी के प्रति आभार केवल शब्दों तक सीमित न रहे : मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



▸ पोंगल पर्व में शामिल हुए प्रधानमंत्री ने कहा- प्रकृति के संरक्षण की प्रेरणा देता है यह त्यौहार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को पोंगल पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि यह पर्व हमें प्रकृति के संरक्षण को जीवन शैली का हिस्सा बनाने की प्रेरणा देता है। श्री मोदी बुधवार को यहां केंद्रीय मंत्री एल मुरूगन के निवास पर पोंगल उत्सव में शामिल हुए।

इस अवसर पर उन्होंने कहा, पोंगल का पर्व हमें प्रेरणा देता है कि पृथ्वी के प्रति आभार केवल शब्दों तक सीमित न रहे उसे हम जीवन शैली का हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि जब ये धरती हमें इतना कुछ देती है, उसे संजोने का दायित्व भी हमारा है। अगली पीढ़ी के लिए मिट्टी को स्वस्थ रखना, पानी को बचाना और संसाधनों का संतुलित उपयोग करना, सबसे जरूरी है। मिशन लाइफ, एक पेड़ मां के नाम, अमृत सरोवर, जैसे हमारे अभियान इसी भावना को आगे बढ़ाते हैं। हम खेती को अधिक सतत और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पोंगल एक वैश्विक त्योहार बन चुका है। दुनिया भर में तमिल समुदाय और तमिल संस्कृति से प्रेम करने वाले लोग इसे उत्साह के साथ मनाते हैं।

उन्होंने कहा कि तमिल जीवन में पोंगल एक सुखद अनुभूति की तरह है, इसमें अन्नदाता की मेहनत, धरती और सूर्य के प्रति आभार का भाव है, साथ ही ये पर्व हमें प्रकृति, परिवार और समाज में संतुलन बनाने का रास्ता दिखाता है। उन्होंने कहा, इस समय देश के अलग-अलग हिस्सों में लोहड़ी, मकर संक्रांति, माघ बिहू और अन्य त्योहारों की भी उमंग है। मैं भारत और दुनिया भर में रहने वाले सभी तमिल भाई-बहनों को पोंगल की और सभी पर्वों की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं। पिछले वर्ष तमिल संस्कृति से जुड़े कई कार्यक्रमों में शामिल होने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा तमिल संस्कृति पूरे भारत की साझी विरासत है, इतना ही नहीं, पूरी मानवता की ये साझी विरासत है। पोंगल जैसे पर्व एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को और सशक्त बनाते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया की लगभग सभी सभ्यताओं में फसलों से जुड़ा कोई न कोई उत्सव मनाया जाता है। तमिल संस्कृति में किसान को जीवन का आधार माना गया है। तिरुक्कुरल में कृषि और किसानों पर विस्तार से लिखा गया है। हमारे किसान राष्ट्र निर्माण के मजबूत साथी हैं, उनके प्रयासों से आत्मनिर्भर भारत अभियान को बहुत मजबूती मिल रही है।

केंद्र सरकार भी किसानों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध होकर लगातार काम कर रही है। पीएम मोदी ने कहा कि तमिल संस्कृति दुनिया की सबसे प्राचीन जीवित सभ्यताओं में से एक है। तमिल संस्कृति सदियों को जोड़ती है, वो इतिहास से सीखकर वर्तमान को आगे का रास्ता दिखाती है।

इसी प्रेरणा से आज का भारत अपनी जड़ों से शक्ति लेकर नई संभावनाओं की ओर आगे बढ़ रहा है। आज पोंगल के इस पावन अवसर पर हम उस विश्वास को महसूस कर रहे हैं, जो भारत को आगे बढ़ा रहा है। एक ऐसा भारत जो अपनी संस्कृति से जुड़ा है, अपनी धरती का सम्मान करता है और भविष्य को लेकर भरोसे में भरा हुआ है।

# भारत ने अपने नागरिकों को ईरान छोड़ने की दी सलाह

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



▸ दूतावास ने भारत मूल के लोगों से सतर्कता बरतने व विरोध प्रदर्शनों से दूर रहने तथा भारतीय दूतावास के संपर्क में बने रहने को कहा

भारत ने ईरान में जारी विरोध प्रदर्शनों और सरकार की कार्रवाई में मरने वाले लोगों की बढती संख्या के बीच बुधवार को ईरान में मौजूद अपने नागरिकों को जल्द से जल्द देश छोड़ने की सलाह दी है और तेहरान स्थित दूतावास में संपर्क करने के लिए हेल्पलाइन नम्बर जारी किये हैं। सरकार ने यह कदम क्षेत्रीय तनाव के बढने और व्यापक प्रदर्शनों के बीच तेजी से बदलती सुरक्षा स्थिति का हवाला देते हुए उठाया है। तेहरान स्थित भारतीय दूतावास द्वारा बुधवार को जारी परामर्श में छात्रों, तीर्थयात्रियों, व्यवसायियों और पर्यटकों सहित सभी भारतीय नागरिकों से वाणिज्यिक उड़ानों सहित उपलब्ध किसी भी परिवहन माध्यम से ईरान छोड़ने का आग्रह किया गया है।

यह परामर्श पांच जनवरी को जारी पूर्व चेतावनी के बाद जारी किया गया है। दूतावास ने एक बयान में कहा कि ईरान में बदलती स्थिति को देखते हुए, वहां रह रहे भारतीय नागरिकों को उपलब्ध परिवहन साधनों के माध्यम से ईरान छोड़ने की सलाह दी जाती है। विदेश मंत्रालय ने भी ईरान की यात्रा से बचने के परामर्श को दोहराते हुए भारतीय नागरिकों को अगले आदेश तक ईरान न जाने की सलाह दी है।

दूतावास ने सभी भारतीय नागरिकों और भारत मूल के लोगों से सतर्कता बरतने और विरोध प्रदर्शनों से दूर रहने तथा भारतीय दूतावास के संपर्क में बने रहने को कहा है। उनसे कहा गया है कि वे यात्रा के दौरान अपने सभी दस्तावेज तैयार रखें और इस बारे में वह दूतावास से भी मदद ले सकते हैं। परामर्श ऐसे समय में जारी किया गया है जब ईरान में आंतरिक अशांति बढ रही है। मानवाधिकार संगठनों और मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, प्रदर्शनकारियों के खिलाफ सरकारी कार्रवाई में मरने वालों की संख्या हाल के हफ्तों में तेजी से बढ़ी है, जिससे सुरक्षा और स्थिरता को लेकर चिंताएं गहराई हैं। भारतीय अधिकारियों ने कहा कि वे स्थिति पर करीबी नजर बनाए हुए हैं। भारत समय-समय पर इस क्षेत्र के लिए यात्रा परामर्श जारी करता रहा है, लेकिन ताजा चेतावनी उसकी बढ़ती चिंता को दर्शाती है, जो बिगड़ते सुरक्षा माहौल और विदेशी नागरिकों के समक्ष उत्पन्न हो रहे जोखिमों को लेकर है।

### दूतावास ने हेल्पलाइन नम्बर किये जारी

दूतावास ने आपात स्थिति के लिए हेल्पलाइन नम्बर भी जारी किये हैं। लोग दूतावास से मोबाइल नम्बर 989128109115, 989128109109, 989128109102 और 989932179359 पर संपर्क कर सकते हैं। भारतीय दूतावास से ई मेल cons.tehran@mea.gov.in पर भी संपर्क कर सकते हैं। दूतावास ने सभी नागरिकों को बिना देरी के दूतावास में पंजीकरण कराने की सलाह दी है। यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह कड़ी कार्रवाई कर सकते हैं। रिपोर्टों के अनुसार ईरान में सरकार के खिलाफ जारी प्रदर्शनों के दौरान 2,500 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

### मकर संक्रांति भारत की सांस्कृतिक एकता, आस्था व सकारात्मक ऊर्जा का महापर्व : योगी



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मकर संक्रांति और खिचड़ी पर्व के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने बुधवार को अपने शुभकामना संदेश में कहा कि मकर संक्रांति भारत की प्राचीन सांस्कृतिक परम्पराओं का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जिसे देश के विभिन्न राज्यों में विविध नामों एवं परम्पराओं के साथ श्रद्धा एवं उत्साह से मनाया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मकर संक्रांति के अवसर पर सूर्य देव धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हैं तथा उत्तरायण होते हैं। भारतीय संस्कृति में सूर्य का उत्तरायण होना शुभ, सकारात्मकता और नवचेतना का प्रतीक माना गया है। यह परिवर्तन अंधकार से प्रकाश की ओर, जड़ता से कर्मशीलता की ओर तथा नकारात्मकता से सकारात्मक ऊर्जा की ओर अग्रसर होने का संदेश देता है।

# सेना प्रमुख ने एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर में युवाओं को बताया नए भारत का चेहरा

▸ मजबूत, आत्मनिर्भर व विकसित भारत का निर्माण युवा ही करेंगे : जनरल उपेंद्र द्विवेदी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बुधवार को दिल्ली कैंट में नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) के गणतंत्र दिवस शिविर (आरडीसी) का दौरा किया। सेना प्रमुख ने युवाओं को नए भारत का चेहरा बताते हुए इस बात पर जोर दिया कि वे देश की सबसे शक्तिशाली आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो अनुशासन, उद्देश्य और संकल्प के माध्यम से राष्ट्रीय परिवर्तन लाने में सक्षम हैं।

सेना प्रमुख ने एनसीसी कैडेट्स के महत्वपूर्ण योगदान के बारे में बताते हुए ऑपरेशन सिंदूर का उदाहरण दिया, जो भारत की सशक्तता का सबूत है।उन्होंने कहा कि 75 हजार से अधिक एनसीसी कैडेट्स ने पूरे देश में सिविल डिफेंस, हॉस्पिटल मैनेजमेंट, राहत सामग्री बांटने और सामुदायिक सेवा के क्षेत्र में स्वयंसेवक की भूमिका निभाई। आधुनिकीकरण पर जोर देते हुए उन्होंने बताया कि 35 हजार से भी अधिक कैडेट्स ने देशभर में सैन्य इकाइयों और सैनिक अस्पतालों के साथ प्रशिक्षण हासिल किया है। उन्होंने पुनीत सागर अभियान, एक भारत श्रेष्ठ भारत, एक पेड़ मां के नाम, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस और स्वच्छ भारत अभियान जैसी राष्ट्रीय पहलों में 28 राज्यों के 315 जिलों में 94,400 कैडेट्स को प्रशिक्षण दिए जाने जैसे नये उपायों को सराहा।

# थाईलैंड में ट्रेन दुर्घटना, 22 लोगों की मौत, 55 घायल

▸ घायल यात्रियों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पतालों में पहुंचा गया

**एजेंसी, बैंकॉक।**



थाईलैंड के नखोन रत्चासिमा प्रांत में बुधवार को यात्री ट्रेन के क्रेन से टकरा जाने से कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई और 55 अन्य घायल हो गए। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार दुर्घटना स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 09:05 बजे उस समय हुई, जब बैंकॉक से उबोन रत्चाथानी जा रही यात्री ट्रेन निर्माण कार्य में लगी क्रेन से टक्कर के बाद पटरी से उतर गयी। आपातकालीन बचाव दल तुरंत मौके पर पहुंचे और हाइड्रोलिक कटिंग टूल का इस्तेमाल कर मलबे में फंसे यात्रियों को बाहर निकालना शुरू कर दिया। घायल यात्रियों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पतालों में पहुंचा दिया गया है। थाईलैंड के उप प्रधानमंत्री और परिवहन मंत्री पिपहत रचलाकितप्रकार्ण ने कहा कि उन्होंने एजेंसियों को पारदर्शी एवं व्यापक जांच करने के निर्देश दिए हैं ताकि दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा सके तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

# इप्सेफ ने केन्द्र सरकार को चेताया

▸ देश में बेरोजगारी महंगाई, किसान, मजदूर, युवा वर्ग, कर्मचारी, शिक्षक के परिवारों की तकलीफों से आक्रोश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

देश में बेरोजगारी महंगाई, किसान, मजदूर, युवा वर्ग, कर्मचारी, शिक्षक के परिवारों की तकलीफों से आक्रोश है। इस मामले में इप्सेफ ने केन्द्र सरकार को चेताया है।

भारत सरकार, राज्यों की सरकारें अगर विशेष ध्यान नहीं देंगी तो देश भर में आन्दोलन बढ़ सकते है, जिससे भावी चुनावों में सत्ताधारी दल को नाराजगी मोल लेनी पड़ेगी। इप्सेफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एसबी सिंह एवं महासचिव प्रेमचन्द्र ने बताया कि कई बार पत्र भेज कर अवगत कराया जा चुका है, परन्तु सरकार मौन है। श्री मिश्र ने बताया कि पीएमओ से बताया गया कि उनके पत्रों का निस्तारण कर दिया गया है। पता नहीं। तमाम लोग है जो आनलाइन देखना ही नहीं जानते है। श्री मिश्र ने बताया कि केन्द्र व राज्यों की सरकारों द्वारा रिक्त पदों पर नियमित भर्तियां, पदोन्नति नहीं हो रही है, पुरानी पेंशन बहाली, 08 वेतन आयोग का गठन करके लागू करने में अनदेखी हो रही है, मेडिकल कालेजों, जिला अस्पतालों में आउटसोर्स के डाक्टर एवं कर्मचारियों से कार्य कराया जा रहा है। दवाएं आदि भी गुणवत्ता वाली नहीं होती है, जो फायदा नहीं करती है। पूंजीवादी व्यवस्था में कर्मचारियों की छंटनी हो रही है। उन्हें पगार भी उचित नहीं मिलती है। अतुल मिश्र उपमहासचिव ने बताया कि सरकार प्रयास तो कर रही है, परन्तु सफल नहीं है।इप्सेफ ने कहा है कि देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था ही लागू रहना चाहिए। इप्सेफने प्रधानमंत्री एवं उनके मंत्रिमण्डल को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। चन्द देशों की तरह हालात यहाँ भी हो सकती है।

### बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद के आधिकारिक आवास में लगी आग



**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली में मदर टेरेसा क्रिसेंट मार्ग पर स्थित भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के आधिकारिक आवास में बुधवार सुबह आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। यह तुरंत पता नहीं चल पाया कि घटना के समय पटना साहिब के सांसद घर पर थे या नहीं। डीएफएस के अधिकारी ने बताया कि कि दमकल की तीन गाड़ियां तुरंत मौके पर भेजी गईं और सुबह आठ बजकर 35 मिनट पर आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। आग लगने के कारण का पता लगाया जा रहा है। दिल्ली पुलिस की फॉरेंसिक टीम भी मौके पर मौजूद थी।



# यूपी कोऑपरेटिव बैंक बड़गांव की शाखा में 21 करोड़ का गबन, प्राथमिकी दर्ज

- तत्कालीन बैंक प्रबंधक सहित 16 लोगों पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज
- बैंक प्रबंधक ने सिंडिकेट गिरोह बना कर पत्नी, मां व बेटे के नाम किया लोन

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़**

उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव बैंक के तत्कालीन बैंक प्रबंधक सहित 16 लोगों पर 21 करोड़ रुपए का गबन करने का मुकदमा शाखा प्रबन्धक ने नगर कोतवाली में दर्ज कराया है। भुवन चन्द सती उत्तर प्रदेश स्टेट कोऑपरेटिव बैंक लि0 छोटे लाल का हाता स्टेशन रोड महरानीगंज गोण्डा में सहायक महाप्रबन्धक/मुख्य प्रबन्धक ने पुलिस अधीक्षक को पत्र दिया जिस में उस ने कहा कि शाखा के ऋण वितरण मे धोखाधड़ी की गई है। जिस में कहा कि उत्तर प्रदेश स्टेट कोआपरेटिव बैंक लि0 लखनऊ की गोण्डा शाखा में भारतीय रिजर्व बैंक में इम्पैनल्ड चार्टर्ड एकाउण्टेन्ट द्वारा आन्तरिक जांच।स्पेशल ऑडिट की अन्तरिम रिपोर्ट में टीम का गठन किया गया। बीते 2, जनवरी को यह तथ्य सामने आया कि चार्टर्ड एकाउण्टेन्ट द्वारा गोण्डा शाखा के सम्बन्ध में स्पेशल ऑडिट की अंतरिम आख्या में पवन कुमार पाल, तत्कालीन शाखा प्रबन्धक द्वारा बैंक शाखा के कार्मिको तथा अन्य के साथ मिलकर सिण्डीकेट / गिरोह बना कर ऋण वितरण करके धनराशि गबन किया गया।

पवन कुमार पाल तत्कालीन शाखा प्रबन्धक द्वारा स्वयं को तथा अपने परिवार के सदस्यों सिण्डीकेट।गिरोह के सदस्यों को पात्रता एव अभिलेख पूर्ण किये बिना ही ऋण वितरण कर अपने बैंक शाखा के कार्मिकों से मिलकर स्वयं परिवार के सदस्यों एवं अन्य के खातों को प्रयोग में लाया गया। ऋण वितरण से पूर्व अभिलेखों में आय प्रमाण पत्र जमानत मूल्याकन रिपोर्ट आदि का सत्यापन शाखा स्तर पर नहीं किया गया। ऋण प्रकरणों में फर्जी एवं कूटरचित अभिलेखों को दर्शाते हुए शाखा द्वारा ऋण वितरण किया गया।

बैंक के आन्तरिक खातों से अनधिकृत रूप से डेबिट करके विभिन्न खातों से 46.13 लाख की धनराशि क्रेडिट करके निकासी कर गबन कर लिया गया। इसके साथ ही श्री पवन कुमार पाल तत्कालीन शाखा प्रबन्धक एवं संदिग्ध व्यक्तियों ने बैंक के खाताधारकों 2101.65 लाख की धनराशि कुल रुपए 2147.78 लाख का अन्तरण विभिन्न बैंकिंग चैनल खाता धारक पवन कुमार पाल तत्कालीन शाखा प्रबन्धक 21. दिसंबर.2021 से 19. म ई.2023 एवं 5. जुलाई 2024 से 29 जून2025 स्व राम केवल पाल कृष्णानगर कालोनी जनौरा परिक्रमा मार्ग एनएसएस विद्यालय नाका जनौरा फैजाबाद- अजय कुमार तत्कालीन शाखा प्रबन्धक के 20. मई .2023 से 4. जुलाई 2024) कन्धीमुराव का सिवाला पंचवटी नरही लखनऊ सुशील कुमार गौतम तत्कालीन प्रबन्धक रामलाल आलोक नगर सीतापुर रोड निरालानगर लखनऊ पवन कुमार तत्कालीन सहायक कैशियर करूणा शंकर त्रिपाठी ग्राम उसरू अमौना पो0-कादीपुर बारून बाजार फैजाबाद।

सुमित्रा पाल खाताधारक पत्नी स्व0 राम केवल पाल पवन कुमार पाल तत्कालीन शाखा प्रबन्धक की माता कृष्णानगर कालोनी फैजाबाद- संजना सिंह खाताधारक पवन कुमार पाल तत्कालीन शाखा प्रबन्धक जनौरा कृष्णानगर कालोनी राज प्रताप सिंह खाताधारक पुत्र पवन कुमार पाल तत्कालीन शाखा प्रबन्धक जनौरा कृष्णानगर कालोनी फैजाबाद जय प्रताप सिंह खाताधारक पुत्र पवन कुमार पाल तत्कालीन शाखा प्रबन्धक जनौरा कृष्णानगर कालोनी फैजाबाद फूल मोहम्मद खाताधारक जान मोहम्मद दौलतपुरवा खिराया खोरहंशा राघव राम खाताधारक समयदीन बहलोलपुर शिवाकान्त वर्मा खाताधारक।

राजितराम इमलिया गुरूदयाल रितेन्द्र पाल सिंह खाताधारक जगतपाल सिंह बालपुर हजारी बालपुर गीता देवी वर्मा खाताधारक शिवाकान्त वर्मा इमलिया गुरुदयाल दुष्यन्त प्रताप सिह खाताधारक राघवेन्द सहाय सिंह सालपुर बाजार बिशुनपुर बैरिया मोहम्मद असलम खाताधारक मौला बक्श मरचौर करनैलगंज प्रतीक कुमार सिंह खाताधारक देवेन्द्र बहादुर सिंह कचनापुर करनैलगंज पवन कुमार पाल तत्कालीन शाखा प्रबन्धक सहित 16,लोगो पर धोखाधड़ी का मुकदमा नगर कोतवाली में दर्ज कराया गया है।

बैंक के कार्मिकों तथा खाताधारकों की मिलीभगत से सुनियोजित रूप में एक गिरोह बनाकर साजिश के तहत शाखा के 205 खाताधारको के ऋण तथा बचत खातों से एवं 5 आन्तरिक खातों से कुल रुपए 2147.78 लाख की धनराशि का गबन किया गया है।

## किसान संघ के जिला मंत्री बने त्रिलोकी सिंह क्षेत्र में खुशी की लहर



गोंडा, समृद्धि न्यूज। करनैलगंज के युवा समाजसेवी एवं भाजपा सहकार भारती गोंडा इकाई के उपाध्यक्ष त्रिलोकी सिंह को भारतीय किसान संघ, गोंडा का जिला मंत्री बनाए जाने पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। उनके मनोनयन पर युवा वर्ग सहित जनपद के प्रबुद्ध नागरिकों ने हर्ष व्यक्त किया है।बुधवार को करनैलगंज के युवा समाजसेवी राहुल सिंह चौहान ने त्रिलोकी सिंह की ताजपोसी पर प्रसन्नता जताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं और उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि त्रिलोकी सिंह लंबे समय से सामाजिक व संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं, जिसका लाभ किसान हितों को मिलेगा। क्षेत्रवासियों का कहना है कि त्रिलोकी सिंह के जिला मंत्री बनने से भारतीय किसान संघ को नई ऊर्जा मिलेगी और किसानों से जुड़े मुद्दों को और अधिक प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा।

# रोज वुड स्कूल में धूमधाम से मनाया गया लोहड़ी पर्व



**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।**

शहर के रोजवुड इण्टर कालेज में लोहड़ी पर्व धूमधाम से मनाया गया। जिसमे दीप्ती, सुप्रिया, नव्या, आरूषी, मधु, अंजली, सिद्धी, अथर्व, श्रेया, देव, काव्या, अनमोल, आशी, रेयांश, लारिब, विराज, अनम आदि बच्चो ने पंजाबी वेशभूषा में आग जलाकर रेवड़ी, मूँगफली, लावा खाकर हर्षोल्लास के साथ इस पर्व को मनाया।

विद्यालय प्रबन्धक अमित कुमार पाण्डेय व प्रधानाचार्या सरिता पाण्डेय ने सभी को लोहड़ी पर्व पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह त्योहार दुःखो का नाश, प्रेम और भाईचारे तथा खुशियों का त्योहार है। लोहड़ी पर्व सभी के जीवन मे रिश्तो मे मिठास भरने एवं सद्भावना से रहने का संदेश देती है।

# 12 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी सहायक अध्यापक प्रशिक्षित स्नातक-2025 परीक्षा



- 17 जनवरी को दो पालियों में आयोजित होगी परीक्षा

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

जिला पंचायत सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में सहायक अध्यापक प्रशिक्षित स्नातक, स्नातक श्रेणी पुरुष/महिला शाखा परीक्षा-2025 की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा के सफल, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी आयोजन हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि यह परीक्षा आगामी 17 जनवरी, 2026 को जनपद में दो पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली पूर्वाह्न 9:00 बजे से 11:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 3:00 बजे से 5:00 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा में प्रथम पाली में 5088 अभ्यर्थी एवं द्वितीय पाली में 2016 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा के सुचारु आयोजन हेतु जनपद में कुल 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

जिलाधिकारी ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सह केंद्र व्यवस्थापक की तैनाती कर दी गई है, ताकि परीक्षा प्रक्रिया पर प्रभावी निगरानी रखी जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा से संबंधित सभी व्यवस्थाएं समय से पहले पूर्ण कर ली जाएं और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

बैठक में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए तथा परीक्षा के दौरान कानून-व्यवस्था पूरी तरह से नियंत्रित रहे। साथ ही, यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक ट्रैफिक प्लान तैयार करने के निर्देश दिए गए, ताकि अभ्यर्थियों को समय पर परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर बैठने की व्यवस्था, प्रकाश, पेयजल, शौचालय, विद्युत आपूर्ति, सीसीटीवी कैमरे, जैमर, घड़ी एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, परीक्षा से पूर्व केंद्रों का भौतिक सत्यापन कर सभी कमियों को दूर करने को कहा गया।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा की गोपनीयता एवं निष्पक्षता सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि पर तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए। बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार रावत, अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ रामचंद्र, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह, आयोग के प्रतिनिधि सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पूर्व बीडीसी सदस्य की निर्मम हत्या, खेत में मिला लहूलुहान शव

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

- सिर व आंख पर धारदार हथियार से हमले के मिले निशान

पयागपुर थाना क्षेत्र मे पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य की पीट-पीटकर और धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। उनका लहूलुहान शव खेत में बनी झोपड़ी में रखे तख्त पर पड़ा मिला। लाश के सिर, आंख और सीने पर गंभीर चोटों के निशान मिले हैं। जानकारी के मुताबिक, जगदेव यादव (55) मंगलवार रात खेत की रखवाली के लिए घर से निकले थे। रात में खाना खाने के लिए वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने कॉल की, पर फोन स्विच ऑफ बताता रहा। खोजते हुए खेत में पहुंचे तो वहां शव पड़ा हुआ मिला। तत्काल सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस जांच करने खेत में पहुंची, पर कोई हथियार बरामद नहीं हुआ। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। जगदेव का छोटा बेटा क्षेत्रीय सभासद और लोहिया वाहिनी का विधानसभा अध्यक्ष भी है। उसने कहा- पिता जी की न तो किसी से दुश्मनी थी, न किसी से राजनैतिक रंजिश।

जिले के पयागपुर थाना क्षेत्र के कटहरी बाग, कोर्ट बाजार निवासी जगदेव यादव 10 साल पहले क्षेत्र पंचायत सदस्य थे। मंगलवार रात करीब 9 बजे घर से निकले थे। 11 बजे तक वापस नहीं आए तो परिजनों ने फोन किया, लेकिन संपर्क नहीं हो पाया। छोटा बेटा विवेक यादव और पत्नी घर से दो किलोमीटर दूर खेत की ओर गए। थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया फिलहाल मृतक के पुत्र विष्णु यादव की तहरीर पर पयागपुर थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष टीम गठित की गई है। सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति और स्पष्ट होगी।



### 10 साल पहले रहे थे बीडीसी सदस्य

पिता सीता राम यादव ने बताया जगदेव यादव करीब 10 साल पहले क्षेत्र पंचायत सदस्य रह चुके थे। फिलहाल वे सक्रिय राजनीति में नहीं थे और खेती-किसानी से ही परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। परिवार में दो बेटे हैं। विष्णु यादव- खेती-बाड़ी करते हैं। विवेक यादव- सभासद हैं और लोहिया वाहिनी के विधानसभा अध्यक्ष भी हैं।

### बेटे का दावा न कोई विवाद न राजनीतिक रंजिश

मृतक के बेटे विष्णु यादव ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि पिता जी का किसी से कोई विवाद नहीं था। न कोई पुरानी दुश्मनी थी और न ही कोई राजनीतिक रंजिश। वे पिछले कई वर्षों से केवल खेती-बाड़ी का काम कर रहे थे।

जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

खेत की झोपड़ी में जगदेव यादव का खून से लथपथ शव मिला। परिजनों के अनुसार, शव रात करीब 1-30 बजे मिला। पुलिस ने रात में ही शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## कुनाल की पारी से बहराइच योद्धा ने जीता मुकाबला



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** स्व कुशमेंन्द्र सिंह राणा की स्मृति में इंदिरा स्टेडियम में खेला जा रहा ग्लैमरस टाइप प्रीमियर लीग में बुधवार का मुकाबला बहराइच योद्धा एवं बहराइच सुपर किंग्स के बीच खेला गया। मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी ज्योति बंसल व नितिन बंसल मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया बहराइच सुपर किंग्स के कप्तान ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया । पहले बल्लेबाजी करते हुए योद्धा के बल्लेबाजों ने बहुत अच्छी बल्लेबाजी की। दोनों ओपनर बल्लेबाज कुणाल यादव की 89 एवं कुलदीप की 67 रनों की बेहतरीन पारियों की बदौलत योद्धा ने निर्धारित 22 ओवरों में चार विकेट के नुकसान पर 186 रनों का अच्छा स्कोर खड़ा किया। सुपर किंग्स की तरफ से ओम ठाकुर एवं त्रिपुरेश मिश्रा ने दो-दो विकेट अपने नाम किए। 187 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए बहराइच सुपर किंग्स की तरफ से ओम ठाकुर ने 59 रनों की अच्छी पारी खेली । अन्य कोई बल्लेबाज उनका साथ नहीं दे पाया और पूरी टीम 22वें ओवर में 140 रनों पर आल आउट हो गई। बहराइच योद्धा की तरफ से अमन पासवान ने 3, कुनाल एवं निखिल ने 2-2 विकेट अपने नाम किये। बहराइच योद्धा ने 46 रनों से यह मुकाबला जीत लिया। शानदार प्रदर्शन की बदौलत कुनाल यादव को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। और बेस्ट इमर्जिंग प्लेयर का पुरस्कार ओम ठाकुर को दिया गया। मैच में अंपायरिंग की भूमिका आतिफ खान एवं अकील अहमद ने निभाई। स्कोरर की भूमिका में यश चौरसिया मौजूद रहे ।आंखों देखा हाल आदिल जमीर के द्वारा सुनाया गया। लाइव प्रसारण गोविंद सिंह चौहान के द्वारा किया गया। इस दौरान इफ्तिखार अली, सुनील राय, रामानंद सिंह, देवाशीष राय आयुष चित्रांश, कार्तिकेय सिंह, तुषार सोनी, आशुतोष कैराती, सारिक, उत्कर्ष , एवं अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## सांसद आनंद गौड़ ने मटेरा में लगाई जन चौपाल

- ग्रामीणों को दी केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले में सांसद आनंद गौड़ के नेतृत्व में मटेरा विधानसभा क्षेत्र में एक जन जागरण चौपाल का आयोजन किया गया। मटेरा इलाके की ग्राम पंचायत बड़गांवा में आयोजित इस चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

इसका मुख्य विषय विकसित भारत-जी राम के तहत 125 दिन ग्रामीण रोजगार की नई गारंटी था। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर सांसद ने चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों को केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीण रोजगार सृजन, गरीब एवं वंचित वर्ग के उत्थान तथा आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के संकल्प पर प्रकाश डाला। सांसद ने किसानों, गरीबों और वंचितों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रधान और बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। सांसद ने ग्रामीणों की समस्याओं और सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना और उनके समाधान का आश्वासन दिया।

# राजकीय इण्टर कालेज बहराइच के भवन निर्माण कार्य का डीएम ने किया निरीक्षण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

- निर्धारित समय-सीमा के अन्दर निमार्ण कार्य पूर्ण कराना करें सुनिश्चित : अक्षय त्रिपाठी



मंगलवार को देर शाम जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा निर्माणाधीन राजकीय इन्टर कालेज, बहराइच के विद्यालय भवन का निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया गया। अलंकार प्रोजेक्ट के तहत स्वीकृत धनराशि रू. 1009.64 लाख की लागत से निर्माणाधीन विद्यालय भवन के निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था यूपी सिडकों के अधि.अभि. जी.एस. बिरला ने बताया कि अब तक रू. 504.82 लाख की धनराशि अवमुक्त हुई है।

अधि.अभि. ने बताया कि प्रस्तावित भूमि पर स्थित जर्जर भवन का धवस्तीकरण न होने के कारण निर्माण कार्य समय से प्रारम्भ नही हो पाया था। श्री बिरला ने बताया कि प्रधानाचार्य द्वारा अवगत कराया गया है कि मेरे कार्यालय स्तर से जर्जर भवन के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही पूर्ण करते हुए भूमि शीघ्र उपलब्ध करा दी जायेगी। तत्पश्चात टेण्डर आदि की कार्यवाही पूर्ण करते हुए निर्माण कार्य 19 दिसम्बर 2025 से प्रारम्भ किया गया जो कि वर्तमान में प्रगति पर है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि निर्माणाधीन विद्यालय भवन के मुख्य भवन में नींव खुदाई करके पी.सी.सी. का कार्य प्रारम्भ किया गया है तथा कालम एवं फुटिंग की सरिया बाइंडिग का कार्य भी किया जा रहा है। कार्यस्थल पर निर्माण सामग्री ईंट, सीमेन्ट, स्टोन ग्रिट, सरिया एवं मौरंग इत्यादि सामग्री मौजूद थी। डीएम श्री त्रिपाठी द्वारा कार्यदायी संस्था के अधि.अभि. को निर्देश दिया गया कि सी.एम.आई.एस. पोर्टल पर पूर्व से अंकित निर्माण कार्य पूर्ण करने की तिथि को शीघ्र संशोधित कराते हुए अवगत करायें एवं परियोजना का निर्माण कार्य मानक गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा के अन्दर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर कार्यदायी संस्था के सहायक अभियन्ता व ठेकेदार मौजूद रहे।

# गांव में घुसा तेंदुआ, ग्रामीणों ने खदेड़ा

- रेस्क्यू से पहले खेतों में भागा, वन विभाग ने दी चेतावनी



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के नानपारा रेंज स्थित बागापुरवा गांव में मंगलवार शाम एक तेंदुआ घुस आया। खेत में टहलते देख ग्रामीणों ने उसे लाठी-डंडों से खदेड़ना शुरू किया, जिसके बाद तेंदुआ गांव के एक पेड़ पर चढ़ गया। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन रेस्क्यू के प्रयास के दौरान तेंदुआ पेड़ से कूदकर खेतों में भाग गया। वन विभाग ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की चेतावनी दी है। यह घटना नानपारा कोतवाली इलाके के बागापुरवा गांव की है। मंगलवार शाम जब तेंदुआ खेत में टहल रहा था, तभी रास्ते से गुजर रहे दो लोगों ने उसे देखा और शोर मचाया। शोर सुनकर ग्रामीण लाठी-डंडों के साथ तेंदुए के पीछे दौड़े। इसी दौरान तेंदुआ खेत से करीब पांच सौ मीटर दूर एक पेड़ पर चढ़ गया। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और तेंदुए को सुरक्षित नीचे उतारने का प्रयास करने लगी। हालांकि, देर रात तक तेंदुआ पेड़ पर ही रहा और रेस्क्यू अभियान सफल नहीं हो सका। रेस्क्यू के प्रयासों के बीच ही तेंदुआ अचानक पेड़ से कूदकर पास के खेतों में भाग निकला। वन विभाग ने अब ग्रामीणों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और अकेले खेतों में न जाएं, क्योंकि तेंदुआ अभी भी इलाके में हो सकता है।

## पंचायत चुनाव से पहले मतदाता सूची दुरुस्त करने में जुटा प्रशासन

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज। ग्राम पंचायत चुनाव को दैखते हुए प्रशासन ने निर्वाचन नामावली के संक्षिप्त संशोधन का काम तेजी से शुरू कर दिया है। बीस जनवरी तक चलने वाले इस अभियान में बुधवार तक दो सौ ग्राम पंचायतों का संशोधन के लिए फार्म आ ग ए हैं। इसकी जानकारी तहसील उतरौला के रजिस्ट्रार निर्वाचन रघुराज मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत में तैनात बीएलओ गांव में फार्म 2,3,4 को भरवाकर तहसील में जमा कराया जा रहा है। इसमें मृतक मतदाता, नये युवा मतदाता व बाहर रहने वाले मतदाता तथा दो जगह मतदाता सूची में दर्ज मतदाताओं के फार्म मिल रहे हैं। उस पर आपत्ति आमंत्रित कर मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। गांव में इसकी जानकारी होने पर पंचायत चुनाव लडने वाली भावी उम्मीदवारो ने अपनी रणनीति बनाकर अधिक से अधिक समर्थकों का फार्म भरवाने में जुट गए हैं।

# जनपद में दो और नए परिवार नियोजन काउंसलिंग कॉर्नर की शुरुआत

- योग्य दंपति को मिलेगी परिवार नियोजन परामर्श की सुविधा

**बहराइच समृद्धि न्यूज़** जिले में परिवार नियोजन और मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए अब गैर-'उम्मीद' ब्लॉकों में भी परिवार नियोजन काउंसलिंग कॉर्नर (एफपीसीसी) की सुविधा शुरू कर दी गई है। इस क्रम में मोबियस फाउंडेशन, स्वास्थ्य विभाग और उम्मीद परियोजना के संयुक्त तत्वावधान में चित्तौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और हजूरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नए एफपीसीसी का शुभारंभ किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि इन काउंसलिंग कॉर्नरों का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को सुरक्षित परिवार नियोजन, गर्भनिरोधक विकल्पों, प्रजनन स्वास्थ्य और मातृ-शिशु स्वास्थ्य से संबंधित सही व विश्वसनीय जानकारी उपलब्ध कराना है। ÷ग्रामीण क्षेत्रों में कई बार भ्रांतियों और जानकारी की कमी के कारण परिवार नियोजन सेवाओं का लाभ नहीं मिल पाता। अब लोगों को उनके नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र में प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों से सीधे काउंसलिंग मिलेगी, जिससे उन्हें समय पर सही निर्णय लेने में मदद मिलेगी। चित्तौरा और हजूरपुर के एफपीसीसी में प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मी नियमित रूप से ओपीडी में आए योग्य दंपति की व्यक्तिगत काउंसलिंग, करेंगे। इससे न केवल जागरूकता बढ़ेगी, बल्कि परिवार नियोजन को लेकर मौजूद सामाजिक झिझक और गलतफहमियाँ भी कम होंगी।



### जिले में कुल एफपीसीसी की स्थिति

पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि राम बरन यादव ने बताया कि जिले में अब तक उम्मीद ब्लॉकों में 15 एफपीसीसी और नॉन-उम्मीद ब्लॉकों में 3 एफपीसीसी स्थापित हो चुके हैं। इस तरह बहराइच जिले में कुल 18 परिवार नियोजन काउंसलिंग कॉर्नर सक्रिय रूप से संचालित हो रहे हैं, जिससे परिवार नियोजन सेवाओं की पहुँच काफी व्यापक हो गई है।

### किसे मिलेगा लाभ

इन एफपीसीसी से 15 से 49 वर्ष आयु वर्ग के योग्य दंपतियों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्हें सुरक्षित गर्भनिरोधक विकल्प, परामर्श और आवश्यक जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध होगी, जिससे अनियोजित गर्भधारण में कमी और मातृ-शिशु स्वास्थ्य में सुधार की उम्मीद है।

### हर ब्लॉक व अधिकतम समुदाय तक पहुंचे सेवाएं

सीएमओ डॉ. संजय शर्मा ने कहा हमारा लक्ष्य है कि हर ब्लॉक और अधिकतम समुदाय तक गुणवत्तापूर्ण परिवार नियोजन सेवाएँ पहुँचें। एफपीसीसी के माध्यम से हम सुरक्षित मातृत्व, स्वस्थ परिवार और जागरूक समाज की दिशा में मजबूत कदम बढ़ा रहे हैं।

# फत्तेपुर गांव में खुले में रखा ट्रांसफार्मर बना खतरा, ग्रामीणों में दहशत

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

अचलपुर चौधरी विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत फत्तेपुर गांव में आबादी के बीच खुले में रखा विद्युत ट्रांसफार्मर कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है, लेकिन जिम्मेदार विभाग इस गंभीर समस्या पर अब तक ध्यान नहीं दे रहा है। ट्रांसफार्मर के चारों ओर किसी भी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था न होने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

ग्रामीणों के अनुसार ट्रांसफार्मर गांव की आबादी के बीच स्थित है, जहां से बच्चों, महिलाओं और मवेशियों का प्रतिदिन आवागमन होता है। खुले तार और बिना सुरक्षा घेरे के ट्रांसफार्मर से करंट फैलने या आग लगने जैसी घटनाओं की आशंका बनी रहती है, जिससे जान-माल के भारी नुकसान से इनकार नहीं किया जा सकता।

स्थानीय निवासी अब्दुल हमीद, वलीउल्लाह, निजाम, सराफत हमीद सहित रमेश कुमार, दानिश, गुलाब, राकेश कुमार, मुकेश, मोहम्मद जाफर, अब्दुल बारी, मोहम्मद खालिद और नसीम राईनी ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार मौखिक रूप से संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।



ग्रामीणों ने प्रशासन और विद्युत विभाग से मांग की है कि ट्रांसफार्मर को सुरक्षित स्थान पर स्थापित कर उसके चारों ओर मजबूत जाली या बैरिकेडिंग कराई जाए, ताकि किसी भी संभावित हादसे को रोका जा सके। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई तो किसी बड़ी दुर्घटना की पूरी जिम्मेदारी विभाग की होगी।

इस संबंध में उपखंड अधिकारी (एसडीओ) एस.के. वर्मा ने बताया कि मामले की जांच कर बैरिकेडिंग कराए जाने के लिए उच्च अधिकारियों को पत्र लिखा जाएगा।

# मिशन शक्ति के तहत सरकारी योजनाओं व हेल्पलाइन की दी गई जानकारी

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

महिला सुरक्षा और सामाजिक जागरूकता को मजबूत करने के उद्देश्य से जनपद बलरामपुर में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के पंचम चरण की शुरुआत बुधवार को कोतवाली उतरौला क्षेत्र के ग्राम भुरकुंडा में जागरूकता चौपाल के माध्यम से की गई। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं और पुरुषों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का आयोजन पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय तथा क्षेत्राधिकारी राघवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में किया गया। प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह के नेतृत्व में एंटी रोमियो टीम और मिशन शक्ति टीम ने गांव में पहुंचकर लोगों से सीधा संवाद किया। मिशन शक्ति टीम प्रभारी महिला उपनिरीक्षक शालिनी सिंह ने टीम के अन्य सदस्यों के साथ ग्रामीणों को दहेज प्रथा और बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराइयों के कानूनी और सामाजिक दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि बाल विवाह कानूनन अपराध है और दहेज लेना-देना दोनों ही दंडनीय हैं। चौपाल के दौरान मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना, वृद्धा एवं विधवा पेंशन योजनाओं सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही 1090, 112, 108, 102, 1930, 1076 और 1098 जैसे महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की उपयोगिता समझाई गई। पुलिस टीम ने महिलाओं से अपील की कि वे किसी भी समस्या या उत्पीड़न की स्थिति में निडर होकर महिला हेल्प डेस्क या मिशन शक्ति केंद्र से संपर्क करें। कार्यक्रम ने गांव में महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता का सकारात्मक संदेश दिया।



# फिरोजाबाद बनेगा विख्यात धार्मिक पर्यटन केंद्र : जयवीर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

पर्यटन विभाग ने फिरोजाबाद के बहुचर्चित पसीना वाले हनुमान मंदिर के पर्यटन के विकास का निर्णय लिया है। 2000 वर्ष प्राचीन माने जाने वाले ऐतिहासिक मंदिर को शासन स्तर से अनुमोदित कार्य योजना के अंतर्गत एक करोड़ रुपए की लागत से विकसित किया जाएगा।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि विभाग का यह प्रयास फिरोजाबाद को धार्मिक पर्यटन के मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में अहम कदम है। फिरोजाबाद से कुछ किलोमीटर की दूरी पर यमुना नदी के तट पर स्थित प्रसिद्ध पसीना वाले हनुमान मंदिर का समग्र पर्यटन विकास किया जाएगा।

- पसीना वाले हनुमान मंदिर का होगा कायाकल्प, सुंदरीकरण पर खर्च होंगे एक करोड़
- अपनी तरह के अनूठे मंदिर में स्थित हनुमान जी की प्रतिमा से वर्ष भर निकलता रहता है पसीना



परियोजना के अंतर्गत मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण, आधुनिक प्रकाश व्यवस्था, पर्यटक सूचना केंद्र, स्वच्छ शौचालय, पेयजल सुविधा तथा श्रद्धालुओं के लिए विश्राम स्थलों का निर्माण किया जाएगा। पसीना वाले हनुमान मंदिर के बारे में मान्यता है कि यहां आस्था तर्क से आगे निकल जाती है। अपनी तरह के इस अनूठे मंदिर में स्थित हनुमान जी की प्रतिमा से वर्ष भर पसीना निकलता रहता है।

सर्दियों में भी प्रतिमा पर पसीने की बूंदें श्रद्धालुओं को आश्चर्यचकित करती है। इसी चमत्कारी विशेषता के कारण लोग मंदिर का दर्शन करने दूर-दूर से आते हैं। पर्यटन के लिहाज से फिरोजाबाद महत्वपूर्ण जिला है। लखनऊ और आगरा रूट से जुड़े होने की वजह से जिले में पर्यटकों की आवक बढ़ी है।

2023 में जनपद आने वाले पर्यटकों की संख्या 4.44 से अधिक थी, जो साल 2024 में बढ़कर 6.48 लाख के पार चला गया। वर्ष 2025 के जनवरी से जून महीने तक 4.06 लाख से अधिक पर्यटकों ने जिले की सैर की। पर्यटन विभाग का अनुमान है कि 2025 के वर्षांत तक यह आंकड़ा 7 लाख के पार जा सकता है। बड़ी संख्या में पर्यटक आगमन से न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है, बल्कि रोजगार के रास्ते खुले हैं।

फिरोजाबाद आस्था, ऐतिहासिक धरोहर और प्रकृति की गोद में सिमटा जनपद है। यह अब केवल कांच नगरी तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि तेजी से उभरते ईको पर्यटन गंतव्य के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान गढ़ रहा है। जिले में जैन मंदिर, वैष्णो देवी मंदिर और माता टीला मंदिर जैसे आस्था के केंद्रों से लेकर कोटला का किला, चंदवार गेट और फिरोज शाह के मकबरे जैसी ऐतिहासिक विरासत पर्यटकों को आकर्षित करती है ईको टूरिज्म विकास बोर्ड द्वारा विकसित रपड़ी ईको स्पॉट, रूरिया स्वरूपपुर आज प्रकृति प्रेमियों और पर्यटकों के बीच खास आकर्षण बनकर फिरोजाबाद को पर्यटन मानचित्र को गति दे रहे हैं।

# बजट सत्र में बिजली बिल व निजीकरण का वित्तीय पैकेज लाने की तैयारी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के केन्द्रीय पदाधिकारियों ने बताया कि केन्द्र सरकार इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 और बिजली के निजीकरण हेतु वित्तीय पैकेज का प्रस्ताव संसद के आगामी बजट सत्र में लाने की तैयारी में है।

संघर्ष समिति ने कहा है कि बिजली के निजीकरण का कोई भी प्रस्ताव बिजली कर्मचारियों को स्वीकार्य नहीं है और इससे अनावश्यक तक टकराव पैदा होगा। संघर्ष समिति ने बताया की बिजली के मामलों की संसदीय समिति की 18 दिसंबर को बैठक हुई थी। इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने की थी । इस बैठक में ही यह निर्णय लिया गया है कि

- संघर्ष समिति ने कहा बिजली के निजीकरण का कोई भी प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं



इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 को संसद के बजट सत्र में पारित कराया जाए। संघर्ष समिति ने बताया कि इस संबंध में केंद्रीय वित्त मंत्री नर्मला सीतारमण और केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर के बीच सहमति हो गई है कि विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण के लिए संसद के बजट सत्र में एक वित्तीय पैकेज लाया जाएगा। संघर्ष समिति ने बताया कि इस वित्तीय पैकेज के तहत प्रदेश सरकारों को तीन विकल्प दिए जाएंगे। पहला विकल्प यह होगा कि राज्य के विद्युत वितरण निगमों की 51 प्रतिशत इक्विटी बेंच दी जाए और विद्युत वितरण निगमों को पीपीपी मॉडल पर चलाया जाए। दूसरा विकल्प यह होगा कि विद्युत वितरण निगमों की 26 प्रतिशत इक्विटी बेची जाए किंतु प्रबंधन निजी क्षेत्र का होगा। तीसरा विकल्प यह होगा कि विद्युत वितरण निगमों को स्टॉक एक्सचेंज में एनलिस्ट किया जाए। संघर्ष समिति ने बताया कि बजट सत्र में लाए जानेवाले वित्तीय पैकेज की इन तीनों शर्तों का एक ही तात्पर्य है बिजली का निजीकरण।

## खबरें एक नजर में

### पश्चिमी यूपी में शीतलहर का कहर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।** उत्तर प्रदेश में कड़ाके की ठंड का सिलसिला जारी है। राजधानी लखनऊ में बुधवार को इस मौसम की अब तक की सबसे ठंडी सुबह दर्ज की गई। शहर में न्यूनतम तापमान 5.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो चार जनवरी को दर्ज छह डिग्री सेल्सियस के पिछले न्यूनतम स्तर से 0.4 डिग्री कम है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में तापमान और अधिक गिर गया। मुजफ्फरनगर प्रदेश का सबसे ठंडा जिला रहा, जहां न्यूनतम तापमान गिरकर 2.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। यह सामान्य से 3.5 डिग्री कम है और बीते दो वर्षों में दर्ज किया गया सबसे कम तापमान है। मेरठ में न्यूनतम तापमान 2.9 डिग्री (सामान्य से 3.4 डिग्री कम), बरेली में तीन डिग्री, कानपुर शहर में चार डिग्री और हरदोई में 4.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि रात के तापमान में गिरावट के कारण पश्चिमी उत्तर प्रदेश में शीतलहर और पाला पड़ने की स्थिति बनी हुई है, हालांकि दिन में मौसम अपेक्षाकृत सुहावना रहने की संभावना है।

### फेमिली मेडिसिन कोर्स होगा संचालित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** वीरांगना झलकाराबाई महिला चिकित्सालय, हजरतगंज में अब फेमिली मेडिसिन कोर्स संचालित होगा जो प्रक्रियाधीन है। इस सन्दर्भ में डीएनबी (डिप्लोमेट ऑफ नेशनल बोर्ड) एसेसर टीम द्वारा चिकित्सालय में संचालित होने वाले पाठ्यक्रम की पढ़ाई हेतु चिकित्सालय के समस्त विभागों का भौतिक निरीक्षण किया गया। इस पाठ्यक्रम के संचालित होने से चिकित्सालय को स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं बाल रोग विशेषज्ञ प्राप्त होगें, जिससे आम जनमानस को इसका सीधा लाभ प्राप्त होगा। उक्त टीम का नेतृत्व डा.(कर्नल) संजीव सतीश श्रीवास्तव तथा उनके सहयोग के लिए डीएनबी एनएचएम की राज्य स्तरीय टीम डा.शैला परीवन, डा. रवि, एवं डा. हमजा भी मौजूद थीं। निरीक्षण के समय डा.राजेन्द्र प्रसाद, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डा.उषा यादव, वरिष्ठ परामर्शदाता, डा.शैलेन्द्र सिंह, निश्चेतक, डा.दीपक कुमार आजाद, चिकित्सालय प्रबन्धक तथा वायलेट दूबे, सहायक नर्सिंग अधीक्षिका व अन्य स्टाफ भी मौजूद रहे।

### युवक की हत्या कर शव जलाने वाले दो युवक गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में सुशांत गोल्फसिटी पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर का खुलासा करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने युवक की हत्या कर पहचान और सबूत मिटाने के लिए शव को जला दिया था। पुलिस ने इस सनसनीखेज हत्याकांड में प्रयुक्त चाकू, घटना में इस्तेमाल स्कूटी और मोबाइल फोन बरामद किए हैं। डीसीपी साउथ ने बुधवार को इस मामले की जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, 9 जनवरी 2026 को भागरथी एन्क्लेव के पास एक जला हुआ शव मिला था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। बाद में मृतक की पहचान सचिन तिवारी, पुत्र स्वर्गीय श्याम तिवारी, निवासी टिकरा जुगरात, थाना नगराम, लखनऊ के रूप में हुई। मृतक के भाई विपिन तिवारी की तहरीर पर 13 जनवरी 2026 को सुशांत गोल्फसिटी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसके बाद पुलिस ने जांच में तेजी लाई। पुलिस उपायुक्त (दक्षिणी) के निर्देशन में पांच टीमें गठित की गईं। इन टीमों ने तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपियों का पता लगाया। पुलिस ने निहाल बाल्मीकि और करन बाल्मीकि को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उनके पास से एक चाकू, होंडा एक्टिवा स्कूटी और दो एंड्रॉइड मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफकानूनी कार्रवाई की जा रही है। मृतक सचिन तिवारी पर पहले से छह मुकदमे दर्ज थे। डीसीपी ने इस मामले को सुलझाने वाली पुलिस टीम को पच्चीस हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा की है।

### 52 दुकानें हाउस टैक्स बकाया होने पर सील

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में बकाया हाउस टैक्स की वसूली के लिए नगर निगम ने जोन–7 में सख्ती बरती है। बुधवार को 52 कामर्शियल दुकानों को सील कर दिया गया। इन पर कुल 24 लाख से अधिक का टैक्स बकाया था। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर जोनल अधिकारी रामेश्वर प्रसाद ने टीम के साथ में कार्रवाई की। बीबीडी कॉलेज के सामने साईं मार्केट की 33 दुकानों को सील किया गया। इन पर करीब 14 लाख रुपए बकाया थे। जोन–7 के कैलाश कुंज ब्लॉक–ए, इंदिरा नगर, कंचना बिहारी मार्ग, कल्याणपुर समेत अन्य इलाकों में 19 और दुकानों पर कार्रवाई हुई। इन पर 10 लाख से ज्यादा का बकाया था। कुल 52 प्रतिष्ठानों पर सील लगाई गई। नगर निगम अधिकारियों ने कहा कि यह कार्रवाई नियमों के अनुरूप है। बार–बार नोटिस के बावजूद भुगतान न करने वालों के खिलाफसख्ती जारी रहेगी। जोनल अधिकारी रामेश्वर प्रसाद ने अपील की व्यापारी और संपत्ति मालिक समय पर बकाया जमा करें, ताकि आगे परेशानी न हो।

### समाचार पत्रों से जीएसटी हटाने के लिए वित्त राज्य मंत्री को पत्र

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** समाचार पत्र और पत्रिकाओं से जीएसटी हटाने की मांग उठी। उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति पुनर्गठित ने वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी को समाचार पत्रों से जीएसटी हटाने के लिए पत्र सौंपा। मंत्री ने समुचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। समिति के संयोजक प्रभात त्रिपाठी ने देश के वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी से मुलाकात करके उन्हें देश में प्रकाशित समाचार पत्र ओर पत्रिकाओं पर लग रहे जीएसटी को पूरी तरह से मुक्त कर उसे शून्य स्लैब में लाने के लिए अनुरोध पत्र सौंपा। मांग की गई कि न्यूज पेपर में इस्तेमाल होने वाले कागज और समाचार पत्र ओर पत्रिकाओं में लग रही जीएसटी हटाई जाए। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने आश्वासन दिया कि इस प्रकरण में गंभीरता से विचार करके वित्त मंत्री सीता रमन से विचार विमर्श करके इस समस्या को दूर करने का प्रयास करेंगे। पत्र की प्रति देश के सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव को और अध्यक्ष प्रेस काउंसिल ऑफइंडिया को भी भेजी जा रही है।

# पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा को सौंपा ज्ञापन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

जवाहर भवन इन्दिरा भवन कर्मचारी महासंघ के प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व उपमुख्यमंत्री व राज्य सभा सांसद डॉव दिनेश शर्मा को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि जवाहर भवन इन्दिरा भवन में सभी सुविधाएं होने के बावजूद भी विभागों को सुदूर अन्यत्र जगह पर किराए पर लेकर अनावश्यक शिफ्ट किया जा रहा है जिस पर लाखों रुपए महीने का किराया देना पड़ेगा अभी हाल में आयुष विभाग तथा चिकित्सा शिक्षा निदेशालय शिफ्ट करने की तैयारी हो रही है जिस पर महासंघ ने पुरजोर विरोध करते हुए कहा है कि इस साजिश को तुरंत रोका जाए और यह भी बताना है कि जवाहर भवन इन्दिरा भवन में जो भी विभाग हैं उनका कोई पैसा नहीं देना पड़ता है फिर ऐसा क्यों किया जा रहा है जबकि



सचिवालय नजदीक होने के कारण शासकीय कार्य करने व बैठकों में आसानी और बाहर से आने वाली जनता को बहुत आसानी होती है।

पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि इससे पूर्व पंचायती राज निदेशालय, पेंशन निदेशालय, भूगर्भ विभाग, तथा शारदा सहायक समादेश विभागों को बाहर ले जाया गया है जिस पर शिफ्ट करने पर सरकार का वित्तीय भार बढ़ाया गया है। पत्र में यह भी उल्लेख है कि जहां एक ओर विभागों को किराए पर लेकर खाली कराया जा रहा है वहीं दूसरी ओर क्षेत्रीय कार्यालयों को शिफ्ट कराया जा रहा है जो समझ के परे हैं। महासंघ के प्रतिनिधि मंडल ने माननीय राज्यसभा सांसद डॉव दिनेश शर्मा को ज्ञापन सौंपते हुए उल्लिखित सभी तथ्यों पर विस्तृत चर्चा की है कि आयुष विभाग तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग को शिफ्ट करने में जो लाखों रुपए महीने का खर्च होगा इससे अनावश्यक रूप से सरकार पर वित्तीय भार पड़ेगा जिसे रोका जाए। जिस पर कार्यवाही करने का पूर्ण आश्वासन दिया है। महासंघ ने यह भी अवगत कराया है कि विभागों को किराए पर शिफ्ट कराए जाने की साजिश को रोकने के लिए माव मुख्यमंत्री, माव रक्षा मंत्री, उपमुख्यमंत्री चिकित्सा शिक्षा, मंत्री आयुष विभाग, अपर मुख्य सचिव वित्त, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा एवं अपर मुख्य सचिव आयुष विभाग को पत्र लिखा गया है। सभी प्रतिनिधियों को व्यक्तिगत मिलकर के ज्ञापन भी दिए जाएंगे। प्रतिनिधिमंडल में महासंघ के अध्यक्ष सतीश कुमार पांडे, राज्य कर्मचारी महासंघ के कार्यवाहक अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, कार्यकारी महामंत्री सुशील कुमार बच्चा, आकिल सईद बब्लू, दिनेश कुमार सिंह, संजीव त्रिपाठी, अमित शुक्ला, अभिनव त्रिपाठी, उमंग निगम आदि शामिल रहे।

# भाजपा का बहिष्कार ड्रामा, अब परदेसी ताकतों का कर रही स्वागत : अखिलेश

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा और उसके संगी-साथी स्वदेशी का नारा लगाते-लगाते अब परदेसी हो गए हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग कल तक चीन से आयात और चीनी सामान के बहिष्कार की बातें कर रहे थे, वही आज खुलेआम उसका स्वागत कर रहे हैं। बुधवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए श्री यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा के वैचारिक उस्ताद पड़ोसी देश से एकदलीय व्यवस्था का ष्मास्टर क्लासष् ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस स्तर तक अब मुलाकात पहुँच गई है, उससे साफहै कि इसकी तैयारी कई वर्षों से चल रही थी। ऐसे में



बहिष्कार का यह सारा ड्रामा केवल समर्थकों की आँखों में धूल झोंकने के लिए किया गया। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा समर्थक, जो चीनी सामान के बहिष्कार के लिए घर-घर जाकर प्रचार कर रहे थे, आज खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा के ये समर्थक श्रंगे सियारश् की कहानी भूल गए थे, जिसका सच बारिश में सामने आ जाता है। अखिलेश यादव ने भाजपा की नीतियों और कथनी-करनी के अंतर पर सवाल उठाते हुए जनता से सच समझने की अपील की है।

# दयानिधि मारन मानसिक दिवालियापन के शिकार हैं : कामिनी शर्मा

- सार्वजनिक रूप से माफी मांगें मारन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** एनसीपी की उत्तर प्रदेश महासचिव कामिनी शर्मा ने द्रमुक सांसद दयानिधि मारन के उत्तर भारतीय महिलाओं को लेकर दिए गए बयान को घिनौना, अपमानजनक और मानसिक दिवालियापन का परिचायक बताया है। उन्होंने कहा कि यह बयान महिलाओं के सम्मान पर नहीं, बल्कि पूरे उत्तर भारत की अस्मिता पर सीधा हमला है।

कामिनी शर्मा ने तीखे शब्दों में कहा कि दयानिधि मारन यह तय करने वाले कौन होते हैं कि उत्तर भारत की महिलाएं क्या हैं और क्या नहीं? क्या उन्हें हमारी बेटियों की उपलब्धियां दिखाई नहीं देतीं, या फिर आंखों पर क्षेत्रीय घमंड और राजनीतिक नफरत की पट्टी बंधी हुई है? उन्होंने आगे कहा कि उत्तर भारत की महिलाएं रसोई तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे राष्ट्रपति भवन से लेकर रणभूमि, ओलंपिक स्टेडियम, अंतरिक्ष अनुसंधान और प्रशासनिक सेवाओं तक देश का नेतृत्व कर रही हैं। मारन का बयान उन लाखों महिलाओं की मेहनत, संघर्ष और आत्मसम्मान का अपमान है। कामिनी शर्मा ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब कुछ नेता दक्षिण–उत्तर की खाई को चौड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन उन्हें समझ लेना चाहिए कि भारत की महिलाएं किसी एक राज्य की जागीर नहीं हैं। दयानिधि मारन को तुरंत सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। अगर ऐसा नहीं किया गया, तो यह साफ हो जाएगा कि द्रमुक महिलाओं के सम्मान की नहीं, बल्कि समाज को बांटने की राजनीति करती है। एनसीपी इस अपमान को स्वीकार नहीं करेगी।

# भव्य रूप से मनाया गया 10वां सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

राजधानी लखनऊ में 10वें सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस का आयोजन गरिमा, गौरव और कृतज्ञता के भाव के साथ किया गया।

इस अवसर पर मुख्यालय मध्य उत्तर प्रदेश सब एरिया के तत्वावधान में सूर्य ऑडिटोरियम में एक मेगा पूर्व सैनिक रैली का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम देश के पूर्व सैनिकों की निःस्वार्थ सेवा, बलिदान और उनकी स्थायी विरासत को समर्पित एक सशक्त श्रद्धांजलि के रूप में सामने आया।

रैली के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल रहे, जिन्होंने पूर्व सैनिकों से आत्मीय संवाद किया और राष्ट्र के प्रति उनके अतुलनीय योगदान को नमन किया।



कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट जनरल नवीन सचदेवा, चीफ ऑफ स्टाफ, मुख्यालय सेंट्रल कमांड तथा एल. वेंकटेश्वरलु, आईएएस, अपर मुख्य सचिव (सामाजिक कल्याण एवं सैनिक कल्याण), उत्तर प्रदेश सरकार की गरिमामयी उपस्थिति ने पूर्व सैनिक कल्याण के क्षेत्र में सशस्त्र बलों और नागरिक प्रशासन के बीच सशक्त समन्वय को दर्शाया। लखनऊ एवं आसपास के क्षेत्रों से 700 से अधिक पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों ने रैली में सहभागिता की, जिससे सेवारत सैनिकों और उनके विस्तृत पूर्व सैनिक परिवार के बीच गहरे भावनात्मक संबंध और पारस्परिक विश्वास का पुनः पुष्टि हुई। पूर्व सैनिकों का गर्मजोशी और सम्मान के साथ स्वागत किया गया, जो राष्ट्र की ओर से उनके आजीवन समर्पण और सेवा के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक था।

कार्यक्रम स्थल पर पूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान हेतु एकीकृत रूप से विभिन्न सुविधा एवं कल्याण तंत्र स्थापित किए गए। इनमें शिकायत निवारण काउंटर, भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) सहायता डेस्क, चिकित्सीय परीक्षण सुविधाएं तथा विभिन्न अधिकारों और कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित मार्गदर्शन शामिल था। उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक कल्याण निगम द्वारा एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई, जिसमें पूर्व सैनिकों के पुनर्वास, कल्याण एवं सशक्तिकरण से जुड़ी वर्तमान पहल और भविष्य की संभावनाओं को रेखांकित किया गया।

# योगी सरकार में पीड़ितों को न्याय सर्वोपरि : कश्यप

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने बुधवार को मेरठ के सरधना क्षेत्र में युवक सोनू कश्यप की हत्या की दुखद घटना के बाद मृतक के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। मंत्री ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए आश्वस्त किया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार पीड़ित परिवार के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है और दोषियों के विरुद्ध सख्त

- मंत्री ने मृतक सोनू के परिजनों को बंधाया ढांढस, दिये एक लाख रुपये



कार्रवाई की जाएगी।मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को घटना की निष्पक्ष, गंभीर एवं त्वरित जांच के निर्देश दिए। योगी सरकार कानून के शासन और जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है, अपराधी बख्शा नहीं जाएगा। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने मृतक सोनू के परिजनों को अपनी ओर से एक लाख रुपये की निजी आर्थिक सहायता प्रदान की।

# यात्री प्रबंधन व आवागमन व्यवस्था को लेकर दिये दिशा-निर्देश

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

माघ मेला-2026 के दौरान प्रमुख स्नान पर्वों पर श्रद्धालुओं की संभावित भारी भीड़ को दृष्टिगत रखते हुए अपर मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल शूरवीर सिंह चौहान द्वारा आज प्रयाग जंक्शन एवं फाफामऊ रेलवे स्टेशन का विस्तृत निरीक्षण किया गया।

इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित, सुगम एवं सुव्यवस्थित यात्रा सुविधा उपलब्ध कराना तथा भीड़ प्रबंधन की तैयारियों की प्रभावी समीक्षा करना था। निरीक्षण के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक ने स्टेशनों पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं, होल्डिंग एरिया, प्रवेश एवं निकास मार्गों, अतिरिक्त टिकट काउंटरों, कैटरिंग स्टॉल, रू-ञ्रस (मोबाइल अनरिजर्व्ड टिकटिंग सिस्टम),



प्लेटफार्मों की स्थिति, फूड वैन , साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर तथा आपातकालीन प्रबंधन व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएँ निरंतर निगरानी में रखी जाएँ, ताकि किसी भी स्थिति में यात्रियों को असुविधा न हो। अपर मंडल रेल प्रबंधक ने विशेष रूप से भीड़ नियंत्रण, यात्रियों के मार्गदर्शन हेतु संकेतक बोर्डों की स्पष्टता, सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली की प्रभावशीलता, चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता तथा आपातकालीन सेवाओं की तत्परता पर बल दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, बच्चों एवं दिव्यांग यात्रियों को प्राथमिकता के आधार पर सहायता उपलब्ध कराई जाए। मंडल के प्रमुख स्टेशनों प्रयाग जंक्शन, फाफामऊ, वाराणसी, अयोध्या कैंट तथा अयोध्या धाम में 278 अतिरिक्त वाणिज्य कर्मचारियों एवं रेलवे सुरक्षा बल के जवानों की तैनाती की गई है। इसके साथ ही स्टेशन परिसर, प्लेटफार्मों एवं प्रवेश-निकास मार्गों पर निरंतर गश्त, सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी तथा आई सीसी से रियल टाइम मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है।

**प्रयास** | निर्माण श्रमिकों के हित में योगी सरकार की पहल

# लेबर अड्डों पर लगे जागरूकता व पंजीयन शिविर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

योगी सरकार द्वारा निर्माण श्रमिकों के सामाजिक सुरक्षा कवच को मजबूत करने तथा कल्याणकारी योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ उपलब्ध कराने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की ओर से पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के कल्याण हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं श्रमिकों के पंजीयन,नवीनीकरण के उद्देश्य से बुधवार को लेबर अड्डामोहनलालगंज, लेबर अड्डा बुद्धेश्वर तथा लेबर अड्डा बाराबिरवा, आशियाना, लखनऊ में जागरूकता अभियान एवं पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में श्रमिकों के जीवन स्तर में सुधार, उनके बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य सुरक्षा तथा सामाजिक सम्मान सुनिश्चित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है और इन्हीं प्रयासों के अंतर्गत ऐसे शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं। इस जागरूकता अभियान के माध्यम से बड़ी संख्या में श्रमिकों ने योजनाओं के प्रति रुचि दिखाई और पंजीयन प्रक्रिया का लाभ उठाया।शिविर के माध्यम से निर्माण श्रमिकों को कन्या विवाह सहायता योजना, मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना, संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना,



- निर्माण श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा व योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ देना योगी सरकार का संकल्प

निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना, गंभीर बीमारी सहायता योजना तथा अटल आवासीय विद्यालय योजना सहित बोर्ड द्वारा संचालित प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान मौके पर ही पात्र पाए गए श्रमिकों का पंजीकरण भी कराया गया।जागरूकता शिविर में विशेष रूप से अटल आवासीय विद्यालय योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु कक्षा-6 एवं कक्षा-09 में प्रवेश के लिए अधिकाधिक आवेदन कराने पर जोर दिया गया। बोर्ड के अंतर्गत न्यूनतम तीन वर्ष की अवधि पूर्ण कर चुके श्रमिकों को अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए आवेदन करने हेतु प्रेरित किया।शिविर के आयोजन में विज्ञान फाउंडेशन एवं अन्य कार्यदायी संस्थाओं के साथ श्रम प्रवर्तन अधिकारी शक्तिराय, संतोष कुमार एवं सुनील कुमार की सक्रिय उपस्थिति रही।

अधिकारियों ने श्रमिकों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु समय से पंजीयन एवं नवीनीकरण कराने की आवश्यकता पर बल दिया। अपर श्रमायुक्त, लखनऊ क्षेत्र, कल्पना श्रीवास्तव ने बताया कि बोर्ड द्वारा संचालित किसी भी योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए निर्माण श्रमिक का बोर्ड के अंतर्गत पंजीकृत होना एवं पंजीयन का नवीनीकरण अनिवार्यहै। श्रमिक पंजीकरण, नवीनीकरण सीएससी.ल ई-डिस्ट्रिक्ट सेंटर, सीएससीई-गवर्नेंस सेंटर अथवा बोर्ड की वेबसाइट नचइवब्.पद के माध्यम से करा सकते हैं।



## खबरें एक नजर में

### आहार किट बांटी

**शाहजहांपुर।** बुधवार को डालमिया भारत फाउंडेशन निगोही की तरफ से गोद लिए गए 50 टीबी मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निगोही में पौष्टिक आहार किट का वितरण किया गया। जिसमें अत्रंत कुमार डुब्लिश लीगल हेड, आदित्य मोहन गुप्ता एचआरहेड, ब्रह्मपाल सिंह तथा सीएसआर टीम से सरोज कुमार मिश्रा उपस्थित रहे।

### उड़ान एक उम्मीद संस्था ने बच्चों को बांटी पतंगें



**शाहजहांपुर।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर उड़ान एक उम्मीद संस्था द्वारा एक सराहनीय सामाजिक पहल करते हुए बाल गृह में रह रहे बच्चों के बीच रेवड़ी, मूंगफली, फल एवं पतंगों का वितरण किया गया। इस आयोजन में बच्चों के चेहरों पर विशेष खुशी और उत्साह देखने को मिला। जैसे ही बच्चों के हाथों में पतंगें पहुँचीं, उनकी मुस्कान ने पूरे वातावरण को आनंद और उमंग से भर दिया। बच्चों की हँसी, खेल-कूद और पतंग उड़ाने की खुशी ने इस पर्व को और भी यादगार बना दिया। संस्था के सदस्यों ने बच्चों के साथ मिलकर त्यौहार की खुशियाँ साझा कीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष नीलम गुप्ता ने कहा कि बच्चों के चेहरों पर आई सच्ची मुस्कान ही संस्था की सबसे बड़ी उपलब्धि है और इसी से ऐसे सामाजिक कार्यक्रमों का उद्देश्य पूर्ण रूप से सार्थक होता है। उन्होंने बताया कि उड़ान एक उम्मीद संस्था आगे भी समाज के जरूरतमंद बच्चों के लिए इसी प्रकार के सेवा कार्य करती रहेगी। कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्ष नीलम गुप्ता, सह-सचिव रश्मि गुप्ता एवं महामंत्री शैली गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का समापन बच्चों की खुशी और सकारात्मक वातावरण के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, साथी गंभीर

**पुवायां, शाहजहांपुर।** बुधवार की दोपहर थाना सिंधौली क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जिसमें एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। शाहजहांपुर रोड पर गांव महुआ पाठक के पास पेट्रोल पंप के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान पंकज पुत्र अज्ञात, उम्र करीब 32 वर्ष, निवासी कंधरपुर मोहम्मदी के रूप में हुई है। बताया गया कि पंकज बाइक पर सवार था, जबकि बाइक चला रहा युवक पुष्पेंद्र कुमार उर्फ भूरे, निवासी बउधी मोहम्मदी, अपनी ससुराल जेवां जा रहा था। हादसे के बाद दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने पंकज को मृत घोषित कर दिया। वहीं पुष्पेंद्र की हालत गंभीर देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है और मामले की जांच की जा रही है।

### युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता, थाने में दी गई तहरीर

**पुवायां, शाहजहांपुर।** क्षेत्र से एक युवक के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने थाने में तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायती पत्र के अनुसार, क्षेत्र के गांव टिहरी ढुकरी निवासी पवन त्रिवेदी ने पुलिस को बताया कि उनका 35 वर्षीय भाई अंकुर त्रिवेदी बीते 12 जनवरी को सुबह लगभग 4:30 बजे घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। काफी तलाश के बावजूद जब उसका कोई पता नहीं चला तो परिजनों ने थाने में सूचना दी। पीड़ित ने बताया कि युवक घर से बिना बताए निकला था। परिजनों ने रिश्तेदारों व संभावित स्थानों पर भी खोजबीन की, लेकिन युवक का अब तक कोई सुराग नहीं लग सका। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और संभावित सभी पहलुओं पर छानबीन की जा रही है।

### मंदिर से घंटा चोरी करते ग्रामीणों ने चोर को पकड़ा



**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** अल्हागंज थाना क्षेत्र के गोरा महुआ गाड़ गांव में मंदिर से घंटे चोरी करते हुए एक चोर को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। ग्रामीणों ने चोर वीरेन्द्र को पुलिस के हवाले कर दिया, जिसके पास से चोरी किए गए 10 छोटे-बड़े घंटे बरामद हुए हैं। पुलिस ने बताया कि 14 जनवरी 2026 को पवन वर्मा, निवासी ग्राम गोरा महुआ गाड़, अपने साथी रक्षपाल के साथ वीरेन्द्र (पुत्र स्व. श्यामाचरण, निवासी ग्राम पृथ्वीपुर) को लेकर अल्हागंज थाने पहुंचे। वीरेन्द्र के पास एक थैला था, जिसमें 10 छोटे-बड़े मंदिर के घंटे और एक प्लास मिला। वादी पवन वर्मा ने पुलिस को बताया कि वीरेन्द्र ने उनके गांव के शिव मंदिर से घंटे चोरी किए थे और उसे मौके पर ही पकड़ लिया गया था। इसके बाद उसे चोरी के सामान सहित थाने लाया गया। वादी की तहरीर के आधार पर अल्हागंज थाने में वीरेन्द्र पुत्र स्व. श्यामाचरण, निवासी ग्राम पृथ्वीपुर, थाना मिर्जापुर के खिलाफ मुअसं 009/2026, धारा 303(2)/317(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। अभियुक्त से बरामद सभी 10 घंटे और प्लास को पुलिस ने विधिवत कब्जे में ले लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त वीरेन्द्र को जल्द ही माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

# पुवायां के गांव धारा में बही विकास की धारा

**▸ जनता बोली- अभी तक किसी भी प्रधान ने गांव में नहीं कराया इतना कार्य**

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

इस बार ग्राम प्रधान ने गांव धारा में ग्राम प्रधान ने विकास की गंगा वहा दी। ग्रामीणों का मानना है। जिस गली में किसी भी ग्राम प्रधान ने ने नजर उठाकर नही देखा लेकिन योगी राज में इस बार ग्राम प्रधान ने वह करके दिखलाया जो अभी तक ग्राम पंचायत में किसी भी प्रधान ने नही किया किया। ग्राम प्रधान ने सभी गलियों की गंदगी दूर कर दी साथ ही आवास से लेकर जल, शौचालय निर्माण कार्य भी कराएं।



पुवायां ब्लाक से महज तीन किलोमीटर दूर एक ग्राम पंचायत है। जिसका नाम धारा है। जहां के ग्राम प्रधान छंगा लाल है। इस बार गांव की जनता ने अशिक्षित ग्राम प्रधान को चुना लेकिन वह कर्मठ, ईमानदार है जिन्होंने वो करके दिखलाया है जो अभी तक ग्राम पंचायत में किसी भी प्रधान ने अपनी पूरी पंचवर्षीय में करके नही दिखाया है। ग्राम पंचायत के लोगों ने बताया है कई



बार ग्राम प्रधान के चुनाव हुए ओर कई प्रधान बने लेकिन गांव की स्थिति बहुत ही खराब थी। गांव में आरसीसी सड़क बनी है लेकिन कहीं कहीं पर टूट चुकी थी जिसकी ग्राम प्रधान ने मरम्मत कार्य कराया ओर विकलांग व्यक्तियों, विधवाओं व गरीबों को आवास योजना का लाभ दिलाया साथ ही गांव की गरीब जनता के लिए सरकारी योजनाओं का भरपूर लाभ दिला रहे है।

### जल्द हो ग्राम पंचायत में जनता के लिए घर-घर जल की सुविधा

ग्राम पंचायत धारा गांव में भाजपा सरकार के जल मिशन योजना के तहत ग्राम पंचायत के प्रत्येक मे घरों में पानी की सुविधा जल्द ही दी जाएगी। ग्राम प्रधान का कहना है कि ग्राम पंचायत में टंकी का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जल्द ही गांव में व गांव के प्रत्येक मकान पर पानी की टँकी का कार्य चल रहा है जल्द ही जनता को पानी का लाभ मिल जाएगा। जनता का कहना है इससे पहले ये किसी भी ग्राम प्रधान नहीं किया जो इस पंचवर्षीय में ग्राम प्रधान में विकास की गंगा बहा दी।

# ध्यान, मौन और श्रद्धा के साथ रामचन्द्र मिशन आश्रम में ध्यान पंडाल का निर्माण आरंभ

**▸ मिशन के सचिव उमाशंकर बाजपेई व केंद्र प्रभारी सर्वेश चंद्रा ने रखी पिलर की आधारशिला**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

श्री राम चन्द्र मिशन आश्रम अपनी पचास वर्षो की स्वर्णिम आध्यात्मिक यात्रा के महापर्व की ओर अग्रसर है। इस पावन अवसर पर आगामी 12 फरवरी से दो मार्च तक पांच चरणों में रामचंद्र मिशन के अध्यक्ष और हार्टफुलनेस मेडीटेशन के ग्लोबल गाइड दाजी के मार्गदर्शन में विशाल भंडारों का आयोजन किया जा रहा है। मिश्रीपुर स्थित रामचंद्र मिशन आश्रम परिसर में आज ध्यान के लिए पंडाल के निर्माण



कार्य का शुभारंभ श्रद्धा, मौन और आध्यात्मिक गरिमा के साथ किया गया। ध्यान साधना के बाद मिशन के सचिव उमाशंकर बाजपेई, केंद्र प्रभारी सर्वेश चंद्रा प्रशिक्षक अशोक कुमार गर्ग ने पिलर की आधारशिला रखी। ध्यान की तरंगों के बीच शुरु हुए ध्यान कक्ष भंडारे में आने वाले साधकों के लिए शांति, संतुलन और आत्मबोध का केंद्र बनेग। इस अवसर पर मिशन के सचिव उमाशंकर बाजपेई ने कहा कि मेडिटेशन हाल केवल साधना का स्थल नहीं होगा, बल्कि यह हृदय से हृदय को जोड़ने वाला वह सेतु बनेगा। स्वर्ण जयंती उत्सव के अंतर्गत निर्मित होने वाला यह ध्यान कक्ष मिशन की उस साधना परंपरा का सजीव प्रतीक होगा, जिसने आठ दशकों से मानवता को प्रेम, सरलता और आंतरिक शांति का मार्ग दिखाया है। इंजीनियर अशोक कुमार गर्ग ने बताया कि मेडिटेशन हाल का निर्माण कार्य आश्रम की आध्यात्मिक साधना की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। इस मौके पर राजगोपाल अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, अमिता सक्सेना, मिशन के संयुक्त सचिव अर्जुन अग्रवाल, सुयश सिन्हा, हर्षवर्धन अग्रवाल, दिनेश मिश्रा, ममता अग्रवाल, कृष्णा भारद्वाज, राजीव सपरा, सुनील अग्रवाल, दीपिका सहित तमाम साधक मौजूद रहे।

# डीएम ने रामगंगा में 555 कछुए छोड़ संरक्षण का दिलाया संकल्प

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिला गंगा समिति डब्ल्यू डब्ल्यू एफ इण्डिया व वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विगत कई वर्षो से समुदाय आधारित कछुआ संरक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, यह कार्यक्रम रामगंगा नदी की जलीय जैव विविधता के संरक्षण हेतु कछुओं को संरक्षित कर किया जाता है। कछुआ अपने अण्डों को नदी किनारे होने वाली पॉलेज की खेती में देते है, जोकि खेती के कारण अधिकांशतया नष्ट हो जाते है, कार्यक्रम अन्तर्गत किसानों के सहयोग से ऐसे कछुओं के अण्डों को हैचरी में संरक्षित किया जाता है। जिसके क्रम में विकास खण्ड जलालाबाद में रामगंगा नदी तट स्थित गोरा घाट पर कछुआ विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह एवं प्रभागीय वनाधिकारी सचिन कुमार ने बचाए गये कछुओं को उनके प्राकृतिक आवास रामगंगा नदी में छोड़कर किया। मुख्य अतिथि ने माँ स्वरूप पूजने वाली नदियों के संरक्षण हेतु कछुओं को पारिस्थितकीय तंत्र का महत्वपूर्ण अंग बताया तथा कछुओं के माध्यम से नदियों की स्वतः होने वाली साफ-सफाई पर चर्चा की व नदियों को भू-जल स्तर का प्रमुख स्त्रोत बताते हुये नदियों व जल को अमूल धरोहर बताया तथा जल की दुनियों को जानने व संरक्षित करने पर जोर दिया। प्रभागीय वनाधिकारी सचिन कुमार ने रामगंगा में पायी जाने वाली कछुओं की मुख्य प्रजातियां जैसे बगाटुर ढोंगोका व पंगशुरा टेंटोरिया के बारे में बताया तथा कार्यक्रम अन्तर्गत कुल 555 कछुओं के शावकों को पुनः उनके प्राकृतिक आवास में छोड़े जाने की जानकारी दी जोकि विगत कई वर्षों में संरक्षित किये गये कछुओं की संख्या से इस बार सर्वाधिक थी। जैव विविधता, नदी पारिस्थितकीय तंत्र के बारे में जानकारी देते हुये कछुओं को नदी के बेहतर स्वास्थ्य का प्रतीक बताया। डब्ल्यू डब्ल्यू एफ इण्डिया के समन्वयक डॉ. मोहम्मद आलम ने रामगंगा नदी के उद्गम स्थल से गंगा में मिलने तक अलग-अलग जिलों में किये गये संरक्षण कार्यों के बारे में जानकारी दी। जिसमें पर्यावरणीय प्रवाह, कृषि, जल प्रबन्धन, जैव विविधता संरक्षण तथा औद्योगिक इकाईयों के साथ किये गये जल संरक्षण के कार्यों को उल्लेखित किया। समन्वयक डा. हरिमोहन मीना ने ग्रामीणवासियों की सहायता से अण्डों को संरक्षित करने से लेकर हैचिंग होने, कछुओं का स्वास्थ्य परीक्षण, वैज्ञानिक परीक्षण, बायोमैट्रिक इत्यादि के बारे में विस्तृत रूप से बताया। उप प्रभागीय वनाधिकारी डा. सुशील कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया। विमोचन कार्यक्रम अन्तर्गत समस्त ग्रामवासियों ने आध्यात्मिक जुड़ाव के साथ विमोचन कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। संचालन जिला परियोजना अधिकारी, जिला गंगा समिति डा. विनय कुमार सक्सेना ने किया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग लीड जलीय जैव विविधता समन्वयक डा. गौरा चन्द्र दास, रामऔतार, सीटू, आलोक मिश्रा, राकेश कुमार पाण्डेय, क्षेत्रीय वनाधिकारी विशाल रावत, वन दरोगा हरीलाल यादव, वन रक्षक अजीत सिंह, नवील अहमद व समस्त वन स्टॉफ, ग्रामीणजन आदि का रहा।

### गाली-गलौज एवं पथराव, पुलिस ने चार को किया नामजद

**पुवायां, शाहजहांपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव कनपारा के संतोष त्रिवेदी, ओमशंकर त्रिवेदी, कपिल त्रिवेदी पुत्रगण वृंदावन एवं ऋतिक पुत्र राजेश त्रिवेदी के द्वारा अपने पड़ोसी के साथ गाली गलौज एवं घर पर पथराव का मामला सामने आया है। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस पहुंची। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझने का प्रयास किया। लेकिन स्थिति शांत नहीं हुई। इसके बाद शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस ने शांति भंग की धाराओं में कार्यवाही करते हुए चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर संतोष त्रिवेदी व ओम शंकर त्रिवेदी का चालान कर दिया। कपिल त्रिवेदी और ऋतिक त्रिवेदी अभी भी फरार चल रहे हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना और किसी अप्रिय घटना को टालने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई हैं।

# इंडियन डेंटल एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी गठित, डॉ. रजत अग्रवाल बने अध्यक्ष

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) के जिला स्तर के चुनाव संपन्न हो गए हैं। चुनाव में डॉ. रजत अग्रवाल को जिलाध्यक्ष, डॉ. अंकित अग्रवाल को सचिव तथा डॉ. हर्ष विजय सिंह को कोषाध्यक्ष चुना गया। चुनाव के बाद आयोजित बैठक में नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. रजत अग्रवाल ने कहा कि एसोसिएशन मरीजों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए वर्ष भर विभिन्न स्थानों पर निःशुल्क दंत परीक्षण शिविर लगाएगी, जिनमें जरूरतमंद मरीजों का मुफ्त इलाज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दंत चिकित्सकों का उद्देश्य सस्ते और गुणवत्तापूर्ण उपचार के माध्यम से



आमजन को राहत पहुंचाना है। सचिव डॉ. अंकित अग्रवाल ने बताया कि अब जिले में ही दंत रोगों का आधुनिक इलाज उपलब्ध है। गंभीर से गंभीर बीमारियों का उपचार, ऑपरेशन से लेकर फिक्स बत्तीसी तक की सुविधाएं जनपद में ही मिल रही हैं, जिससे मरीजों को बाहर जाने की आवश्यकता नहीं रही। कोषाध्यक्ष डॉ. हर्ष विजय सिंह ने कहा कि जिले में 45 से अधिक पंजीकृत दंत चिकित्सक सेवाएं दे रहे हैं। झोलाछाप चिकित्सकों से बचाव के लिए एसोसिएशन द्वारा प्रमाणपत्र जारी किए जाते हैं, जो हर अधिकृत चिकित्सक के क्लीनिक पर लगाए जाएंगे। जिन क्लीनिकों पर प्रमाणपत्र नहीं होगा, उन्हें फर्जी माना जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि केवल प्रमाणित दंत चिकित्सकों से ही इलाज कराएं।

# अवैध नंबर प्लेट लगाकर ट्रिपलिंग करते हुए पाए जाने पर बाइक सीज

**▸ जलालाबाद से लौटते समय डीएम को दिखी बाइक, थाने ले गई पुलिस**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

ढाईघाट मेला से लौटने के दौरान कांट रोड पर कृभको फर्टिलाइजर के पास एक मोटरसाइकिल पर अवैध नंबर प्लेट लगाकर, बिना हेलमेट तीन लोगों को बैठाकर चालक अनियंत्रित ढंग से दो पहिया वाहन चलाते हुए जिलाधिकारी को लहराता नजर आया। कई बार हॉर्न बजाने पर अनदेखा करते हुए अनियंत्रित गति से चालक वाहन चलाता रहा। जिलाधिकारी ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल अपनी गाड़ी रुकवाई और नाराजगी व्यक्त करते हुए



संबंधित वाहन को रोककर कार्रवाई के निर्देश दिए। गाड़ी को कांट थाने ले जाकर सीज करने की कार्यवाही की गई है। जिलाधिकारी ने इस दौरान स्पष्ट शब्दों में कहा कि सड़क पर इस तरह की लापरवाही न केवल वाहन चालक बल्कि अन्य राहगीरों की जान के लिए भी खतरा बन सकती है। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। विशेष रूप से दोपहिया वाहनों पर निर्धारित संख्या से अधिक सवारी बैठाकर चलना सड़क सुरक्षा नियमों का उलंघन है। जिलाधिकारी ने आमजन से अपील की कि वे सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें, हेलमेट का उपयोग अनिवार्य रूप से करें और वाहन को नियंत्रित गति में चलाएं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि छोटी सी लापरवाही बड़े हादसे का कारण बन सकती है, इसलिए सभी नागरिक जिम्मेदार नागरिक की तरह व्यवहार करें। प्रशासन सड़क सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सतर्क है और भविष्य में भी ऐसे मामलों में कठोर कदम उठाए जाएंगे।

# प्रेरणा दिवस के अवसर पर समूह सखी की बैठक संपन्न

**जैतीपुर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।** ब्लॉक सभागार में प्रेरणा दिवस के अवसर पर बुधवार को समूह सखी की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में महिलाओं को विभिन्न प्रकार की रोजगार परक जानकारी दी गई। जिसमें बीमा सखी योजना का महत्व प्रमुख रहा। खंड विकास अधिकारी मनीष दत्त ने बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि सरकार ने एलआईसी बीमा सखी योजना शुरू कर महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस योजना के तहत अगले 3 वर्षो में 2 लाख महिला बीमा एजेंट नियुक्त की जाएगी। बीडीओ ने जानकारी दी कि अब तक 25 हजार बीमा सखियां तैयार हो चुकी हैं। जिन्हें मासिक अनुदान के साथ-साथ कमीशन का भी लाभ मिलेगा। प्रशिक्षण के बाद यह



महिलाएं एलआईसी एजेंट के रूप में कार्य कर सकेंगी। स्नातक बीमा सखियों को डेवलपमेंट अधिकारी के रूप में काम करने का अवसर मिलेगा। प्रधानमंत्री ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान करने और उनके सामने की बाधाओ को दूर करने की आवश्यकता पर जोर दिया हैं। बीमा सखी योजना के दो मुख्य लाभ हैं। पहले, यह शिक्षित और प्रशिक्षित महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने का अवसर प्रदान करेगी। दूसरा, यह ग्रामीण भारत में बीमा के प्रति जागरूकता बढ़ाएगी, जो अत्यंत महत्वपूर्ण है। वर्तमान में भारत में बीमा को अक्सर जीवन की आवश्यकता के बजाय केवल कर बचाने का एक साधन माना जाता है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में बीमा की समझ का अभाव है। ऐसे, में महिलाओं का बीमा जैसे क्षेत्र में नेतृत्व करना एक बड़ी उपलब्धि होगी।

# बार संघः अनिल पाठक अध्यक्ष, अमित परमार महासचिव, एक मत से विजयी

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जलालाबाद बार संघ के वार्षिक चुनाव आज संपन्न हुए। कुल 192 सदस्यों में से 191 ने मतदान किया।बार अध्यक्ष पद पर अनिल पाठक एडवोकेट ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी ऋषि पाल एडवोकेट को 50 मतों से पराजित किया। अनिल पाठक को 94 वोट मिले, जबकि ऋषि पाल को 44, ओम प्रकाश सक्सेना को 30 (तीसरा स्थान) और सुभाष चंद्र मिश्रा को 23 (चौथा स्थान) वोट प्राप्त हुए।महासचिव पद पर अमित परमार एडवोकेट ने अनंग पाल



एडवोकेट को रोमांचक मुकाबले में महज एक मत से हरा दिया। अमित को 96 वोट मिले, जबकि अनंग पाल को 95।कोषाध्यक्ष पद पर राज कुमार कश्यप ने सुधीर कुमार को 96-95 से एक मत से हराया। वहीं, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पर प्रशांत कुमार सक्सेना, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पर सतेंद्र कुमार बर्मा, संयुक्त सचिव प्रथम पर हर्षित कुमार गुप्ता और द्वितीय संयुक्त सचिव पर मिथुन गुप्ता निर्विरोध चुन लिए गए। अनिल पाठक के अध्यक्ष चुने जाने पर अधिवक्ताओं ने फूलमालाओं और बैंड-बाजों से भव्य स्वागत किया। तहसील के दर्जनों वकील इस अवसर पर मौजूद रहे।

### नाबालिग को भगा ले जाने का आरोप

**बंडा, शाहजहांपुर।** बंडा क्षेत्र के एक गांव निवासी ने अपनी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बंडा क्षेत्र के एक गांव निवासी ने युवक ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि बीती 26 दिसंबर 2025 को उनकी नाबालिक पुत्री को अभिषेक पुत्र मुकेश एवं मुकेश पुत्र ओमकार निवासी ग्राम पुरैना, थाना बरखेड़ा, जिला पीलीभीत बहला-फुसलाकर भगा ले गया। उसे भगवाने में उसके गांव के ही उसके दो रिश्तेदारों का हाथ है। पीड़ित पिता ने चार लोगों के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुत्री की सकुशल बरामदगी की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भवन एवं जल कर वसूली का लगाया कैंप

**▸ 14 से 29 जनवरी तक वार्डों में शिविर के माध्यम से जमा होगा टैक्स**

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका परिषद में राजस्व वसूली के लिए नगर के विभिन्न वार्डो में कैंप लगाकर भवनकर एवं जलकर वसूली शुरू की गई,जिस दौरान बुधवार को नगर पालिका जलालाबाद की तरफ से राजस्व वसूली हेतु पालिका कर्मियों द्वारा नगर के वार्ड अशफ़ाक नगर, नवीननगर, इसरार नगर, हाफिजनगर में शिविर का आयोजन कर लोगों का



भवननगर,जलकर एवं जलमूल्य जमा किया गया,इस दौरान कैंपों का निरीक्षण स्वयं अधिशासी अधिकारी एच.एन.उपाध्याय एवं संबंधित लिपिक मोहम्मद जीशान द्वारा किया गया,एवं निरीक्षण कर कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। नगर पालिका परिषद जलालाबाद में 25 वार्ड हैं,25 वार्डो में अलग अलग तिथियों में अलग अलग कर्मचारियों को टैक्स वसूली के लिए दायित्व सौंपे गए हैं। जिस दौरान वसूली हेतु 29 जनवरी तक का समय नियत कर दिया है,इस बीच में नगर पालिका कर्मचारियों को राजस्व वसूली का टारगेट वसूलीकर्ताओं को दिया गया है। आज अधिशासी अधिकारी एच.एन. उपाध्याय ने उन वार्डो का निरीक्षण किया,जिन वार्डो में कर्मचारियों को तैनात कर वसूली का दायित्व दिया है,और ईओ ने वार्डवासियों से मुलाकात कर शीघ्र टैक्स जमा करने की अपील भी की। इस दौरान संग्रहकर्मी राममोहन राठौड़, अजीत श्रीवास्त, सुधीर राठौड़, नीतेश कटियार, सुजीत शुक्ला, मोबीन शाह, अनवार, रामू वाल्मीक राजस्व वसूली में तत्परता से कार्य करते दिखे।

## खबरें एक नजर में

### डीएम ने वीर नारियों को सम्मानित किया



**शाहजहांपुर।** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कार्यालय जिला सैनिक कल्याण परिसर में 10th आर्मेड फोर्स वेटेरनस डे मनाया गया इस अवसर पर डीएम ने लगभग 50 भूतपूर्व सैनिकों की उपस्थिति में परमवीर चक्र विजेता नायक जदुनाथ सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा डीएम द्वारा वीर नारियों को शॉल, मोमेंट तथा मिष्ठान देकर सम्मानित किया गया।

### विधायक सलोना कुशवाहा ने जरूरतमंदों को बांटे 250 कंबल



**तिलहर-शाहजहांपुर।** शीत लहर के चलते ग्रामीण क्षेत्र में विधायक सलोना कुशवाहा ने नायब तहसीलदार पूनम मधुकर के सानिध्य में 250 कम्बल वितरित किए। बुधवार दोपहर गांव मरक्षा बाबुपुर गौटिया स्थित सरकारी विद्यालय में विधायक सलोना कुशवाहा पहुंची । यहां पहले से मौजूद नायब तहसीलदार पूनम मधुकर व क्षेत्रीय लेखपाल कपिल कुमार, राम नारायण, राहुलदेव राजपूत ,पवन मिश्र के साथ गांव के जरूरतमंद पुरुष महिलाओं को कम्बल वितरित किए । कम्बल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे खिल उठे।

### मोटरसाइकिल चालक को हमदर्दी दिखाना पड़ा महंगा लिफ्ट लेकर बैठे युवक ने जेब काटकर 50 हजार उड़ाए

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** कलान निवासी रामसेवक गुप्ता पुत्र नन्हे लाल गुप्ता ने थाना जलालाबाद में बुधवार दोपहर के 12:00 बजे प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह कलान से जलालाबाद अपनी मोटरसाइकिल से जा रहा था तभी कोला मोड़ के पास दो युवकों ने रोका जिनके पास पल्सर मोटरसाइकिल थी जिसमें से एक युवक ने उससे कहा कि मेरे साथी को जलालाबाद लिए जाओ,उसने एक अपरिचित व्यक्ति को अपने पीछे बैठा दिया और जलालाबाद के लिए चल दिया रास्ते में पीछे बैठे अज्ञात व्यक्ति ने उसकी जेब काट कर रु.50000 निकाल लिए और वह याकूबपुर के पास उतर गया आगे चलकर जब उन्होंने अपनी जेब पर नजर डाली तो उनकी जेब कटी थी और जेब में रखे रु.50000 गायब थे इसके बाद वह पीछे मुड़कर गया तब तक अज्ञात युवक गायब हो चुका था पीड़ित ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं थाना प्रभारी राजीव तोमर ने बताया कि उन्हें प्रार्थना पत्र की जानकारी नहीं है प्रार्थना पत्र मिलते ही मामले की जांच कराई जाएगी प्रथम दृष्टि घटना संदिग्ध लगती है।

### एकादशी एवं मकर संक्रांति पर हुए भंडारे



**तिलहर-शाहजहांपुर।** षटतिला एकादशी एवं मकर संक्रांति के दुर्लभ संयोग के अवसर पर श्रद्धालुओं ने व्रत उपवास के साथ ही दान पुण्य किया। वहीं नगर में विशाल भंडारों का भी आयोजन हुआ। गौरतलब है कि एकादशी पर चावल का दान अथवा सेवन करना शास्त्रों के मुताबिक प्रतिबंधित होता है । जबकि मकर संक्रांति पर्व को खिचड़ी पर माना जाता है। और खिचड़ी दान के साथ खिचड़ी भोज भी होता है। ऐसे दुर्लभ संयोग में दुविधा की स्थिति में श्रद्धालुओं ने तिल और तिल से निर्मित मिठाइयों का दान किया। वहीं नगर में मोहल्ला निजामगंज में आर्य मिष्ठान भंडार स्वामी सत्यप्रकाश आर्य ने सपरिवार बंधु बांधवों के सानिध्य में विशाल भंडारा का आयोजन किया। जिसका लोगों ने आनंद लिया। इस मौके पर नगर के मुख्य चौराहा बिरियागंज पर सामूहिक रूप से भंडारे का आयोजन किया गया । जो देर शाम तक चला।

### मकर संक्रांति पर दिव्य साधना महोत्सव आयोजित



**शाहजहांपुर।** मानव जीवन की उन्नति और आध्यात्मिक प्रगति के उद्देश्य से मकर संक्रांति के पावन अवसर पर एक दिव्य साधना महोत्सव का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 14 जनवरी को लोदीपुर स्थित संयोगिता पैलेस में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय गूढ़ विद्याओं के जनक परमेश्वर गुरु परमहंस स्वामी निखलेश्वरानंद की दिव्य गुरु-परंपरा के अंतर्गत, गुरुदेव कैलाश श्रीमाली के सानिध्य में किया गया। इस अवसर पर महाकाल, विश्वनाथ शिवतत्व, गौरी लक्ष्मी साधना महोत्सव के साथ-साथ विशेष दीक्षा कार्यक्रम आयोजित हुए। आयोजकों के अनुसार, शिविर में साधकों एवं श्रद्धालुओं को संतान संस्कार, आज्ञा पालन, ज्ञान-वृद्धि तथा जीवन को पूर्णता की ओर अग्रसर करने हेतु दीक्षा युक्त चेतन्य हनुमान बाहु धारण कराई गई। इसके माध्यम से नजर दोष, तंत्र-बाधा, प्रेत बाधा, पितृ संताप एवं अकाल मृत्यु जैसे कुप्रभावों के शमन का मार्ग प्रशस्त होना। इसके साथ ही शिविर में विभिन्न साधनाएं एवं देव-दुर्लभ दीक्षाएं भी प्रदान की गईं। इस आध्यात्मिक शिविर का उद्देश्य लोगों को दिव्य क्षणों को आत्मसात कर जीवन में पूर्णता एवं संतुलन स्थापित करने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम का आयोजन सिद्धाश्रम साधक परिवार, शाखा शाहजहांपुर द्वारा किया गया इस दौरान सैकड़ों नए साधकों को दीक्षा दी गई। मकर संक्रांति के महत्व को बताया गया। इस दौरान चंद्र त्रिपाठी, प्रमोद मिश्रा, संतोष रस्तोगी,पंकज अग्रवाल,सुखपाल सिंह, अनिल त्रिवेदी सहित हजारों साधक मौजूद रहे।

### पीलीभीत के यूनिस शाह ने अमेरिका में आयोजित वर्ल्ड क्रॉस चैंपियनशिप में जीता सिल्वर मेडल

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश के जनपद पीलीभीत के पूरनपुर तहसील के जोगराजपुर गांव के निवासी सूबेदार यूनिस शाह ने फ्लोरिडा, अमेरिका में आयोजित वर्ल्ड क्रॉस चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीतकर भारत का नाम रोशन किया है। यूनिस शाह की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में जश्न का माहौल है। यूनिस शाह ने बचपन से ही देश के लिए कुछ बड़ा करने का सपना देखा था और उन्होंने अपनी मेहनत और परिश्रम से इसे पूरा किया है। ऑल इंडिया विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित दौड़ प्रतियोगिता में पूरे देश में प्रथम स्थान पाकर अपने राज्य और गांव का नाम रोशन करने वाले यूनिस शाह ने 18 वर्ष की उम्र में अग्निवीर योजना के तहत अग्नि वीर में भर्ती हुए और बहुत ही कम उम्र में सूबेदार के पद पर तैनात हो गए। यूनिस शाह की इस जीत से उनके परिवार और गांव के लोगों को उन पर गर्व है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में बधाइयों का तांता लगा हुआ है। यूनिस शाह ने अपनी इस जीत के माध्यम से यह साबित कर दिया है कि मेहनत और परिश्रम से कुछ भी असंभव नहीं है।

### गैंगस्टर एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई, गुड्डू उर्फ साबिर को 2 साल 10 माह की सजा

**पीलीभीत।** विशेष न्यायाधीश गीता सिंह ने गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में आरोपी को दोषी करार देते हुए दो साल 10 महीने के कठोर कारावास की सजा सुनाई है, साथ ही आरोपी पर 5,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। यह फैसला अपराधियों के खिलाफ न्यायालय की सख्ती को दर्शाता है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, आरोपी गुड्डू उर्फ साबिर, जो बरेली जिले के थाना बहेड़ी क्षेत्र अंतर्गत गांव गागुनगर का निवासी है, अपने साथी रहीस अहमद उर्फ दन्ना के साथ मिलकर आर्थिक एवं भौतिक लाभ के लिए विभिन्न गंभीर अपराध कर रहा था। इनमें चोरी, लूट, डकैती, नकबजनी और अवैध हथियार रखना शामिल है।आरोपियों के खिलाफ थाना सुनगढ़ी और कोतवाली में गैंगस्टर एक्ट के साथ कई अन्य धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने मामले की गहन जांच के बाद विवेचना पूरी कर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। सुनवाई के दौरान गुड्डू उर्फ साबिर की पत्रावली को अन्य आरोपियों से अलग कर विशेष न्यायाधीश ने स्वतंत्र रूप से सुनवाई की। लंबी कार्यवाही और सबूतों के आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी पाया और उक्त सजा सुनाई। यह फैसला उत्तर प्रदेश में गैंगस्टरों और संगठित अपराधियों के खिलाफ चल रही सख्त कार्रवाई का हिस्सा माना जा रहा है। पुलिस और प्रशासन का कहना है कि ऐसे अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

### पब्लिक इंटर कॉलेज में सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के अंतर्गत किया गया शिविर का आयोजन

**पूरनपुर,पीलीभीत।** पब्लिक इंटर कॉलेज पूरनपुर में शासन द्वारा चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के आयोजन का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करना था। शिविर में प्रधानाचार्य श्री राजेश कुमार गौतम जी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी साजिद खां के नेतृत्व में रासेयो स्वयंसेवकों को दुर्घटना में घायल व्यक्ति की सहायता करने हेतु मॉक ड्रिल कराई गई। मॉक ड्रिल द्वारा स्वयंसेवकों को यह समझाया गया कि यदि कोई दुर्घटना हो जाती है और कोई व्यक्ति घायल हो जाता है तो उसकी किस प्रकार से सहायता करनी चाहिए। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुंचाने या उसकी सहायता करने वाले नागरिक को सरकार द्वारा 25000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। इस योजना का उद्देश्य मानवता, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देना है। प्रधानाचार्य राजेश कुमार गौतम रासेयो कार्यक्रम अधिकारी साजिद खां, डॉ.सुरेंद्र कुमार, रामबाबू शर्मा, चमन लता, रजनीश कुमार यादव तथा रामबाबू आदि ने स्वयंसेवकों को जागरूक करते हुए दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करने एवं यातायात के नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक किया।

# मुख्य स्नान से पहले सभी कार्य पूर्ण किए जाएं: डीएम

- डीएम शाहजहांपुर और फर्रुखाबाद डीएम ने किया ढाई घाट पर चल रहे मेले का निरीक्षण

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह एवं जिलाधिकारी फर्रुखाबाद आशुतोष कुमार द्विवेदी ने संयुक्त रूप से गंगा नदी के तट ढाई घाट पर चल रहे माघ मेले का भ्रमणकर व्यवस्थाओं को देखा और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने घाट पर गोताखोरों से गंगा नदी की गहराई के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत महावीर प्रसाद यादव को निर्देश दिए कि गंगा जी के अंदर लगी बैरी कटिंग को और मजबूत कराया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्य स्नानों से पहले सभी कार्य पूर्ण करा लिए जाएं।

मेला स्थल ढाईघाट पर एक आवश्यक संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी शाहजहांपुर धर्मेंद्र प्रताप सिंह एवं जिलाधिकारी फर्रुखाबाद आशुतोष कुमार ने की। बैठक में चिकित्सा, पशु चिकित्सा टीम, साफ सफाई पेयजल मोबाइल टॉयलेट आदि व्यवस्थाओं की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि समस्त टीम सक्रिय रहकर मेले को अच्छे ढंग से संपन्न कराएं। उन्होंने कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो। पर्याप्त गोताखोर एवं नाव की व्यवस्था बनी रहे। उन्होंने कहा कि घाट पर एनाउंसमेंट होता रहे जिससे श्रद्धालुओं को अधिक गहराई में स्नान न करें। माघ मेला के अंतर्गत 15 जनवरी 2026 मकर संक्रांति, 18 जनवरी 2026 मौनी अमावस्या, 23 जनवरी 2026 वसंत पंचमी, 1 फरवरी 2026 माघी पूर्णिमा एवं 15 फरवरी 2026 महाशिवरात्रि को विशेष स्नान-पूजन संपन्न होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी टीमें विशेष के साथ सतर्कता के साथ संपर्क करिना है। बैठक में पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर राजेश द्विवेदी, फर्रुखाबाद आरती सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शाहजहांपुर दीक्षा भंवरे, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विवेक कुमार मिश्रा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेंद्र प्रताप, पूर्व जिला जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक हफ्ते के अंदर अज्ञात चोरों ने दूसरे पंचायत घर को बनाया निशाना

**इससे पूर्व में भी एक पंचायत घर को बनाया जा चुका है निशाना**

**खुटार, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र खुटार की ग्राम पंचायत सराय में बीती रात अज्ञात चोरों ने पंचायत घर को निशाना गया चोरों के द्वारा पंचायत घर का ताला काट कर पंचायत घर के अंदर रखें कंप्यूटर प्रिंटर इनवर्टर दो बैट्री कराए गए कार्यों की फाइल आदि चोरी का प्रार्थना पत्र ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी ने थाना खुटार में देकर कार्यवाही की मांग की इससे एक हफ्ते पूर्व में विकासखंड खुटार की ही ग्राम पंचायत रुजहा खुर्द में अज्ञात चोरों के द्वारा पंचायत घर को निशाना बनाया गया था जिसमें भी ग्राम प्रधान के द्वारा कंप्यूटर प्रिंटर व ग्राम पंचायत में कराए गए कार्यों की फाइलें चोरी की बात कही गई थी जिसको लेकर ग्राम प्रधान ने प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की गई थी।

## एडीएम से दुकानों के आवंटन मामले में हुई शिकायत, जांच के आदेश दिए जाने पर मचा हड़कंप

**तिलहर-शाहजहांपुर।** मंगलवार को नायब तहसीलदार पूनम मधुकर की मौजूदगी में नगर पालिका की तहसीलरोड स्थित वाटर पंप संख्या दो के सामने स्थित 13 दुकानों के आवंटन प्रक्रिया में 12 दुकानें आवंटित हो गईं थीं । गौर तलब है कि 13 दुकानों के आवंटन में मात्र 17 आवेदकों ने ही प्रतिभाग किया था । जिसमें 2022 में आवेदन कर 20 - 20 हजार रुपए पेशगी जमा करने वाले आवेदक शामिल नहीं हो सके थे। इसी तारतम्य में उक्त आवंटन प्रक्रिया को चुनौती देते हुए करीब एक दर्जन लोगों ने बुधवार को एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्रा से शिकायत कर आवंटन प्रक्रिया से अवगत कराया। शिकायत कर्ताओं ने बताया कि एडीएम साहब ने जांच कमेटी गठित कर दी है। उधर शिकायत किए जाने के चलते आवंटियों व पालिका प्रशासन में हड़कंप मच गया है।

## मेला कोतवाल मनोज भाटी ने नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का फीता काटकर किया शुभारंभ




**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** समाज सेवा करना ही हमारा लक्ष्य डॉक्टर केपी गुप्ता जलालाबाद मिर्जापुर सेवा और संवेदना का प्रतीक - डा. केपी गुप्ता द्वारा ढाईघाट रामनगरिया मेले में कल्पवासियों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया है। जिसका आज मेला परिसर में बनाई गई कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मनोज भाटी ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने ने डॉ केपी गुप्ता की सराहना करते कहा कि यह शिविर सैकड़ों लोगों के लिए वरदान साबित होगा। जहाँ श्रद्धालुओं और आम नागरिकों को मौके पर ही स्वास्थ्य जांच, परामर्श और जरूरी दवाइयाँ उपलब्ध कराई जा रही है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के गरीब, बुजुर्ग और महिलाएं जो अक्सर इलाज से वंचित रह जाते हैं, उन्हें इस शिविर के माध्यम से बड़ी राहत मिलने वाली है... यह पहल न केवल स्वास्थ्य सेवा का उदाहरण है बल्कि समाज के प्रति डा. केपी गुप्ता की संवेदनशील सोच को भी दर्शाती है। इस मौके पर पिंकू वर्माआसमा वर्मा सत्यम कुशवाहा आदि लोग मौजूद रहे।

## शाहजहांपुर में खूनी मांझे के खिलाफ महाअभियान, पतंग दुकानदारों में हड़कंप

- सिटी मजिस्ट्रेट, सीओ सिटी के नेतृत्व में शहर क्षेत्र में कई स्थानों पर छापेमारी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



चाइनीज मांझा के उपयोग और उससे होने वाली गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने एक बार फिर नकेल कसना शुरू किया है।

डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह के दिशा निर्देश पर जनपद में चायनीज खूनी मांझे के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, सीओ सिटी पंकज पंत ने पुलिस बल के साथ सदर बाजार, चौक कोतवाली, अजीजगंज, आरसी मिशन में कई पतंग दुकानों पर छापा मारकर चरखों में मांझा तोड़कर चैक किया। दुकानों के अलावा, पुलिस ने संदेह के आधार पर गलियों में स्थित संभावित घरों में भी छापेमारी की। हालांकि, इस अभियान के दौरान पुलिस को कहीं भी प्रतिबंधित चाइनीज मांझा नहीं मिला। सीओ सिटी पंकज पंत ने चेतावनी दी है कि यदि कहीं भी चाइनीज मांझा बिकता पाया गया, तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित मांझा मिलने पर तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सिटी मजिस्ट्रेट ने आम जनता और दुकानदारों से अपील की है कि चाइनीज मांझा अत्यंत खतरनाक, धारदार और जानलेवा होता है। इसके उपयोग से दुर्घटनाएं, गंभीर चोटें, मृत्यु और पक्षियों को हानि पहुंचने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। चाइनीज मांझा पाए जाने पर संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकरण सहित विधिक कार्रवाई की जाएगी। दुकानदारों को प्रतिबंधित सामग्री न बेचने और किसी भी प्रकार का उल्लंघन न करने की हिदायत दी गई है। बता दें कि शाहजहांपुर में पिछले दो वर्षों में चाइनीज मांझे से कई लोगों की जान जा चुकी है, जिसमें एक पुलिस कांस्टेबल भी शामिल था। इन घटनाओं के बाद पुलिस प्रशासन ने बड़े पैमाने पर चाइनीज मांझा बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की थी।

## पैना खुर्द में खतरनाक मोड़ पर बाइक को बचाने में पलटा ओवरलोड डंपर

- रिंग रोड मोड़ आए दिन बन रहा हादसे का कारण, जिम्मेदार कर रहे अनदेखी
- जनपद में चल रहा सड़क सुरक्षा माह, सिर्फ शहर के आसपास सीमित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



सड़क सुरक्षा माह के साथ साथ अगर जिम्मेदार लोग खतरनाक मोड़ों पर ब्रेकर, संकेतक आदि लगवा दे तो शायद हादसे कम हो। बुधवार को पैना खुर्द के पास रिंग रोड़ मोड़ पर कोई भी शाइन बोर्ड, संकेतक न लगे होने से एक गिट्टी भरा ओवरलोड डंपर बाइक सवार को बचाने के चक्कर में सड़क पर पलट गया। गनीमत रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ, वरना कई लोगों की जान भी जा सकती थी। डंपर इस कदर मोड़ पर पलटा है कि वह पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। किसी तरह ड्राइवर ने कूद कर जान बचाई। बता दें कि जनपद में सड़क सुरक्षा माह का आगाज 1 जनवरी से 31 जनवरी के लिए किया गया है। निरंतर जिलाधिकारी के दिशा निर्देश पर परिवहन, पुलिस विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता, सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन यह अभियान धरातल पर तब सार्थक सिध्द होगा, जब सड़क पर भी यातायात नियमों के पालन करने वाली आवश्यक व्यवस्थाएं मुकम्मल होगी। क्योंकि जनपद की बात करे तो शहर क्षेत्र में अधिकांश जगह पर चौराहा, तिराहों पर जेब्रा लाइन मिट गयी तो कही रोड खुदाई की वजह से लोग गढ्ढे में गिरकर भी घायल हो रहे हैं। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी खतरनाक मोड़ आए दिन जानलेवा साबित हो रहे हैं, लेकिन परिवहन, पीडब्ल्यूडी के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ध्यान न दिए जाने से वाहन हादसों का शिकार हो रहे हैं, इसको लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

> रिंग रोड पर पड़ने वाले खतरनाक मोड़ पर शाइन बोर्ड, सावधान रहने वाले बोर्ड आदि लगाने के लिए सड़क सुरक्षा की बैठक में पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के समक्ष प्रस्ताव रखा गया है, जल्द ही खतरनाक मोड़ों पर हादसे न हो, इसके लिए कार्य कराने की बात पीडब्ल्यूडी द्वारा कही गई है।
> –एसके सिंह, एआरटीओ प्रशासन

## संक्रांति के दिन किया गया दान अक्षय होता है: आचार्य ध्रुव मिश्रा

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय ज्योतिष में भगवान सूर्य के द्वारा ही मास का विभाजन होता है। भगवान सूर्य एक राशि से दूसरी राशि में जब प्रवेश करते हैं, उसे काल को संक्रांति कहते है। धनु राशि के बाद जब भगवान सूर्य मकर राशि में प्रवेश करते हैं, तो उसी दिन मकर संक्रांति मनाई जाती है। भगवान सूर्य ज्योतिष में ग्रहों के राजा है और मकर राशि मंगल की उच्च राशि है और भगवान सूर्य और मंगल मित्र ग्रह है इसलिए भगवान सूर्य का अपने मित्र मंगल की उच्च राशि में प्रवेश करना जगत के लिए ज्योतिषीय आधार पर मंगलकारी होता है।.पुराणों के आधार पर देवता लोग मकर संक्रांति दिवस से कुछ काल तक धरती पर आकर निवास करते हैं और भगवान श्री हरि की आराधना करते है। भगवान सूर्य चराचर जगत के स्वामी है और इस चराचर जगत में जो भी खाने योग्य पदार्थ हैं। उनमें तिल का अपना महत्वपूर्ण स्थान है, हमारे यहां कर्मकांड में जो यज्ञ इत्यादि होते है। उनमें हविष्यान्न के रूप में तिल का प्रथम स्थान है, वैज्ञानिक आधार पर और भारतीय आयुर्वेद के आधार पर तिल से अधिक पौष्टिक शायद ही कुछ और हो, परंतु आज के समय पर हम तिल के तेल का उपयोग न के बराबर करते है। तिल का तेल या किसी भी रूप में तिल का सेवन हमारे स्वास्थ्य का उसी प्रकार से पोषण करता है। जैसे मां के गर्भ में गर्भनाल के द्वारा बच्चों का पोषण होता है,संक्रांति के दिन किया गया दान अक्षय होता है। संक्रांति के दिन की गई भगवान की आराधना या कोई भी सत्कर्म अनंत काल तक हमारे लिए कल्याणकारी होता है। इस वर्ष की मकर संक्रांति और भी अधिक महत्वपूर्ण है और उसका विशेष कारण यह है की षटतिला एकादशी के दिन मकर संक्रांति का संयोग बन बना रहा है इसलिए समय तो अपनी गति से निकल ही जाता है, लेकिन बुद्धिमान वही होता है जो उचित समय पर उचित समय का सदुपयोग कर ले। ऐसे दुर्लभ संयोग ज्योतिष में बहुत कम बनते हैं शास्त्र कहते हैं यदि किसी के प्रारब्ध में दरिद्रता की अतिरिक्त और कुछ भी नहीं है वह व्यक्ति भी यदि मकर संक्रांति से प्रारंभ करके प्रतिदिन भगवान सूर्य की आराधना करता है भगवान सूर्य को प्रणाम करता है या सूर्य सहस्त्रनामावली का पाठ करता है तो 1 वर्ष के अंदर उसकी दरिद्रता स्वतः समाप्त होने लगती है (आदित्यस्य नमस्कारम् ये कुर्वन्ति दिने दिने जन्मांतर सहस्त्रेषु दरिद्यम नोप जायते) और एक विशेष बात यह है जिस प्रकार हमारे दिन और रात का विभाजन भगवान सूर्य करते हैं उसी प्रकार देवताओं की दिन रात्रि का विभाजन भी भगवान सूर्य के द्वारा ही होता है मकर संक्रांति के दिन ही सूर्य उत्तरायण होते हैं और यही देवताओं का प्रातः काल भी होता है जब तक भगवान सूर्य दक्षिणायन रहते हैं तब तक देवताओं की रात्रि मानी जाती है सभी देवता सोते हैं आज के दिन जाग कर पुनः अपने-अपने कार्य में संलग्न होते है।

## दो पक्षों में चले ईंट पत्थर, महिला समेत पांच घायल

**तिलहर-शाहजहांपुर।** मकान के हिस्से की बिक्री करने को लेकर हुई कहा सुनी ने टूल पकड़ लिए जमकर ईंट पत्थर चलने से कई लोग घायल हो गए । वहीं एक पक्ष ने घर में तोड़फोड़ कर जेवर और रुपए लूट ले जाने का आरोप लगाया है । दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराया। कोतवाली क्षेत्र के गांव डभौरा के मुनीस पुत्र लाल मोहम्मद एवं शमीम बानो के बीच जमीन को लेकर विवाद हो गया। मुनीस ने आरोप लगाया कि बुधवार अपरान्ह करीब चार बजे वह अपने दरवाजे पर बैठा । इस दौरान दूसरे पक्ष के लोगों ने जमकर पथराव किया और आठ दस लोग तमंचा और भाला लेकर उसके घर में घुस आए। आरोप है कि मारपीट कर इमरान ने बांका से उसे पर हमला कर दिया जिससे वह लहूलुहान हो गया। तथा आरोपी उसके घर से जेवर और 5 हजार रुपए भी लूट ले गए। उधर शमीम बानो ने दूसरे पक्ष पर घर पर पथराव करने का आरोप लगाया। उसने बताया कि पथराव में वह, अफजल, महशर अली व इकबाल घायल हो गए। हल्का दरोगा हरि किशोर मौर्य ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से तहरीर मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम में शामिल हुए जिला युवा अधिकारी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 अंतर्गत नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में आयोजित रात्रि भोज कार्यक्रम में देश के रक्षामंत्री के साथ आयोजित रात्रि भोज में उत्तर प्रदेश राज्य के दल के साथ जनपद के माय भारत के जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया भी शामिल हुए। इस अवसर पर देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, गिरिधर अरमने, चीफ ऑफ डिफेन्स स्टाफ जनरल अनिल चौहान, थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी, एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह सहित रक्षा मंत्रालय के विभिन्न उच्च स्तरीय अधिकारी, मेरा युवा भारत के उच्च अधिकारी व उत्तर प्रदेश राज्य से विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में प्रतिभाग करने आए ऊर्जावान युवा उपस्थित हुए और सभी ने कार्यक्रम को लेकर अपने अनुभव व सुझाव रक्षामंत्री से साझा किए। इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने सभी के साथ रात्रि भोज किया व सभी युवाओं को जीवन में लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयत्नशील रहने, सकारात्मकता, कर्मठता व सत्यनिष्ठा से अपने पूरे सामर्थ्य ऊर्जा, समर्पण के साथ लग्नशील होने की सीख देते हुए 2047 तक विकसित भारत बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला और युवाओं को नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिये भी प्रेरित किया।

## स्वयंसेवियों को यातायात के नियमों के प्रति किया गया जागरूक



**शाहजहांपुर।** जीएफ कॉलेज में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया और जागरूकता रैली निकाली गई ।कार्यक्रम अध्यक्षता करते हुए कॉलेज के प्राचार्य प्रो. मोहसिन हसन खान ने स्वयंसेवियों को यातायात के नियमों की जानकारी दी।उन्होंने छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों का स्वयं पालन करने और सुरक्षित यातायात के दूत बनने के लिए प्रेरित किया और सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की सामूहिक शपथ दिलाई। रैली प्रारंभ करने से पूर्व डा. आयशा ज़ेबी ने छात्र-छात्राओं को बताया कि सड़क सुरक्षा से संबंधित कार्यक्रम का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को इस प्रकार तैयार करना है कि वह समाज के अन्य लोगों को भी जागरूक कर सकें,जिससे सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। रैली में महाविद्यालय की तीनों इकाइयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम में एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डा. रज़ा रसूल, डा. निज़ामउद्दीन ख़ान, डा. शहज़ाद अहमद, डा. शहाब हुसैन, डा. जाने आलम डा. उमेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## सहकारी समिति में नौकरी का झांसा, अधिवक्ता से चार लाख ठगे

**पूरनपुर, पीलीभीत, समृद्धि न्यूज।**

एक अधिवक्ता को सहकारी समिति में नौकरी और डिपो दिलाने के नाम पर करीब चार लाख रुपये की ठगी का शिकार बनाया गया। पुलिस ने अदालत के आदेश पर गोरखपुर, रायबरेली और रामपुर के तीन नामजद जालसाजों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पीड़ित को तब ठगी का अहसास हुआ जब काफी समय बीतने के बाद भी न तो नौकरी मिली और न ही डिपो शुरू हुआ, और कार्यालय भी बंद मिला। शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मोमिनगंज निवासी अधिवक्ता अशोक कुमार ने बताया कि ठगी का यह सिलसिला वर्ष 2016 में शुरू हुआ था। ग्राम विकास सहकारी समिति लिमिटेड नामक एक संस्था ने उन्हें 17 नवंबर 2016 को एक नियुक्ति पत्र जारी किया। इसके बाद 5 दिसंबर 2018 को उन्हें लखनऊ स्थित कार्यालय में साक्षात्कार के लिए बुलाया गया, जहां उन्हें 14 हजार रुपये प्रति माह वेतन का आश्वासन दिया गया। अशोक कुमार के अनुसार, जालसाजों ने उन्हें बताया कि उनकी संस्था प्रदेश सरकार की योजनाओं को किसानों तक पहुंचाती है। इसी बहाने मार्च 2024 में कई किसानों के किसान सेवा कार्ड बनाने के नाम पर 6,600 रुपये जमा कराए गए। बाद में, अधिवक्ता के घर पर संस्था का डिपो खोलने का लालच दिया गया। डिपो की सिक्योरिटी के नाम पर उनसे 3 लाख 35 हजार रुपये नकद लिए गए और दो महीने के भीतर डिपो शुरू होने का आश्वासन दिया गया। डिपो शुरू न होने और वेतन न मिलने पर अधिवक्ता अशोक कुमार 27 सितंबर 2019 को संस्था के लखनऊ स्थित कार्यालय प्रथम तल, मूल प्लाजा पहुंचे। वहां उन्हें ताला लटका मिला। जांच करने पर पता चला कि जालसाज कार्यालय बंद कर फरार हो गए थे और उन्हें पूरी तरह ठग लिया गया था। पीड़ित की शिकायत और अदालत के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने भानु दीक्षित, अभिषेक मिश्रा और नरेश नामक तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार ने इस मामले की पुष्टि की है।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरी आराजी स्थित ग्राम फीलनगर परगना व तहसील तिलहर जनपद शाहजहाँपुर की गाटा सं. 340 रकवा 0.028हे., गाटा सं. 339 रकवा 0.130हे., गाटा सं. 311/2 रकवा 0.036हे., गाटा सं. 310/2 रकवा 0.121 हे., गाटा सं. 310/1 रकवा 0.028हे. का 1/2 = 0.014हे. व गाटा सं. 552 रकवा 2.072हे. कुल रकवा 2.401हे. है, जो कि मेरे पिता राम भरोसे से प्राप्त हुई है। यह आराजी वादग्रस्त आराजी है। जिस पर शपथी एवं अन्य परिवारीगण के मध्य विवाद एवं एक सिविल वाद सं. 01/26 वास्ते बंटवारा मा. न्यायालय सिविल जज जूनियर डिवीजन तिलहर मे विचाराधीन चल रहा है। यह कि उक्त भूमि वादग्रस्त भूमि है। बलवीर सिहं पुत्र राम भरोसे लाल नि. ग्राम फीलनगर, तहसील व परगना तिलहर, शाहजहाँपुर।

## हरियाणा का भूजल-संकट

नि:संदेह, हरियाणा ने कृषि की उन्नति में नये मानक स्थापित किए हैं। देश की खाद्य सुरक्षा में इस राज्य के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। कृषि क्षेत्र में कारगर रणनीतियों व आधुनिक तकनीकों ने हरियाणा के किसानों के जीवन में बड़ा बदलाव किया है। लेकिन इससे इतर एक चिंताजनक स्थिति यह है कि राज्य में भूजल संकट एक खतरनाक स्तर को पार कर रहा है। बताया जा रहा है कि राज्य के तीस फीसदी से अधिक गांव भूजल संकट के खतरे की जद में हैं। विडंबना यह है कि इन क्षेत्रों में भूजल का दोहन पुनर्भरण से कहीं अधिक है। जो राज्य में चेतावनी के संकेत स्पष्ट कर रहे हैं। दरअसल, ग्लोबल वार्मिंग संकट के चलते बारिश के पैटर्न में व्यापक बदलाव आया है। जिस अनियमित बारिश को कभी मौसमी समस्या माना जाता था, वह अब एक संरचनात्मक संकट में बदल गयी है। निश्चित रूप से मानसून व बारिश की आवृत्ति में अनिश्चितता के चलते कृषि, पेयजल सुरक्षा व दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता के लिये खतरा पैदा हो गया। बारिश की कमी की पूर्ति भूजल के अंधाधुंध दोहन से की जाती है। वैसे इस संकट के मूल में समस्या की वजह पानी की अत्यधिक खपत करने वाला विकास मॉडल भी है। पिछले दशकों में धान व गेहूं की उत्पादकता पर किसानों की निर्भरता अत्यधिक बढ़ी है। जिसमें बहुत सिंचाई की जरूरत होती है। वहीं दूसरी ओर राजनीतिक समीकरणों के चलते किसानों को लुभाने के लिये मुफ्त या रियायती बिजली का चलन भी बढ़ा है। जिससे भूजल के अंधाधुंध दोहन को बढ़ावा ही मिला है। विडंबना यह है जैसे-जैसे भूजल का स्तर गिरता है, ट्यूबवेल हर साल और गहरे खोदे जाते रहे हैं। कोशिश होती रही है कि इससे जल संकट बढ़ने से पानी की कमी पर पर्दा पड़ा रहे। यही वजह है कि इसका नकारात्मक असर आज मध्य और दक्षिण हरियाणा के बड़े क्षेत्र में दिखायी दे रहा है। जहां जलस्तर खतरनाक स्तर तक गिरता नजर आ रहा है। वहीं दूसरी ओर हरियाणा में तेजी से बढ़ रहे शहरीकरण ने जल संकट को और गहरा कर दिया है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बहुत तेजी से हुए शहरीकरण ने भूजल का दोहन उसकी स्थायी सीमा से बहुत अधिक हद तक बढ़ाया है। इस बेलगाम भूजल दोहन पर नियामक संस्थाओं की निगरानी न के बराबर है। वहीं एक चिंताजनक पहलू यह भी है कि तेजी से बढ़ते कंक्रीटीकरण और आर्द्र भूमि के क्षरण से भूजल का प्राकृतिक पुनर्भरण बाधित हुआ है। दूसरी ओर जलवायु परिवर्तनशीलता, अनियमित मानसून और घटते वर्षा दिवसों ने भूजल पुनर्भरण को और अधिक कम कर दिया है। जिसके चलते जलभंडारों के पुनर्जीवित होने की संभावनाएं लगभग क्षीण हो गई हैं। भूजल स्तर में गिरावट का खमियाजा किसानों को भी उठाना पड़ रहा है। खेतों के लिये सिंचाई जल उपलब्ध कराने की लागत में भी लगातार वृद्धि हो रही है। दरअसल गहरे बोरवेल के लिये अधिक बिजली और अधिक निवेश की आवश्यकता होती है। यही वजह है कि ग्रामीण पेयजल योजनाएं स्थिति से निपटने के लिये संघर्ष कर रही हैं। दूसरी ओर कम गुणवत्ता वाले जलभंडारों तक जल-दोहन की स्थिति पहुंचने से प्रदूषण का खतरा बढ़ा है। नि:संदेह, इस संकट को गंभीरता से लेने की जरूरत है। यदि इस संकट की अनदेखी करके स्थिति को अनियंत्रित छोड़ दिया जाएगा तो इसके व्यापक नकारात्मक प्रभाव हो सकते हैं। इससे जहां एक ओर आजीविका का संकट बढ़ेगा, वहीं फसलों को लेकर अस्थिरता होगी और कालांतर जल को लेकर सामाजिक संघर्ष उत्पन्न हो सकता है। हालांकि, इस संकट के समाधान को लेकर नीतिगत उपाय मौजूद हैं, लेकिन उन्हें गंभीरता से लेने की जरूरत है। फसल विविधीकरण योजनाएं और पुनर्भरण परियोजनाएं सही दिशा में उठाये गए कदम हैं, लेकिन उनका पैमाना और कार्यान्वयन चुनौती के अनुरूप नहीं है। भूजल प्रबंधन, मांग में कमी की तुलना में आपूर्ति बढ़ाने पर अधिक केंद्रित रहा है। निश्चित रूप से हरियाणा को अपनी जल प्राथमिकताओं को तत्काल पुनर्निर्धारित करने की आवश्यकता है। जरूरत है कम पानी की फसलों को प्रोत्साहित करें, बिजली सब्सिडी युक्तिसंगत बने, शहरी व वाणिज्यिक उपयोग के लिये जल दोहन सख्ती से विनियमित हो व पुनर्भरण क्षेत्रों की रक्षा की जाए।

# नहीं थम रहा बंगलादेश में हिन्दुओं की हत्या का दौर

*रमेश शर्मा*

बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हमलों और उनकी बर्बर हत्याओं का दौर रुक नहीं रहा। इसमें हिन्दू स्त्रियों के साथ सामूहिक बलात्कार का अध्याय भी जुड़ गया है। लेकिन भारत के अधिकांश वे राजनैतिक दल चुप हैं जिन्हें आतंकवादियों के भी मानवाधिकार की चिंता रहती है। पिछले सप्ताह कॉंग्रेस नेता जयराम रमेश और के वेणुगोपाल तो मीडिया से बांग्लादेश में हिन्दुओं की हत्या का प्रश्न सुनकर ही भाग निकले।

यह वही बंगलादेश है जिसके निवासियों को कभी अपनी बांग्ला संस्कृति पर गर्व होता था और बांग्ला संस्कृति को सुरक्षित रखने केलिये संघर्ष किया था। उनके संघर्ष को सार्थक करने के लिये भारत ने अपनी पूरी शक्ति लगा दी थी। 1971 का युद्ध भी झेला था। इसमें भारत के लगभग 3900 जवानों का बलिदान हुआ था और लगभग दस हजार सैनिक घायल हुए थे। लाखों करोड़ का वित्तीय भार पड़ा सो अलग। बांग्लादेश यदि अस्तित्व में आया है तो भारत के कारण लेकिनवही बंगलादेश अब भारत के विरुद्ध षड्यंत्र रच रहा है और हिन्दुओं का जीना मुश्किल कर रहा है।

बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन को डेढ़ साल होने आ गया है। सत्ता परिवर्तन के साथ हिन्दुओं पर हमले आरंभ हुये जो रुकने का नाम नहीं ले रहे बल्कि हमलों की क्रूरता बढ़ रही है। बांग्लादेश अब जिस राह पर है, उसमें तीन बातें बहुत स्पष्ट हैं। एक पाकिस्तान के प्रति प्रेम और एकजुटता, दूसरी भारत के प्रति घृणा और तीसरी हिन्दुओं की हत्याएँ। तीनों प्राथमिकताएँ पाकिस्तान की गुप्तचर संस्था आईएसआई और कट्टरपंथी संगठन जमायत-ए- इस्लामी की हैं। जमायत-ए-इस्लामी अपनी कट्टरता के लिये पूरी दुनिया में कुख्यात है। कई देशों ने तो इस पर प्रतिबंध लगा रखा है। जबकि पाकिस्तान की गुप्तचर संस्था आईएसआई को आतंकवाद की संरक्षक माना जाता है।

बांग्लादेश में शेख हसीना की सत्ता परिवर्तन इन दोनों संस्थाओं की रणनीति थी। कहने के लिये यह छात्र आँदोलन था लेकिन परदे के पीछे यही दोनों संगठन थे। अब बंगलादेश में आईएसआई का कार्यालय खुल गया है। जमायत-ए-इस्लामी खुलकर चुनाव में भाग ले रही है। यह जमायत-ए- इस्लामी वही संस्था है जिसने 1971 में शेख मुजीबुरहमान के नेतृत्व चल रहे बांग्लादेश आंदोलन का विरोध किया था। जमायत-ए-इस्लामी पाकिस्तान से अलग होकर स्वतंत्र देश बनाने के पक्ष में कतई नहीं थी। यह आईएसआई और जमायत-ए-इस्लामी की सक्रियता ही है कि अब बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच आने-जाने के लिये वीजा के कई प्रावधान सरल कर दिये गये हैं।

बांग्लादेश में अब भारत को खुलेआम धमकियाँ भी दी जाने लगीं हैं। बांग्लादेश नेशनल सिटीजन पार्टी के प्रमुख हसनत अब्दुल्लाह ने तो भारत के पूर्वोत्तर राज्यों जिन्हें सेवन सिस्टर्स कहा जाता है, को भारत से तोड़ने की धमकी भी दी है। इन राज्यों में अरुणांचल प्रदेश, मिज़ोरम, असम, मणिपुर, मेघालय, नागालैण्ड और त्रिपुरा माने जाते हैं। बांग्लादेश के एक अन्य सेवानिवृत्त अधिकारी अब्दुल रहमान ने भी भारत के



टुकड़े करने की धमकी दी है। इन धमकियों को साधारण नहीं समझा जा सकता। जिस प्रकार कट्टरपंथियों के स्लिपर सेल भारत में बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसाने का षड्यंत्र रच रहे हैं उससे हसनत अब्दुल्लाह और अब्दुल रहमान की धमकियों को हल्का नहीं लिया जा सकता। तीसरे, बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हमले और हत्याओं के बढ़ते आँकड़े हैं। हमलों और हत्याओं के आँकड़े बढ़ने के साथ उनमें क्रूरता भी बढ़ रही है। हिन्दुओं पर हमले और हत्याओं का यह क्रम सत्ता परिवर्तन के पहले दिन से ही आरंभ हो गया था।

बांग्लादेश में ऐसा कोई गाँव नहीं जहाँ हिन्दुओं के घरों पर हमला न हुआ हो। बांग्लादेश सरकार ने अब ऐसे समाचारों के प्रसारण पर प्रतिबंध लगा दिया है। समाचार पत्र ही नहीं वे सोशल मीडिया एकाउंट भी लॉक किये जा रहे हैं जो हिन्दुओं पर हमले और उत्पीड़न के समाचार प्रसारित कर रहे हैं। फिर भी चोरी-छिपे जो समाचार आ रहे हैं वे रोंगटे खड़े करने वाले हैं।

हिन्दुओं पर अत्याचार के लिये कट्टरपंथी नित नया पैंतरा अपना रहे हैं। सत्ता परिवर्तन के साथ घरों और मंदिरों पर हमले, चाकू या गोली मारकर हत्या का क्रम अब क्रूरता के साथ हत्या और जिन्दा जलाने की घटनाओं में बदल गया है। यह क्रूरता लगभग वैसी ही है जैसी सल्तनतकाल में हुआ करती थी। तब उसका उद्देश्य क्रूरता से हत्या करके हिन्दुओं को डराना था ताकि क्रूरता पूर्वक हत्याओं का यह दृश्य देखकर भयभीत हिन्दु धर्मांतरण कर लें। पिछले चौबीस दिनों में आठ हिन्दुओं की क्रूरता पूर्वक की गई हत्याओं में बर्बरता की वही झलक है। इन हत्याओं के अतिरिक्त एक हिन्दू स्त्री से बलात्कार और एक हिन्दू महिला अधिकारी को गालियाँ देकर जान से मारने की धमकी देने की घटना भी सामने आई है। इन बड़ी घटनाओं के अतिरिक्त बारह गाँवों में हिन्दुओं के घरों पर हमला करने के समाचार भी आये।

हत्याओं और हिन्दुओं के उत्पीड़न का यह नया दौर कट्टरपंथी उस्मान हादी की हत्या के बाद पुन: आरंभ हुआ। उस्मान हादी पर 12 दिसंबर 2025 को दो बाइक सवार हमलावरों ने ढाका के बिजयनगर क्षेत्र में किया था। उसे गोली मारी गई थी। उसे उपचार के लिये सिंगापुर ले जाया गया। जहाँ 18 दिसम्बर को उसकी मौत हो गई। हादी की मौत से हिन्दुओं का कोई लेना-देना नहीं था। लेकिन उसकी मौत को बहाना बनाकर हिन्दुओं को निशाना बनाया जा रहा है। हिन्दुओं के घर, व्यवसायिक प्रतिष्ठान ही नहीं हिन्दुओं के संपादन में चल रहे समाचारपत्र कार्यालयों और साँस्कृतिक संस्थानों पर भी हमले हुये। इनमें 'प्रोथोम आलो' और 'डेली स्टार' समाचार पत्र और छायानात और उदिची शिल्पी जैसे साँस्कृतिक संस्थाओं के कार्यालय शामिल हैं।

जिस दिन हादी की मौत हुई उसी दिन 18 दिसम्बर को दीपू चंद्र दास नामक हिन्दु की क्रूरतापूर्वक हत्या की गई। दीपूदास की हत्या सीधे चाकू मारकर अथवा गोली मारकर नहीं की गई। पहले सारे कपड़े उतारे गये, फिर पीटा गया। अधमरा करके पेड़ से बांधकर जिन्दा जलाया था। कट्टरपंथियों ने पूरी घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया ताकि हिन्दुओं में भय व्याप्त हो। दूसरी हत्या 24 दिसंबर की रात को राजबाड़ी जिले के पांगशा में अमृत मंडल की गई। उस पर ईशनिंदा का आरोप लगाया और हिंसक भीड़ ने पीट-पीट कर अधमरा कर दिया था। पुलिस अमृत मंडल को गंभीर अवस्था में पंगसा उपजिला स्वास्थ्य परिसर ले गई। रात करीब 2 बजे मंडल का निधन हो गया। तीसरी हत्या 30 दिसंबर को ब्रजेन्द्र विश्वास की हुई। ब्रजेन्द्र को उसी स्थान पर ले जाया गया जहाँ दीपू दास की हत्या की गई थी। बृजेंद्र बिस्वास को गोली मारकर हत्या करने वाला उसी का साथी नौमान मियां था। चौथी हत्या 31 दिसम्बर को हिंदू बिजनेसमैन खोकन चंद्र दास की हुई। यह हत्या शरियतपुर जिले के दामुड्या के कोनेश्वर यूनियन में केउरभंगा बाजार के पास हुई थी। वह रात लगभग 9:30 बजे अपनी फार्मेसी की दुकान बंद करके लौट रहा था तभी कट्टरपंथियों ने उसे रोका। पहले मारपीट की फिर शरीर पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। खोकन दास स्वयं को बचाने के लिये वहीं सड़क के किनारे तालाब में कूदा। आग देखकर और चीखें सुनकर भीड़ एकत्र हुई। दास को अस्पताल ले जाया गया जहाँ दास की मृत्यु हो गई। पाँचवीं हत्या पत्रकार राणा प्रताप वैरागी की हुई। यह हत्या जेस्सोर जिले के मोनिरामपुर में सोमवार 5 जनवरी को की गई। कट्टरपंथियों ने राणा प्रताप को आवाज लगाकर रोका और भरी दोपहर सरेआम गोली मार दी। छठी हत्या इसी दिन व्यवसायी मणि चक्रवर्ती की हुई। वे मणि चक्रवर्ती से पैसा वसूलना चाहते थे। इसी बीच 11 जनवरी को हिन्दू नेता और संगीतकार प्रोलय चाकी की पुलिस कस्टडी में मौत हो गई है। वे बांग्लादेश की अवामी लीग पार्टी के सीनियर नेता थे। आठवीं मौत समीर की हुई। समीर रामानंदपुर गांव का रहने वाला था और रिक्शा चलाता था। रात लगभग दो बजे दक्षिण करीमपुर मुहुरी बाड़ी के पास समीर की लहूलुहान लाश मिली।

बांग्लादेश में हिन्दुओं के दमन को रोज नया तरीका अपनाया जा रहा है। एक हिन्दू महिला के साथ सामूहिक बलात्कार और एक हिन्दू महिला अधिकारी को धमकी देने की घटना सामने है। हिंदू महिला के साथ बलात्कार की यह घटना झेनैदाह जिले के कालिगंज में नादिपारा क्षेत्र की है। चालीस वर्षीय हिंदू विधवा महिला के साथ पहले दो लोगों ने बीच सड़क पर बलात्कार किया, फिर पेड़ से बांधकर उसके बाल काट दिए। कट्टरपंथियों ने इस घटना का भी वीडियो बनाकर वायरल किया। बांग्लादेश के कट्टरपंथी प्रशासन के हिन्दू कर्मचारियों और अधिकारियों को भी धमका रहे हैं। बांग्लादेश में इन दिनों चुनाव प्रक्रिया चल रही है। फरवरी में चुनाव होना है। कुरिग्राम-3 निर्वाचन क्षेत्र से जमायते इस्लामी के उम्मीदवार बैरिस्टर सालेही ने चुनाव लड़ने के लिये अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। सालेही बांग्लादेश के साथ ब्रिटेन के भी नागरिक हैं। दोहरी नागरिकता के आधार पर उनका नामांकन निरस्त हो गया। इस जिले में हिन्दू महिला अधिकारी अन्नपूर्णा देबनाथ डिप्टी कमिश्नर के रूप में तैनात हैं। अपना नामांकन निरस्त होने पर सालेही ने अन्नपूर्णा देवनाथ दबाव बनाया। जब अन्नपूर्णा देवनाथ ने नियमों का उल्लेख किया था। वहाँ उपस्थित सालेही समर्थकों ने उनके साथ भारी अभद्रता की, हिन्दू होने के कारण गालियाँ दीं और जान से मारने की धमकी दी। यह वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है।

*लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।*

### हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों पर राजनैतिक चुप्पी के मायने

भारत में बड़ी संख्या में ऐसे राजनैतिक दल और नेता हैं जो मानवाधिकार के लिये सदैव सचेत रहते हैं। वे आतंकवादियों और दंगाइयों के भीतर भी मानवीय अस्तित्व खोजकर उसके संरक्षण की बात करते हैं। भारत में ही नहीं सुदूर हमास के आतंकवादियों के प्रति भी मानवीय आधार पर संवेदना व्यक्त की जाती है। लेकिन हिन्दुओं पर होने वाले अत्याचार और दमन पर सदैव चुप्पी रहती है। ऐसी चुप्पी पहले कश्मीर में देखी गई, मुर्शिदाबाद में देखी गई और अब बांग्लादेश में भी देखी जा रही है। यही नहीं मीडिया से बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार का हिन्दुओं पर होने वाले अत्याचार का प्रश्न सुनकर काँग्रेस के दो नेताओं द्वारा मुँह छिपाकर भागने का यह दृश्य पिछले दिनों वायरल हुआ। ये नेता श्री जयराम रमेश और श्री के वेणुगोपाल हैं। वे मीडिया से चर्चा कर रहे थे। इसी बीच एक पत्रकार ने बंगलादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार का प्रश्न पूछ लिया। प्रश्न सुनते ही दोनों उठकर चल दिये। इसी काँग्रेस के दो अन्य वरिष्ठ नेताओं ने पिछले सप्ताह दिल्ली दंगों के मुख्य आरोपियों की जमानत न होने पर कोर्ट की कार्रवाई पर भी प्रश्न उठाए थे। दिल्ली दंगों के ये आरोपी उमर खालिद और शरजील इमाम हैं। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका स्वीकार नहीं की। इस पर काँग्रेस के दो वरिष्ठ नेताओं इमरान मसूद और राशिद अल्वी ने मानवीय आधार पर अनुचित माना। ये वही राशिद अल्वी हैं जिन्होंने पिछले सप्ताह बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को भारत में शरण देने को अनुचित बताया था और कहा था कि इससे पूरी दुनिया में भारत की बदनामी हो रही है।

विचार

# मकर संक्रांति : सृष्टि में ऊर्जा का नवसंचार करने वाला पर्व

*मृत्युंजय दीक्षित*

शीत ऋतु के मध्य जब सूर्यदेव धनु राशि को छोड़कर मकर राशि में प्रवेश करते हैं और उनकी उत्तरायण गति प्रारम्भ होती है, तब मकर संक्रांति होती है। यह पर्व सृष्टि में उर्जा का नवसंचार करने वाला पर्व है। मकर संक्रांति के दिन जप, तप, दान, स्नान, श्रद्धा, तर्पण आदि धार्मिक विधि विधान व कर्मों का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन दिया गया दान सौ गुना बढ़कर प्राप्त होता है। इस दिन उड़द, चावल, तिल, गौ, स्वर्ण, ऊनी, वस्त्र, कम्बल आदि दान के साथ गंगा स्नान एवं गंगातट पर दान का विशेष महत्व है। इस पर्व पर तीर्थराज प्रयाग एवं गंगा सागर में स्नान को महास्नान की संज्ञा दी गयी है।

संक्रांति से सूर्य सभी राशियों को प्रभावित करते हैं।

इस पर्व का का सम्बन्ध हमारे पौराणिक इतिहास से भी है। इस दिन भगवान भास्कर अपने पुत्र शनि से मिलने स्वयं उसके घर जाते हैं। महाभारत काल में इसी दिन भीष्म पितामह ने अपनी देह का त्याग किया था। आज ही के दिन गंगाजी भगीरथ के पीछे-पीछे चलकर कपिल मुनि के आश्रम से होती हुई सागर में जाकर मिली थीं। इसी दिन भगवान विष्णु ने असुरों का अंत कर युद्ध समाप्ति की घोषणा की थी और यही कारण है कि इस पर्व को बुराइयों और नकारात्मकता समाप्त करने का पर्व कहा जाता है।

वैज्ञानिक मान्यता है कि इस दिन से रातें छोटी एवं दिन बड़े होने लगते हैं तथा सूर्य का ताप बढ़ने लगता है। दिन बड़ा होने से प्रकाश का वातावरण अधिक होता है अतः सूर्य की राशि में हुए परिवर्तन को अंधकार से प्रकाश की ओर अग्रसर होना माना गया है। प्रकाश अधिक होने से प्राणियों की चैतन्यता एवं कार्यशक्ति में वृद्धि होती हैं।



इस अवसर पर सम्पूर्ण भारत में सूर्य देव की उपासना, आराधना एवं पूजन करने का विधि-विधान है।

हरियाणा और पंजाब में यह पर्व लोहड़ी के रूप में मनाया जाता है। इस दिन अंधेरा होते ही आग जलाकर अग्निदेव की पूजा करते हुए तिल गुड़ चावल और भुने हुए मुक्के की आहुति दी जाती है। इस सामग्री को तिल चौली कहा जाता है। इस दिन पारम्परिक मक्के की रोटी व सरसों के साग का आनंद भी उठाया जाता है।

उत्तर प्रदेश में यह पर्व दान का पर्व है। तीर्थराज प्रयाग में गंगा, यमुना व सरस्वती के संगम पर विशाल मेला लगता है, जिसे माघ मेले के नाम से जाना जाता है।उसी दिन से मांगलिक कार्यों भी आरम्भ हो जाते है। माघ मेला स्नान पौष पूर्णिमा से शिवरात्रि तक चलता है। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में गोरखनाथ मंदिर में विशाल मेला लगता है जो खिचड़ी मेले के नाम से प्रसिद्ध है।

इस अवसर पर नेपाल के राज परिवार की ओर से गोरक्षनाथ को प्रथम खिचड़ी अर्पित होती है। राज्य की सभी नदियों के तट पर स्नान तथा व दान पर्व होता है। इस दिन दान के उपरांत खिचड़ी खाने एवं खिलाने का बड़ा महत्व है।

तमिलनाडु में इस पर्व को पोंगल के रूप में चार दिन तक मनाया जाता है। पोंगल मनाने के लिये स्नान करके खुले आंगन में मिट्टी के बर्तन में खीर बनायी जाती है। जिसे पोंगल कहते हैं। इसके बाद सूर्यदेव को भोग लगाया जाता है। कर्नाटक, केरल व आंध्रप्रदेश में इसे संक्रांति ही कहते हैं। बिहार में भी इस पर्व को खिचड़ी नाम से ही जाना जाता हैं।

महाराष्ट्र में भी यह पर्व बड़े धूमधाम व उमंग के साथ मनाया जाता है यहाँ इस दिन महिलाएं आपस में तिल, गुड़ एवं रोली और हल्दी बांटती है। वहीं, बगाल में इस पर्व पर तिल दान करने की प्रथा है। यहां गंगासागर में प्रतिवर्ष विशाल मेला लगता है। असम में मकर संक्रांति को माघ बिहु अथवा भोगाली बिहू के नाम से मनाया जाता हैं। गुजरात में मकरसंक्रांति पर दान स्नान के साथ साथ पतंग उड़ाने का भी प्रचलन है जिसमें भारी संख्या में देशी और विदेशी पर्यटक तथा बड़ी-बड़ी हस्तियां हिस्सा लेती हैं।

मकर सक्रांति का पर्व पूरे भारत को एक सूत्र में जोड़ने वाला उत्साह, उमंग और उल्लास का पर्व है। यह समाज को सकारात्मक विचार प्रदान करने वाला पर्व है। सामाजिक एकीकरण का पर्व है। हिन्दुओं की साझी परंपरा का पर्व है।

हमें इस आध्यात्मिक ऊर्जा से भरे पर्व की राष्ट्रीय सार्थकता को समझते हुए इसके मूल स्वरूप को बचाए रखने का प्रण लेकर इसे उपभोक्तावाद से संरक्षित करना होगा।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

साहित्य



### जिन्दगी का हिसाब...!

**संजय एम तराणेकर**

*आईए जिन्दगी का कुछ हिसाब करते हैं,*
*पल-पल बीत गया उसकी बात करते हैं।*
*कोई भी नया मिलें तो मुलाकात करते हैं,*
*यूं कोई बिछड़ गया उसको याद करते हैं!*
*ए जिन्दगी तुझसे हम कोई बात करते हैं।*

*आईए जिन्दगी का कुछ हिसाब करते हैं,*
*पल-पल बीत गया उसकी बात करते हैं।*
*कोई हमसे रूठा हैं उसकी बात करते हैं,*
*जो हमसे बिछड़ गया शिकायत करते हैं!*
*ईश्वर उसे मिला दे हम फ़रियाद करते हैं।*

*आईए जिन्दगी का कुछ हिसाब करते हैं,*
*पल-पल बीत गया उसकी बात करते हैं।*
*धैर्य-हौसला-साहस एवं हिम्मत की हमने,*
*जाने कैसे संघर्षों से जिंदगी जी हैं हमने!*
*दुनिया में नफरतों से भी प्रेरणा ली हमने।*





## राशिफल

**मेष:-** कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनचर्या के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। घर में खुशहाली रहेगी।

**वृषभ:-** शासन-सत्ता से जुड़े लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य पूर्ण होने के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ होगा।

**मिथुन:-** संबंधों में व्यवहार कुशल बने। सामाजिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागेदारी संभव। निकट संबंधों में अपनी अच्छी छवि बनायें।

**कर्क:-** विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नये उत्साह का संचार करेंगी। कार्यक्षेत्र में संबंधों का भरपूर लाभ उठाएंगे।

**सिंह:-** जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है। नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का एहसास होगा। संतान संबंधी दायित्वों की पूर्ति होगी।

**कन्या:-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। शिक्षा में समुचित परिश्रम करने में असमर्थ मन नकारात्मक चिंताओं से बोझिल होगा।

**तुला:-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। दुविधाओं का त्याग कर लक्ष्य पर केंद्रित हों।

**वृश्चिक:-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कार्य में व्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा।

**धनु:-** कठिन एवं विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा में बढ़ेगी। घरेलू दायित्वों की पूर्ति होगी। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

**मकर:-** कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकट संबंधों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। गैर सांस्कारिक कार्य की आकर्षित मन पर अंकुश लगायें।

**कुंभ:-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत क्षेत्रों में संघर्ष संभव परंतु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**मीन:-** नकारात्मक चिंताओं को त्याग अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियो व सहकर्मियो के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

# सऊदी अरब व यू.ए.ई. के बीच तनाव भारत के लिए क्यों मायने रखता है?

*के.पी. नायर*

सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात का घनिष्ठ मित्रतापूर्ण संबंधों से प्रतिद्वंद्वी बनने का परिवर्तन नई दिल्ली के लिए सतर्कता की मांग करता है। भारत-कनाडा संबंधों में बरती गई लापरवाही या 2024 में डोनाल्ड ट्रम्प के अमरीकी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनने के बाद से भारत-अमरीका के बीच औपचारिकता की पूर्ण कमी को खाड़ी सहयोग परिषद (जी.सी.सी.) के सदस्य देशों में नहीं दोहराया जाना चाहिए।

पिछले 10 वर्षों में भारत की कूटनीति के लिए संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब के साथ संबंधों का विस्तार एक शानदार सफलता रही है। लेकिन जैसा कि बंगलादेश ने पिछले साल दिखाया, विदेश नीति कभी स्थिर नहीं होती। पहले भारत इन नव-धनी देशों में बन रही विशाल, पैट्रोडॉलर-वित्त पोषित निर्माण परियोजनाओं, जैसे आवास से लेकर रिफाइनरियों तक, के लिए बड़ी संख्या में गैर-राजनीतिक और भरोसेमंद श्रम का स्रोत मात्र था। भारत अब एक उभरती हुई अर्थव्यवस्था है, न कि मध्य स्तर का विकासशील देश। खाड़ी देशों में तेजी से बदलती परिस्थितियों की भारत को भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है। भारत में पहले समय की परिस्थितियां खाड़ी देशों की परिस्थितियों के अनुकूल नहीं थीं, सिवाय भारत की आयाओं, भारवाहकों, रसोइयों और चालकों (जिन्हें स्थानीय रूप से



ए.बी.सी.डी. कहा जाता था) के लिए काम तलाशने के। संयुक्त अरब अमीरात में 45 लाख भारतीय प्रवासी रहते हैं, जो अमरीका में रहने वाले मूल भारतीयों की संख्या के बाद दूसरे स्थान पर है। सऊदी अरब लगभग 28 लाख भारतीयों के साथ विश्व में तीसरे स्थान पर है। संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब मिलकर भारत में सबसे अधिक धन प्रेषण का स्रोत हैं।

भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में सबसे बड़ा योगदान जी.सी.सी. देशों का है। भारत का रणनीतिक पैट्रोलियम भंडार लगभग पूरी तरह से आबू धाबी से प्राप्त कच्चे तेल से बना है। सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के संबंधों में आई इस गंभीर गिरावट का तात्कालिक कारण यमन को लेकर दोनों देशों का अलग-अलग दृष्टिकोण है। मार्च, 2015 से दोनों देशों ने सना में विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार को बहाल करने के लिए मिलकर लड़ाई लड़ी, जिसे ईरान के समर्थन से हौथियों ने उखाड़ फैंका था। चार साल बाद, जब संयुक्त अरब अमीरात की मौतें बढने लगीं, तो उसने यमन में अपनी सैन्य उपस्थिति कम करनी शुरू कर दी। दूसरी ओर, सऊदी अरब को उतने लोगों का नुकसान नहीं हुआ क्योंकि उन्होंने हौथियों पर हमले हवाई बमबारी तक ही सीमित रखे। सहानुभूति जताते हुए, यू.ए.ई. के पूर्व राष्ट्रपति के नाम पर स्थापित खलीफा फाऊंडेशन चौरिटी ने घायल यमनी लोगों को इलाज के लिए भारतीय अस्पतालों में विमानों से भेजा। सऊदी अरब के नेतृत्व वाले 'कोएलिशन ऑफ द विलिंग' के विघटन के बाद, संयुक्त अरब अमीरात ने अदन में एक अलगाववादी समूह-दक्षिणी संक्रमणकालीन परिषद (एस.टी.सी.). को अपना प्रतिनिधि बना लिया। सऊदी अरब एक एकीकृत यमन चाहता है, जो उसकी कानूनी सरकार के अधीन हो।

पिछले सप्ताह, राष्ट्रीय राजधानी में स्थित यू.ए.ई. समथ्र्थत एस.टी.सी. ने व्यावहारिक रूप से उस पूरे क्षेत्र पर नियंत्रण कर लिया था, जो पूर्व में दक्षिण यमन कहलाता था। सऊदी अरब के समर्थन से सना से किए गए हमलों के बाद अदन स्थित इस क्षेत्र का मुख्य हवाई अड्डा बंद कर दिया गया था। सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात सूडान को लेकर भी आमने-सामने हैं। दक्षिण सूडान गणराज्य में संयुक्त राष्ट्र मिशन (यू.एन.एम.आई.एस.एस.) में 2306 भारतीय सैनिक तैनात हैं। सूडान और दक्षिण सूडान के बीच विवादित क्षेत्र अबेई के लिए संयुक्त राष्ट्र अंतरिम सुरक्षा बल (यू.एन.आई.एस.एफए.) में 506 भारतीय शांति सैनिक भी हैं। यदि सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात अपने-अपने सहयोगियों को हथियारों की आपूर्ति और वित्तीय सहायता बढ़ाते हैं, तो उन्हें खतरा होगा। ओ.एन.जी.सी. विदेश लिमिटेड ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा रणनीति के तहत अविभाजित सूडान के तेल उद्योग में 2.3 अरब डॉलर का निवेश किया था। यह निवेश अब दोनों सूडानों में फैला हुआ है और गृहयुद्ध से प्रभावित हुआ है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### अवैध खनन करते पकड़ी गई जेसीबी मशीन सहित तीन ट्रैक्टर





**कुलपहाड़/महोबा।** उपजिलाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार के निर्देश पर राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा अवैध खनन के खिलाफ कार्यवाही करते हुए एक जेसीबी सहित तीन ट्रैक्टर वाहनों को सीज किए जाने से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है। बताया जाता है कि विकासखंड जैतपुर अंतर्गत थाना अजनर क्षेत्र स्थित भगोरा पहाड़िया में अवैध रूप से खनन किया जा रहा था। इसकी सूचना मिलते ही उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ के निर्देश पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मौक़े पर पहुंचकर अवैध खनन करते हुए एक जेसीबी व तीन ट्रैक्टर वाहनों को बरामद कर सीज की कार्यवाही की गई है। इस संयुक्त टीम में नायब तहसीलदार पंकज गौतम, लेखपाल संदीप सिंह, राजस्व निरीक्षक श्यामलाल कुशवाहा, थाना अजनर प्रभारी सुभाष चन्द्र, उप निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार आदि शामिल रहे। राजस्व एवं पुलिस संयुक्त टीम की इस कार्यवाही से अवैध खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

### दबंगों पर लगा युवती से छेड़छाड़ करने का आरोप, पीड़ित परिवार ने एसपी को शिकायती पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार

**कुलपहाड़/महोबा।** थानाक्षेत्र अन्तर्गत एक ग्राम निवासी अपने दादा जी को खाना देने जा रही युवती ने गांव के ही तीन दबंगों पर छेड़छाड़ कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने जब दबंगों की शिकायत थाना में की तो पुलिस राजीनामा दबाव बनाने लगी और पीड़िता को न्याय न मिल पाने के कारण पीड़ित परिवार ने आखिरकार पुलिस अधीक्षक की चौखट पर पहुँचकर न्याय की गुहार लगाई है। प्राप्त विवरण के अनुसार कुलपहाड़ थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक ग्राम निवासी 19 वर्षीय युवती जब अपने दादा को पानी की टँकी पर खाना देने जा रही थी आरोप है कि तभी गांव के ही रहने बाले दबँग ने जबरन हाथ पकड़ लिया और छेड़छाड़ करने लगा जब पीड़िता ने शोर मचाया तो दबंग भाग गया। पीड़िता ने बताया कि उक्त दबंग अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर आये दिन छेड़छाड़ और गाली–गलौच करता है। जब पीड़िता अपने परिजनों के साथ कुलपहाड़ थाना दबंगो की शिकायत करने पहुंची तो पुलिस ने राजीनामा का दबाव बनाया और उनकी शिकायत नही दर्ज की गई और आज पीड़िता अपने परिजनों के साथ आज पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाने पहुंची। फिलहाल पुलिस अधीक्षक ने पीड़िता को न्याय का आश्वासन दिया है ।

### फर्जी निकली सर्राफा दुकान में कथित चोरी की घटना



**खन्ना/महोबा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत बीते दिनों सर्राफा दुकान में हुई चोरी की घटना फर्जी निकली पुलिस की जांच में यह खुलासा किया गया है बताया जाता है कि विगत 09 जनवरी 2026 को थाना खन्ना क्षेत्र अन्तर्गत वादी साहिल सोनी पुत्र स्व. नरेश चन्द्र सोनी निवासी ग्राम कहरा द्वारा थाना उपस्थित होकर एक लिखित सूचना दी गई थी कि दिनांक 08/09.01.2026 की रात्रि में उनके घर में स्थित सोने–चाँदी की दुकान की अलमारी से अज्ञात चोरों द्वारा काफी मात्रा में सोने–चाँदी के आभूषण एवं 30,000/– रुपये नगद चोरी कर लिए गए हैं। उक्त सूचना के आधार पर थाना खन्ना में मुकदमा धारा 305(ए) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। वादी द्वारा अपने बयान में यह भी बताया गया था कि अज्ञात चोर घर की दीवार पर चढ़कर दो–मंजिला छत के रास्ते घर में प्रवेश कर आए तथा उनकी दादी के हाथ–पैर बाँध दिए और अलमारी का ताला तोड़कर लगभग 40 ग्राम सोना, 3.5 किलोग्राम चाँदी के आभूषण एवं 30,000/– रुपये नगद चोरी कर लिए। घटना के त्वरित एवं सफल अनावरण हेतु पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह तथा क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा गहन विवेचना की गई, साथ ही प्रकरण में जनपदीय स्वॉट/सर्विलांस का भी सहयोग लिया गया। विवेचना के दौरान घटनास्थल के निरीक्षण, साक्ष्यों के परीक्षण एवं वादी से गहन पूछताछ करने पर यह तथ्य प्रकाश में आया कि कथित चोरी की घटना वास्तव में घटित नहीं हुई थी। पूछताछ में वादी साहिल सोनी द्वारा स्वयं स्वीकार किया गया कि उसके पिता स्व.नरेश चन्द्र सोनी द्वारा कई व्यक्तियों के जेवरात गिरवी रखे गए थे, जिन्हें वापस न करना पड़े, इसी उद्देश्य से वादी के द्वारा सुनियोजित तरीके से चोरी की झूठी सूचना देकर, चोरी का अभियोग पंजीकृत कराया था। प्रकरण की जांच व पूछताछ में वादी द्वारा अपनी गलती स्वीकार की गई। थाना खन्ना पुलिस द्वारा प्रकरण का विधिवत खुलासा कर लिया गया है तथा प्रकरण में सम्बन्धित द्वारा झूठी एवं भ्रामक सूचना दिए जाने के सम्बन्ध में वादी के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित कर दी गयी है। जनपद पुलिस आमजन से अपील करती है कि किसी भी प्रकार की झूठी सूचना, भ्रामक घटना अथवा फर्जी अभियोग दर्ज कराने से बचें, अन्यथा दोषियों के विरुद्ध विधि सम्मत कठोर कार्यवाही की जाएगी। क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि थाना खन्ना क्षेत्र अन्तर्गत सर्राफा दुकान में चोरी होने की घटना विवेचना के दौरान फर्जी एवं मनगढ़ंत पायी गई सम्बन्धित के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई प्रचलित है।

### आईटीआई में अप्रेंटिस मेला कल

**भरूआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** आईटीआई व पॉलिटेक्निक उत्तीर्ण छात्र छात्राओं के लिए अप्रेंटिस मेले का आयोजन 16 जनवरी को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित किया गया है राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य शैलेंद्र कुमार सैनी ने बताया कि आईटीआई व पॉलिटेक्निक उत्तीर्ण बेरोजगार प्रशिक्षणार्थियों के लिए अप्रेंटिस मेले का आयोजन 16 जनवरी को चंद्रपुरवा गेट के समीप संचालित आईटीआई में किया गया है।

### हज़रत कमरूद्दीन बाबा का उर्स धूमधाम से संपन्न




**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** कस्बे में हज़रत कमरूद्दीन बाबा का वार्षिक उर्स अकीदत और श्रद्धा के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर कस्बे में परंपरागत रूप से काब्बलियों के साथ चादरों का जुलूस निकाला गया, जो विभिन्न मार्गों से होता हुआ बाबा की मजार पर पहुंचा। जुलूस में शामिल अकीदतमंदों ने मजार पर चादर चढ़ाकर अमन, चैन और खुशहाली की दुआ मांगी उर्स के दौरान मजार परिसर में विशेष फातिहा और दुआ का आयोजन किया गया, जिसमें दूर–दराज से आए जायरीनों ने शिरकत की। कार्यक्रम के चलते पूरे इलाके में धार्मिक और सौहार्दपूर्ण माहौल बना रहा। बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों की मौजूदगी से मजार परिसर गुलजार रहा उर्स के अवसर पर सुरक्षा और व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। आयोजकों की ओर से जायरीनों के लिए पानी और लंगर की व्यवस्था की गई। अकीदतमंदों ने बाबा की दरगाह पर हाजिरी लगाकर मन्नतें मांगीं और समाज में भाईचारे का संदेश दिया।

### ब्लाक परिसर में निकला विशालकाय सर्प, हड़कंप

**भरूआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** विकासखंड कार्यालय परिसर में बने शौचालय के ठीक बगल में विशालकाय सर्प निकलने से ब्लॉक कर्मियों में हड़कंप मच गया। ब्लॉक कर्मियों की चहल कदमी के आहट पाकर शौचालय के पीछे खंडहर में जाकर गायब हो गया बुधवार को करीब 2:00 बजे ब्लॉक कार्यालय के शौचालय के ठीक बगल में विशाल का सर्प को टहलता देखकर ब्लॉक कर्मियों में हड़कंप मच गया। कर्मियों के चहल कदमी की आहट से वह शौचालय के पीछे खंडहर में जाकर गायब हो गया

### रोमांचक मुकाबले में ऐझी की टीम ने एक रन से जीता मैच



**खड़ेही लोधन, हमीरपुर।** गांव बिहूनी के रामचरित मानस क्रिकेट स्टेडियम में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट मे बुधवार के रोमांचक मैच ऐझी की टीम व बसवारी की टीमो के बीच हुए इस मैच में अंतिम गेंद तक रोमांच बना रहा जिसमें ऐझी की टीम ने मात्र 1 रन से बसवारी की टीम हो हरा दिया मुस्करा विकास खंड क्षेत्र के गांव बिहूनी के रामचरित मानस स्टेडियम में चल क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार के दिन ऐझी की टीम व बसवारी की टीम के बीच खेला गया जिसमें ऐझी की टीम कप्तान ने पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लेते निर्धारित 12 ओबरो में 106 रन बनाए जिसमे टीम के खिलाड़ी उपेन्द्र ने16 रन,कृष्ण 11व संदीप ने 15 गेंदों में 23 रनों की उपयोगी पारी खेली। जवाब में मैच खेलने उतरी बसवारी की टीम की शुरुआत खराब रही और सलामी बल्लेबाज दीपक बिना खाता खोले ही आउट हो गए इसके बाद मोहन ने 36रन,धीरू ने 28 रनों की शानदार पारियां खेलकर टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया गेंदबाजी में ऐझी के उपेन्द्र ने शानदार वापसी करते हुए 3 ओवर में 27 रन व3 विकेट लिए वहीं अभिषेक ने 3 ओवर में 19 रन बनाये कसी हुई गेंदबाजी के चलते बसवारी की टीम 12 ओवरों में 8 विकेट खोकर 105 रन ही बना सकी और महज 1 रन के अंतर से मैच हार गई मैच में अंपायर की भूमिका सत्येन्द्र वर्मा और संदीप राजपूत ने निभाई कमेंट्री कमल वर्मा ने दर्शकों का उत्साहवर्धन किया जबकि स्कोलर के रूप में भरत राजपूत ने अपना योगदान दिया।

# डीएम ने बैठक कर की स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा

**महोबा,समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें गर्भवती महिला पंजीकरण एवं जननी सुरक्षा योजना, जननी सुरक्षा कार्यक्रम, एंबुलेंस सेवा, मातृत्व मृत्यु संबंधी समीक्षा एवं टीकाकरण संबंधी बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जनपद के 102, 108 एवं एएलएस एंबुलेंस के मैनेजर को निर्देशित किया कि किसी भी परिस्थिति में किसी मरीज को लाने ले जाने में विलंब ना हो। जिलाधिकारी द्वारा बैठक में निर्देश दिए गए कि स्टेट रैंक से जनपद की रैंक कम नहीं होनी चाहिए, स्वास्थ्य सेवाओं की सब तक पहुँच सुनिश्चित कराये एवं जननी सुरक्षा योजना का भुगतान शत प्रतिशत लाभार्थियों को सुनिश्चित हो तथा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं समस्त चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि किसी भी मरीज को बाहर की दवाई ना लिखी जाए। किसी तरह की बाहर की दवाई लिखी पाए जाने पर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जनपद की समस्त चिकित्सा इकाइयों पर शीत लहर के दृष्टिगत चिकित्सालय परिसर में अलाव, वार्ड में हीटर एवं मरीज हेतु कंबल का उचित प्रबंध सुनिश्चित कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने सभी मुख्य चिकित्सा अधीक्षकों एवं चिकित्सा अधीक्षकों को निर्देशित किया कि किसी भी मरीज का यथा संभव इलाज अपनी इकाई पर करें, यदि उस विधा का डॉक्टर उपलब्ध न हो तो मरीज की स्थिति का आकलन करने के बाद ही मरीज को रेफर करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आशाराम, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुरेश कुमार, डॉ वी. के. चौहान सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## सड़क दुर्घटना में बाइकों पर सवार चार लोग घायल



**कुलपहाड़/महोबा।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम मंगरौल कलां के पास तेज रफ्तार दो बाइकों की आमने-सामने हुई भीषण भिड़ंत हो गई दुर्घटना में बाइक सवार दंपत्ति,मासूम सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों द्वारा सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुँचाया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद एक घायल की हालत में सुधार न होने पर डॉक्टर ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। प्राप्त विवरण के अनुसार ग्राम खैरारी निवासी 35 वर्षीय पुष्पेंद्र पत्नी जामवती और 6 वर्षीय पुत्र प्रतीक के साथ बाइक में सवार होकर वापस अपने गांव लौट रहा था जैसे ही उनकी बाइक मंगरौल कलां के पास पहुँची तभी विपरीत दिशा से आ रही दूसरी बाइक से उनकी भिड़ंत हो गई। दूसरी बाइक में सवार मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जनपद निवासी 21 वर्षीय अभिषेक प्रजापति भी घायल हो गया। बताया जाता है कि अभिषेक अपनी बहन को लेने के लिए मंगरौल कलां गांव जा रहा था,लेकिन गाँव पहुँचने से पहले ही वह हादसे का शिकार हो गया। एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद अभिषेक की हालत में सुधार न होने पर डॉक्टर ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। घायल पुष्पेंद्र, उसकी पत्नी और बच्चे का इलाज सीएचसी जैतपुर में चल रहा है।

## आर्मी विंटर्स डे का किया गया आयोजन



**हमीरपुर।** दसवीं अवार्ड फोर्स वेंडर्स डे के अवसर पर जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के तत्वावधान में जिला अधिकारी आवास में वीरता पुरस्कार विजेताओं व वीर नारियों को जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कर्नल सिद्दीकी सेवामेंडल, विमला देवी विधवा स्वर्गीय हवलदार शिवनारायण सिंह कीर्ति चक्र तथा सूबेदार नरेश कुमार पाल को शाल, उपहार व मिष्ठान देकर जिला अधिकारी महोदय ने सम्मान किया इस कार्यक्रम में कैप्टन हरजिंदर सिंह संधू, अधिकारी व विनोद परिहार व सहायक अपनी टीम/स्टाफ के साथ मौजूद रहे।

## नारी सुरक्षा, सम्मान को लेकर महोबा पुलिस का सशक्त जागरूकता अभियान

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के पर्यवेक्षण में ÷मिशन शक्ति अभियान फेज-5÷ के अन्तर्गत जनपद महोबा में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण सुदृढ़ करने के उद्देश्य से व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों एवं अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों की सक्रिय सहभागिता से महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सरकारी कल्याणकारी योजनाओं तथा सुरक्षा संबंधी संसाधनों की जानकारी प्रदान की गई। अभियान के दौरान विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई आर्थिक सहायता योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, पीएम सम्मान निधि योजना, वन स्टॉप सेंटर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केंद्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना आदि की जानकारी पंपलेट के माध्यम से दी गई। महिलाओं को पुलिस विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे वीमेन पावर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, सीएम हेल्पलाइन-1076, स्वास्थ्य सेवा-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्पलाइन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930 आदि के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया गया। महोबा पुलिस द्वारा चलाया गया यह अभियान महिलाओं में सुरक्षा का भरोसा, आत्मनिर्भरता की सोच और सम्मान का भाव विकसित करने की दिशा में एक सशक्त पहल है।

## अनियंत्रित होकर टकराए तेज रफ्तार दो ट्रक, एक की मौत, दो घायल

**खन्ना/महोबा, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र अंतर्गत कानपुर-सागर राजमार्ग पर स्थित खन्ना टोल प्लाजा व खन्ना विद्युत पावर हाउस के मध्य विगत रात्रि तेज रफ्तार दो ट्रकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में एक ट्रक चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई,जबकि एक अन्य चालक व खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त विवरण के अनुसार खन्ना विद्युत पावर हाउस के पास तेज रफ्तार दो ट्रक अनियंत्रित होकर टकरा गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक ट्रक का चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया। मृतक चालक कुप्पूस्वामी उम्र 45 वर्ष निवासी इटरीवल्लबू पककडू पोस्ट ऐडप्पडी पककडू सलेय तमिलनाडु का बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही खन्ना थाना प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायलों को तत्काल एम्बुलेंस की मदद से उपचार हेतु नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। ट्रक में फंसे मृत चालक को क्रेन मशीन की सहायता से काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। हादसे के चलते बरबई गांव से खन्ना तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुछ समय के लिए लंबा जाम लग गया। खन्ना थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए यातायात को सुचारू कराया और जाम खुलवाया। फिलहाल पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

## गैस पाइप लाइन डालते फटी पेयजल लाइन आपूर्ति ठप



**भरूआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** कस्बे के धर्मेश्वर बाबा मोहाल में गैस पाइपलाइन बिछाते समय पेयजल लाइन ध्वस्त होने से पिछले एक सप्ताह से लोग पानी के लिए परेशान है। पानी छोड़े जाने पर फटी पाइपलाइन का पानी घरों में समा रहा है इससे घरों में सीलन पैदा हो रही है। धर्मेश्वर बाबा मोहाल निवासी सुनील कुमार प्रजापति,छोटे सोनकर, विश्ववीर आदि ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व गैस पाइपलाइन डालते समय पेयजल लाइन फट गई थी, तभी से जलापूर्ति प्रभावित है। पानी छोड़े जाने पर घरों में गंदे पानी की आपूर्ति होती है। लीकेज से पानी बाहर आने से आसपास के घरों में सीलन पैदा हो रही है। इससे लोग परेशान है। जल संस्थान के अवर अभियंता आशीष यादव ने बताया कि समस्या की जानकारी है। ध्वस्त पाइपलाइन को ठीक कराकर जलापूर्ति जल्द ही सुचारु कर दी जाएगी।

## जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी की जिला इकाई गठित

▸ पार्टी के जिला संरक्षक ने पदाधिकारियों को सौंपा दायित्व

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



मुख्यालय के गांधीनगर मोहल्ला स्थित जनसता लोकतांत्रिक पार्टी के जिला संरक्षक मनोज शुक्ला के आवास पर बैठक आयोजित कर पार्टी की जनपद इकाई का गठन किया गया। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों को दायित्व सौंप पार्टी के प्रति निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करने का वचन लिया गया। बताते चलें कि जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी की बैठक मनोज कुमार शुक्ला जिला संरक्षक के संरक्षण में संपन्न हुई। जिसमें कार्यकारिणी गठन के बाद पदाधिकारी नियुक्त किए गए जिला अध्यक्ष अजय कुमार मिश्रा और प्रधान महासचिव जगभान सिंह राजावत को बनाया गया। महासचिव मुलायम सिंह यादव, सचिव अजब सिंह, प्रवक्ता अनूप कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष राहुल रैकवार ,व्यापार प्रकोष्ठ पवन सोनी, अधिवक्ता प्रकोष्ठ पुष्पेंद्र कुमार साहू (निर्भय), जिला उपाध्यक्ष पवन शुक्ला ,जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ श्रीमती रेणु सिंह व सदस्य कार्यकारिणी में डॉक्टर हिमांशु कुमार तिवारी, गौरव सिंह परमार को शामिल किया गया। सभी पदाधिकारियों को फूल माला पहनाकर स्वागत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की गई। पूर्व ब्लाक प्रमुख जितेन्द्र शुक्ला ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई दी है।

## ट्रैक मैन पर्वत का स्टेशन परिसर में सम्मान समारोह

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**




अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित झांसी रेल मंडल के ट्रैकमैन पर्वत के बांदा आगमन पर रेलवे स्टेशन परिसर में उनके सहकर्मियों एवं आमजन द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया। यह स्वागत उनके द्वारा रेलवे सेवा के दौरान प्रदर्शित उत्कृष्ट कार्य, निष्ठा एवं संरक्षा के प्रति समर्पण के सम्मान स्वरूप किया गया इस अवसर पर उपस्थित रेलवे कर्मचारियों ने पर्वत को बधाई देते हुए कहा कि उनका यह सम्मान न केवल झांसी रेल मंडल बल्कि समस्त भारतीय रेल के लिए गौरव का विषय है। परवति का कार्य अन्य रेलकर्मियों के लिए प्रेरणास्रोत है और यह सिद्ध करता है कि कर्तव्यनिष्ठ एवं ईमानदार सेवा को सदैव सम्मान मिलता है। स्टेशन परिसर में आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम के दौरान पर्वत को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। आमजन ने भी इस अवसर पर उनके योगदान की सराहना करते हुए शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर पर्वत की पत्नी विशरानिया, पुत्र सियाराम एवं अजय उपस्थित रहे। रेल परिवार से रूपेश कुमार वर्मा, वरिष्ठ खंड अभियंता, बांदा, रमेश मीना, वरिष्ठ खंड अभियंता, अठौना, राजेश शर्मा, स्टेशन प्रबंधक, इचौली, बृजमोहन साहू, आशीष कुमार, चंदू अहिरवार, शिव, राममिलन, मिथलेश एवं करन मौजूद रहे।

## खेलकूद मैदान अरतरा में जय मां काली क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन

**मौदहा(हमीरपुर)।** ग्राम खेलकूद मैदान अरतरा में आयोजित जय माँ काली क्रिकेट टूनामेंट में बुधवार को मुख्य अतिथि आजाद भारत पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश त्रिपाठी ने फीता काटकर खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया। इसके बाद टाइगर क्लब व माँ काली क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। जिसमे टाइगर क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी टाइगर क्लब ने निर्धारित 12 ओवर में 5 विकेट खोकर 102 रन बनाए। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी मां काली क्रिकेट टीम ने शिवम त्रिपाठी के 43 रन व सोनू ने 41 रनों की बदौलत 8 ओवर में दो विकेट खोकर 103 रन बनाकर विजय हासिल की। जिसमें 43 रनों की शानदार पारी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## छात्रों को ड्रेस कोड में भेजने के लिए अभिभावकों को करें प्रेरित



**भरुआ सुमेरपुर।** ब्लाक संसाधन केंद्र कुछेछा में विद्यालयों के प्रधानध्यापक एवं इंचार्ज प्रधानाध्यापकों की बैठक हुई। खंड शिक्षा अधिकारी प्रभाकर सिंह तोमर ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक विद्यालय में प्रधानाध्यापक अभिभावकों की बैठक कर बच्चों को निर्धारित यूनिफॉर्म जूता मोजा स्वेटर में ही विद्यालय भेजने के लिए अनुप्रेरित करें । जिससे कड़ाके की ठंड में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं शिक्षा का कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े । इसके साथ ही विद्यालय में समस्त स्टाफ बच्चों का निपुण आकलन, डीबीटी, निप्पल प्लस पर छात्र आकलन,अपार आईडी,एमबीयू एवं इको क्लब पर कार्य करना सुनिश्चित करें। कहा कि जनवरी एवं फरवरी माह में डीएलएड प्रशिक्षुओं के माध्यम से विद्यालय में अध्यनरत बच्चों का शैक्षिक आकलन कराया जाएगा। बच्चों को अभ्यास करते हुए निष्पक्ष तरीके से आकलन कराएं। गणतंत्र दिवस से पूर्व विद्यालयों की रंगाई पुताई अवश्य करा लें। इस मौके पर क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों के समस्त प्रधानाध्यापक, इंचार्ज प्रधानाध्यापक एवं एआरपी अकबर अली मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार बाइक ई रिक्शा में टकराई, दो घायल

**भरूआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** हाईवे में दोपहर को इमिलिया तिराहे के समीप तेज रफ्तार बाइक ईरिक्शा के अचानक मुड़ने से टकरा गई। इस घटना में बाइक सवार हाईवे में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। कस्बे की इमिलिया थोक निवासी संदीप 25 वर्ष, रामनाथ 29 वर्ष बाजार से बाइक से वापस घर आ रहे थे। इमिलिया तिराहे में हाईवे पर अचानक ई रिक्शा के मुड़ जाने से तेज रफ्तार बाइक ई रिक्शा में टकरा गई। इस घटना में दोनों बाइक सहित हाईवे में जा गिरे और घायल हो गए। राहगीरों ने दोनों को इलाज के लिए नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है।

## सड़क बनते ही उग आई घास, वीडियो हुआ वायरल

▸ घटिया निर्माण पर उठे सवाल

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



महज एक माह पूर्व करीब 15 लाख की लागत से बनाया गया पलरा विदोखर मार्ग जगह जगह से उखड़ने लगा है। साथ ही मिट्टी के ऊपर डामरीकरण कर देने से डामरीकरण के ऊपर घास उग आई है। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। जिसकी पुष्टि नहीं करता है। पलरा के प्रधान रामखिलावन श्रीवास, विदोखार मेंदनी के प्रधान लालाराम यादव, विदोखर पुरई के प्रधान सुंदरलाल प्रजापति, पूर्व प्रधान जगभान श्रीवास, नवीन सिंह आदि ने बताया कि लगभग एक माह पूर्व पलरा से लेकर विदोखर की तरफ डेढ़ किलोमीटर सड़क का डामरीकरण कराया गया था। इस डामरीकरण में ठेकेदार ने जमकर मनमानी की है। घटिया कार्य होने से यह ध्वस्त होने लगा है और मिट्टी के ऊपर डामरीकरण कर देने से डामरीकरण में घास उग आई है। ग्रामीणों ने इस घटिया निर्माण का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। जिसमें लोग विकास के नाम पर लूट करने जैसे सवाल उठाकर कमेंट्स कर रहे हैं। विदोखर पुरई के प्रधान सुंदरलाल प्रजापति, विदोखर मेंदनी के प्रधान लालाराम यादव, पलरा के पूर्व प्रधान इंद्रपाल सिंह आदि ने बताया कि पलरा से विदोखर तक छानी मार्ग के पास तक सड़क मे डामरीकरण करने की जरूरत है जबकि महज डेढ़ किलोमीटर की ही डामरीकरण कराया गया है। वह भी बहुत घटिया हुआ है। इसकी निष्पक्ष जांच कर कर ठेकेदार, अभियंता के खिलाफ कार्यवाही करके पलरा से विदोखर तक डामरीकरण नए सिरे से करना चाहिए। ग्राम प्रधानों ने कहा कि वह सदर विधायक डॉ मनोज कुमार प्रजापति को शिकायत सौंपकर समस्या से अवगत कराकर पलरा से विदोखर तक डामरीकरण कराने की मांग करेंगे। पलरा के प्रधान रामखिलावन का कहना है कि वहां पलरा मार्ग में भी डामरीकरण की जरूरत है क्योंकि पलरा से लेकर बांक की सीमा तक यह खराब हो गया है। इसमें बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं उन्होंने बताया कि इस मार्ग में पाटनपुर, रोहारी,बण्डा,मवईजार, कल्ला, धनपुरा, खडेहीजार, छानी बुजुर्ग, छानी खुर्द, अतरार, विदोखर पूरई, विदोखर मेंदनी आदि गांव के लोगों को प्रतिदिन आना जाना है। सड़क खराब होने से लोगों का आवागमन में असुविधा हो रही है। लोकनिर्माण विभाग के सहायक अभियंता अरुण कुमार ने बताया कि उन्होंने मौके पर जाकर निरीक्षण किया है निर्माण कार्य खराब नहीं है इसके बाद भी ठेकेदार को मरम्मत कराने के निर्देश दिए हैं शेष डेढ़ किलोमीटर सड़क का विशेष मरम्मत कराने का प्रस्ताव भेजा गया है।

# डीएम ने की नागरिक सुरक्षा दिवस की तैयारियों की समीक्षा

## नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर पुलिस लाइन में आयोजित होगा ब्लैक आउट मॉक ड्रिल कार्यक्रम

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।



यूपी दिवस 2026 के अवसर पर तथा महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में दिनांक 23 जनवरी 2026 को मनाए जाने वाले नागरिक सुरक्षा दिवस के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के साथ की गई।

इस दौरान उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा अनिता प्रताप द्वारा अवगत कराया गया कि शासन के निर्देशों के क्रम में ब्लैक आउट मॉक ड्रिल कार्यक्रम का आयोजन पुलिस लाइन में किया जाएगा। जिसमे 23 जनवरी को शाम 6 बजे सायरन बजाकर ब्लैक आउट अभ्यास कराया जाएगा, जिसके दौरान विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद रखी जाएगी तथा आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने हेतु विभागीय तैयारियों का व्यवहारिक परीक्षण किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने पुलिस, अग्निशमन, स्वास्थ्य, विद्युत, नगर निकाय, होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा संगठन एवं अन्य सम्बन्धित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए समस्त तैयारियां समयान्तर्गत पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि मॉक ड्रिल के दौरान अग्निशमन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा त्वरित प्रतिक्रिया, प्राथमिक उपचार एवं आपात सेवाओं की पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए गए कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से नागरिक सुरक्षा, आपदा प्रबंधन एवं अनुशासन के महत्व को रेखांकित किया जाए। नागरिक सुरक्षा दिवस के अंतर्गत आयोजित सभी कार्यक्रम शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराए जाएं। बैठक में बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित जिला युवा कल्याण अधिकारी का वेतन बाधित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि/रा) निरंकार सिंह,एएसपी उत्तरी विकास चन्द्र त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन शैलेन्द्र सिंह, सदस्य रत्नेश कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# साइबर सेल ने पीड़ित को लौटाया एक लाख 14 हजार 902 रुपये



बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।

एक लाख चौदह हजार 902 रुपये की धोखाधड़ी एवं फ्राड करने वाले से साइबर सेल पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़ित को वापस कराया गया है। साइबर सेल, जनपद बाराबंकी को एक ऑनलाइन शिकायती प्रार्थना पत्र हुआ, जिसमें धोखाधड़ी से ट्रांसफर करा लेने के सम्बन्ध में आवेदक मो. फैसल पुत्र मसूद अहमद निवासी ग्राम बेलखरा थाना टिकैतनगर जनपद बाराबंकी से एक लाख चौदह 902 रूपये का फ्रॉड होने का उल्लेख किया गया। संदर्भित प्रकरण में पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी संगम कुमार के कुशल पर्यवेक्षण में साइबर क्राइम सेल द्वारा साइबर तकनीकी का प्रयोग कर संबंधित से पत्राचार कर 01,14,902 रूपये पीड़ित के खाते में वापस कराया गया।

## ई रिक्शा की बैटरियों का चोर गिरफ्तार

फतेहपुर बाराबंकी। थाना मो0पुर खाला पुलिस ने चोरी की घटनाओं पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से चोरी की गई चार अदद ई-रिक्शा बैटरियां भी बरामद की हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना मो0पुर खाला पुलिस टीम ने सुहेल पुत्र पुद्दन निवासी ग्राम खाले टोला, बेलहरा, थाना मो0पुर खाला जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त की निशानदेही पर चोरी की गई चार ई-रिक्शा बैटरियां बरामद की गईं। पुलिस जांच में यह बात सामने आई कि अभियुक्त सुहेल ने दिनांक 12 जनवरी 2026 को कस्बा बेलहरा स्थित एक दुकान से ई-रिक्शा की चार बैटरियों की चोरी की थी। घटना के बाद पीड़ित दुकानदार द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिस पर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की।

# मुठभेड़ में 15 हजार का इनामिया बदमाश गिरफ्तार

जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।



थाना जैदपुर पुलिस टीमने मुठभेड़ के बाद 15 हजार रुपए के इनामी बदमाश मोहम्मद वसीम को गिरफ्तार किया है।मंगलवार देर रात 1 बजे मुठभेड़ के दौरान बदमाश के पैर में गोली लगी। जिसके बाद उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मोहम्मद वसीम पर दो दर्जन से अधिक गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज है।अभियुक्त पर अवैध हथियार,पशु क्रूरता व एनडीपीएस एक्ट के तहत बाराबंकी के कोठी थाना, रामसनेही घाट जैदपुर व बहराइच जिले में भी मुकदमा दर्ज है। जानकारी के अनुसार वांछित आरोपी पर कुल 25 मुकदमे दर्ज है। यह घटना बीती रात थाना जैदपुर क्षेत्र में हुई। पुलिस टीम वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी और अपराध नियंत्रण के लिए गश्त कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को भनौली नहर पुलिया के पास एक संदिग्ध अपराधी की मौजूदगी की सूचना मिली।सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने इलाके को घेराबंदी की।

पुलिस ने संदिग्ध को रुकने का इशारा किया।लेकिन उसने खुद को घिरा देखकर पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी और भागने का प्रयास किया।पुलिस की जवाबी कार्रवाई मे आरोपी के पैर मे गोली लगी।जिससे वह घायल हो गया।घायल अवस्था में आरोपी को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया,जहां उसका इलाज जारी है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहम्मद वसीम पुत्र मुन्ना, निवासी ग्राम जमालपुर थाना असन्द्रा जनपद बाराबंकी के रूप मे हुई है।पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद किया है।मोहम्मद वसीम थाना जैदपुर में गैंगस्टर एक्ट के तहत वांछित था और उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक बाराबंकी ने 15 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था।उसके खिलाफ कुल दो दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# आत्महत्या के दुष्प्रेरण का दोष सिद्ध, पांच साल की हुई सजा, पांच हजार जुर्माना

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। ऑपरेशन कनविक्शन के तहत चिन्हित अभियोग की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप न्यायालय द्वारा आत्महत्या के दुष्प्रेरण से सम्बन्धित अभियुक्त को 05 वर्ष का कारावास व पांच हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

> अभियुक्त के विरुद्ध वादी की बहन को प्रताड़ित करने के सम्बन्ध में दी थी सूचना

पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में जघन्य अपराधों में लिप्त अपराधियों को तत्काल गिरफतार कर उनके विरुद्ध वैज्ञानिक विधि से साक्ष्य संकलन एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए थाना सफदरगंज पर आत्महत्या के दुष्प्रेरण के सम्बन्ध में पंजीकृत मु0अ0सं0 469/2023 धारा 306 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त जोगेन्द्र सिंह पुत्र चरण सिंह उर्फ मुन्नालाल निवासी नसीरनगर थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी को उपरोक्त धाराओं में न्यायालय जिला जज जनपद बाराबंकी द्वारा दोषसिद्ध करते हुए 05 वर्ष का कारावास व 5,000/- रू0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया । घटनाक्रम में 09.10.2023 को वादी मथुरा प्रसाद पुत्र फूलचन्द्र निवासी फतेहसराय थाना जैदपुर द्वारा थाना सफदरगंज पर अभियुक्त के विरुद्ध वादी की बहन को प्रताड़ित करने आहत होकर आत्महत्या कर लेने के सम्बन्ध में सूचना दी गई। जिसके आधार पर थाना सफदरगंज पर आत्महत्या के दुष्प्रेरण के सम्बन्ध में पंजीकृत मु0अ0सं0 469/2023 धारा 306 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त जोगेन्द्र सिंह पुत्र चरण सिंह उर्फ मुन्नालाल निवासी नसीरनगर थाना सफदरगंज में पंजीकृत किया गया। तत्कालीन विवेचक निरी0 बृजेश कुमार द्वारा साक्ष्य संकलन कर वैज्ञानिक विधि से विवेचना पूर्ण कर अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया।

# राज्यमंत्री ने लिया खिचड़ी भोज-कम्बल वितरण में हिस्सा



> श्रद्धाभाव से मनाई गई पूर्व विधायक स्व. सुंदरलाल दीक्षित की तीसरी पुण्यतिथि

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

मकर संक्रांति एवं हैदरगढ़ विधानसभा क्षेत्र से तीन बार विधायक रहे लोकतंत्र सेनानी स्वर्गीय पंडित सुंदरलाल दीक्षित की तीसरी पुण्यतिथि के मौके पर सुपुत्र पंकज दीक्षित द्वारा लोक निर्माण विभाग भवन में श्रद्धांजलि सभा कवि सम्मेलन खिचड़ी भोज एवं कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार स्वतंत्र देव सिंह राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा विधायक दिनेश रावत पूर्व विधायक शरद अवस्थी युवा भाजपा नेता सिद्धार्थ अवस्थी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह सहित तमाम वक्ताओं ने स्वर्गीय दीक्षित के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्वर्गीय पंडित सुंदरलाल दीक्षित एक क्रांतिकारी नेता थे और कार्यकर्ताओं के मान सम्मान की लड़ाई लड़ने का काम करते थे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से समाजसेवी अमित सिंह पंकज मिश्रा मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया व्यापार मंडल अध्यक्ष योगेश द्विवेदी व्यापारी नेता राजकुमार रानू कुशमेश चंद्र मिश्रा ओमप्रकाश अवस्थी वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मी नारायण साहू पूर्व प्रधान प्रेम नारायण दीक्षित नगर के प्रमुख व्यवसायी राजकुमार झुनझुनवाला प्रधान लल्लन बाबू प्रधान जितेंद्र प्रताप सिंह अभय प्रताप सिंह युवा नेता राहुल सिंह चौहान शुभम त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### डीएम ने वी.एच.एस.एन.डी. सत्र का किया निरीक्षण



सीतापुर, समृद्धि न्यूज। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने प्राथमिक विद्यालय-ग्वाली, विकास क्षेत्र गोंदलामऊ में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र में वी.एच.एस.एन.डी. सत्र का औचक निरीक्षण किया, जिसमें प्राथमिक विद्यालय में संचालित केन्द्र बन्द पाया गया। जिलाधिकारी ने केन्द्र बन्द होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये प्रभारी चिकित्साधिकारी धीरज मिश्रा का स्पष्टीकरण, ए.एन.एम. ऊषा पाठक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री मोनी देवी एवं आशा राम देवी का सेवासमाप्ति का नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित को दिये।

### 112 जन सेवा केंद्र हुए बंद

रायबरेली, समृद्धि न्यूज। जनपद में कॉमन सर्विस सेंटर ;सीएससी संचालकों के खिलाफजिला प्रशासन और आईटी मंत्रालय के निर्देश पर सख्त रुख अपनाया गया है। सीएससी के जिला प्रबंधक विजय प्रताप सिंह ने बताया कि जिले में मानक के अनुरूप कार्य न करने वाले 112 जनसेवा केंद्रों को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है। जिला प्रबंधक ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई उन केंद्रों पर की गई है जहां भारत सरकार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा निर्धारित प्रॉपर ब्रांडिंग ;सीएससी का बोर्डद्ध और रेट चार्ट ;सेवाओं की मूल्य सूचीद्ध प्रदर्शित नहीं थी। कहा कि जिले में केवल वही सेंटर संचालित हो सकेंगेए जो पारदर्शिता के साथ काम करेंगे। जिन केंद्रों पर प्रॉपर ब्रांडिंग नहीं है और रेट लिस्ट नही लगी हैए उन्हें चिह्नित कर बंद किया जा रहा है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को सरकारी सेवाओं के नाम पर होने वाली अतिरिक्त वसूली से बचाना और केंद्रों की पहचान को स्पष्ट करना है। विभाग ने चेतावनी दी है कि यदि किसी भी संचालक ने अनिवार्य ब्रांडिंग और रेट लिस्ट में कोताही बरती तो उनका सेंटर बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त कर दिया जाएगा।

### दीवानी भवन के शिलान्यास को लेकर वकीलों में खुशी की लहर

अमेठी, समृद्धि न्यूज़। सेंट्रल बार एसोसिएशन जिलाध्यक्ष पृथ्वीराज मिश्रा ने बताया कि मुख्यालय के जामों मार्ग पर आगामी 17 जनवरी को दीवानी न्यायालय भवन का शिलान्यास होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यालय गौरीगंज के अधिवक्ता बन्धुओं के अनुरोध, आवेदन पत्र पर संज्ञान लेते हुए जिला जज अमेठी व जिलाधिकारी के अथक प्रयास से मुख्यालय गौरीगंज के जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायालय भवन के शिलान्यास कार्यक्रम का प्रसारण मुख्यालय गौरीगंज से 17 जनवरी को होना सुनिश्चित हो गया है। इसके लिए सेन्ट्रल बार एसोसिएशन ने जिला जज तथा जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया है। जिलाध्यक्ष ने अधिवक्ताओ से 17 जनवरी शनिवार को समय से दीवानी न्यायालय के शिलान्यास कार्यक्रम का प्रसारण निर्माणाधीन स्थल पर प्रापर अधिवक्ता ड्रेस में उपस्थित रहने के लिए सेन्ट्रल बार एसोसिएशन की ओर से उपस्थित रहने की अपील की है।

### स्मैक के साथ आरोपी गिरफ्तार

अमेठी, समृद्धि न्यूज़। जनपद पुलिस द्वारा अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान व नशा मुक्त अमेठी अभियान के अन्तर्गत बुधवार को क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान आलोक कुमार श्रीवास्तव उर्फ कल्लू पुत्र मदनलाल निवासी ग्राम मऊ अतवारा थाना जगदीशपुर को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से 21 ग्राम स्मैक बरामद हुआ है। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उ.नि. वीरेन्द्र कुमार मिश्रा, हे.का. ओंकारनाथ वर्मा शामिल रहे।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार जनपद में चलाया जा रहे हैं बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत व जिला प्रोबेशन अधिकारी के मार्गदर्शन में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता अभियान के माध्यम से लोगो को जागरूक किया गया। विगत 27 नवम्बर 2025 से आगामी 8 मार्च 2026 तक भारत में 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान प्रस्तावित है जिसके अंतर्गत द्वितीय चरण 01 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक प्रस्तावित है जिसके अंतर्गत धार्मिक स्थल हलवाई की दुकान रेस्टोरेंट व पूजा व शादी की सामग्री की दुकानों पर जागरूक करते हुए आज जनपद मुख्यालय में हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफवुमेन टीम द्वारा आर.डी.ए.ए. सरस्वती शिशु मंदिर एवं किशोर न्याय बोर्ड में बाल विवाह निषेध कानून की जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक करते हुए बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई तथा लोगों को बताया गया कि 18 वर्ष से कम आयु की लड़की एवं 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह होता है तो ऐसे विवाह बाल विवाह की श्रेणी में आता है यदि ऐसे आपके आसपास हो रहा है तो आप 1098 पर सूचित करें।साथ ही लोगों को महिला कल्याण विभाग संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, महिला हेल्पलाइन 181ए वन स्टॉप केंद्र आदि के बारे में विस्तार पूर्ण जानकारी दी गई।

# मायावती के जन्म दिन पर बसपाइयों ने बांटे कंबल

> मुरैनी ग्राम पंचायत में लाजवंती केयर फाउंडेशन ने 100 लोगों को बांटे कंबल



महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

बहुजन समाज पार्टी के द्वारा बछरावां विधानसभा के मुरैनी ग्राम पंचायत में सैकड़ों जरूरतमंदों को कंबल बाटे गए। बसपा नेता द्वारिका सिंह के द्वारा मुरैनी ग्राम पंचायत में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें बसपा जिला प्रभारी रामकुमार गौतम बसपा जिला अध्यक्ष रत्नेश चौधरी विधानसभा प्रभारी नीरज पासी व बछरावां विधानसभा से विधायक का चुनाव लड़ चुकी लाजवंती कुरील ने बताया कि उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हम सब की अगवा मायावती का जन्म दिवस 15 जनवरी को पड़ रहा है। जिसे जन कल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया जाएगा उन्होंने बताया लाजवंती केयर फाउंडेशन के तहत लगभग 100 लोगों को मुरैनी ग्राम पंचायत में कंबल बांटने का कार्य किया गया है और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के जन्मदिवस की भी सूचना दी गई है कि कल लखनऊ में कार्यक्रम होने हैं आप लोग अधिक अधिक तादाद में पहुंचे। कि मौके पर संतोष कुमार गौतम विधानसभा अध्यक्ष बछरावां उपाध्यक्ष द्वारिका सिंह पवन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# 55 लीटर कच्ची शराब बरामद व 450 किलो लहन किए नष्ट

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के आदेशानुसार अवैध शराब के निर्माण बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जारी प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व मेंए आबकारी निरीक्षक क्षेत्र.2 रोबिन आर्य मय हमराह द्वारा विभिन्न स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गयी। टीम द्वारा सदर तहसील के थाना गुरुबक्शगंज अंतर्गत संदिग्ध ग्राम बसिगवां, कोत्रसा, गुझरी में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों संदिग्ध घरों में दबिश के दौरान जनपद में कुल 55 लीटर अवैध कच्ची शराब एवं 450 किलो लहन बरामद कर



लहन को मौके पर नष्ट किया गया एवं 02 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किये गए। जिले में अवैध शराब के निर्माण एव बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

# नशे में ट्रक चालक ने मारी टक्कर कई घायल, एक की मौत

सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।

खैराबाद थाना क्षेत्र नेशनल हाईवे 30 पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। मछरेहटा चुंगी के सौ मीटर करीब तेज रफ्तार कंटेनर ने एक के बाद एक तीन कारों और एम्बुलेंस को अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना भयावह था कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई और सड़क पर लंबा जाम लग गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कंटेनर की रफ्तार काफी तेज थी और चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। बताया जा रहा है कि कंटेनर चालक नशे में था, जिसके चलते यह हादसा हुआ।

टक्कर के बाद कंटेनर काफी दूर जाकर रुका। सूचना मिलते ही खैराबाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू



कराया। हादसे में बाइक सवार महिला की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। मृतका की पहचान रेनू शुक्ला पत्नी वीरेंद्र शुक्ला, निवासी ग्राम बडेलिया, थाना मानपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं इस दुर्घटना में चार लोग घायल हुए हैं, जिनमें कार सवार सीतापुर जिला सूचना अधिकारी विपिन कुमार भी शामिल हैं। सभी घायलों को तत्काल एंबुलेंस की सहायता से प्राथमिक उपचार कराया गया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया।

कंटेनर चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है तथा उसका मेडिकल परीक्षण भी कराया जा रहा है, जिससे नशे की पुष्टि हो सके। स्थानीय लोगों ने नेशनल हाईवे 30 पर तेज रफ्तार वाहनों और भारी ट्रकों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## जीजीआईसी मुसाफिरखाना ने बनाया शिक्षा और सुशासन का नया मानक

अमेठी, समृद्धि न्यूज़। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, मुसाफिरखाना आज न केवल शैक्षिक उपलब्धियों के लिए, बल्कि छात्राओं की सुरक्षा, नामांकन वृद्धि और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में एक आदर्श संस्थान के रूप में स्थापित हुआ है। यह सकारात्मक परिवर्तन उस समय दृष्टिगोचर हुआ जब पूर्व प्रधानाचार्या मालती देवी के पदोन्नति उपरांत प्रधानाचार्य का दायित्व श्रद्धांजलि सिंह ने संभाला। कार्यभार ग्रहण करते ही श्रद्धांजलि सिंह ने विद्यालय परिसर में छात्राओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। प्रशासन के सहयोग से विद्यालय के भीतर एवं आसपास सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ कराया गया, जिससे अभिभावकों का विश्वास बढ़ा और छात्राओं का नियमित विद्यालय आगमन सुनिश्चित हुआ। उन दूर-दराज़ क्षेत्रों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जहाँ संसाधनों के अभाव या सामाजिक कारणों से बालिकाओं की पढ़ाई बाधित हो रही थी। उनके नेतृत्व में विद्यालय परिवार में चार अध्यापक, दो सहायक कर्मचारी, दो बाबू एवं एक प्रचारक ने गाँव-गाँव जाकर अभिभावकों से संपर्क किया। परिणाम रहा कि विद्यालय में छात्राओं की संख्या निरंतर बढ़ती गई और वर्तमान में 1274 तक पहुँची है, जबकि विगत छह वर्षों से लगातार 1000 से अधिक बनी रही।

## संग्रामपुर में चलाया गया एनीमिया मुक्त अभियान

अमेठी, समृद्धि न्यूज़। सोसाइटी फॉर एनिमल हेल्थ, एग्रीकल्चर साइंस एंड ह्यूमैनिटी सम्बद्ध मेरा युवा भारत एवं सहायक ट्रस्ट मुंबई के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से ग्राम भौसिंहपुर विकास खंड संग्रामपुर में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संदीप सिंह निदेशक सिनेमा स्वार्क ने किया। सरिता सिंह ने कहा कि अध्ययन में सामने आया कि करीब 31 फीसदी गर्भवती महिलाएं जिले में अनीमिया की शिकार पाई गईं। इंजी. लालमणि कश्यप सदस्य जिला युवा कार्यक्रम परामर्श दात्री समिति एवं संस्थापक साहस ने कहा कि 89 फीसदी किशोरियां एनीमिया से देश भर में पीड़ित हैं।

# डीएम ने की विभिन्न कार्यक्रमों की प्रगति पर समीक्षा बैठक

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।



जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स/बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आहूत की गई।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि दिनांक 16.01.2026 को विद्यालय खुलने पर समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रथम सप्ताह में अपने विकास खण्ड के परिषदीय विद्यालयों के प्र0अ0/इं0प्र0अ0 के साथ बैठक कर एस.ओ.पी. के 31 बिन्दुओं पर प्रस्तुतिकरण कर विस्तार से चर्चा कर 31 बिन्दुओं का अनुपालन विद्यालय में करायें। बैठक में एस.ओ.पी., डी.बी.टी., यूनीफार्म, जूता-मोजा, स्वेटर, निपुण विद्यालय एवं निपुण बच्चों आदि की चर्चा कर सभी प्र.अ./इं.प्र.अ. से उक्त कार्य समयान्तर्गत पूर्ण करायें। प्र.अ./इं.प्र.अ. से विद्यालयों को प्रेषित समस्त प्रकार की धनराशि के व्यय करने सम्बन्धी जानकारी प्राप्त करते हुए समयान्तर्गत व्यय सुनिश्चित करायें। जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि दिनांक 16.01.2026 को सभी परिषदीय विद्यालयों में सभी शिक्षक समय से उपस्थित हों, इसके लिए समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रातः 08.30 बजे कम से कम 07 विद्यालयों का निरीक्षण कर शिक्षकों की उपस्थिति चेक करें तथा अनुपस्थित शिक्षक की वेतन कटौती की जाये। अनावश्यक कोई भी शिक्षक छुट्टी पर न हो। साथ में सी.एस.एफ. के सदस्य भी निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। सहायक अभियन्ता, सी.एन.डी.एस. को समस्त कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में आर.ओ. लगवाये जाने के निर्देश दिये गये।

समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि विद्यालय में बालिकाओं को गरम पानी उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करायें।

बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



# जिला पंचायत राज अधिकारी उड़ा रहे है शासनादेश की धज्जियां

सीतापुर। जिला पंचायत राज अधिकारी निरीश चंद्र साहू के द्वारा शासनादेश की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं डीपी डीपीआरओ निरीश चंद्र साहू अभी भी मछरेहटा प्रभारी सहायक विकास अधिकारी संदीप कुमार पर इतना मेहरबान है कि उनको कई ग्राम पंचायत भी दे रखी हैं और प्रभारी सहायक विकास अधिकारी का चार्ज भी दे रखा है एक ही अधिकारी को दो-दो पावर देना शासनादेश की धज्जियां उड़ाने के बराबर दिख रहा है निदेशालय के द्वारा सिर्फ शासनादेश जारी होता है डीपीआरओ निरीश चंद साहू शासनादेश की धज्जियां उड़ाने में महारत प्राप्त किए हुए क्योंकि उनको सिर्फ कमाओ पुत ही चाहिए उसके आगे उन्हें कुछ नहीं दिख रहा है क्योंकि सहायक विकास अधिकारी के पास जो ग्राम पंचायत भी होगी तो जमकर भ्रष्टाचार कर पाएगा और जमकर शासनादेश की धज्जियां उड़ा भी पाएगा आखिर सीतापुर जिला प्रशासन इस मामले पर क्यों नहीं ले रहा संज्ञान लेकर कार्यवाही करेंगे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपना नाम मोहम्मद जेरी (MOHAMMAD JIREY) से बदल कर जहीरउल्ला पाशा (JAHIRULLA PASHA) कर लिया हूं। मुझे अब से जहीरउल्ला पाशा पुत्र मोहम्मद सलामत निवासी ग्राम पुरैना कानूनगो दाहुडीह, पोस्ट चमरूपुर- जिला बलरामपुर के नाम व पते से जाना व पहचाना जाये।

# राजनैतिक पहचान बनाने वाले युवा हुए सम्मानित



छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

महोत्सव समिति के तत्वाधान में बनवारी नगर स्थित एसबीवीएस सभागार में चल रहे युवा चेतना सप्ताह के अंतर्गत तीसरे दिन राजनीति के माध्यम से कम उम्र में क्षेत्रीय विकास एवं जनसेवा के क्षेत्र में पहचान बनाने वाले युवाओं को राजनैतिक चेतना पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक संतोष चतुर्वेदी चतुर्वेदी ने अमन यादव, अमित शाक्य, प्रदीप चौहान, अतुल वर्मा, सुशील गौतम एवं ऋषभ मिश्रा को उनकी राजनैतिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। अपने अनुभवों को साझा करते हुए पूर्व विधायक संतोष चतुर्वेदी ने कहा कि आज का युवा राजनीति में सकारात्मक सोच के साथ आगे आ रहा है। यदि युवा ईमानदारी और सेवा भाव से राजनीति में सक्रिय रहें, तो समाज और क्षेत्र का विकास निश्चित है। सम्मानित युवा अमन यादव ने कहा कि यह पुरस्कार हमें जनसेवा के लिए और अधिक जिम्मेदार बनाता है। अमित शाक्य ने कहा कि युवाओं को राजनीति में केवल पद नहीं, बल्कि बदलाव का माध्यम बनना चाहिए। प्रदीप चौहान ने कहा कि युवा चेतना सप्ताह जैसे आयोजन हमें प्रेरणा और नई ऊर्जा देते हैं। अतुल वर्मा ने कहा कि राजनीति को सेवा का माध्यम बनाकर ही समाज को आगे बढ़ाया जा सकता है। सुशील गौतम ने कहा कि यह सम्मान हमारे संघर्ष और समर्पण की पहचान है। ऋषभ मिश्रा ने कहा कि युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरणा लेकर नेतृत्व करना चाहिए। महामंत्री संजीव चौहान के संचालन में हुए कार्यक्रम में आशु दीक्षित, मोना, विक्की, छोटू, रामू आदि मौजूद रहे।

## प्रशासन एवं व्यापारी संवाद सम्मेलन आज

छिबरामऊ। महोत्सव समिति के संस्थापक गौरव त्रिपाठी अमर ने कहा कि 15 जनवरी को प्रातः 11 बजे से बनवारी नगर स्थित एसबीवीएस सभागार में व्यापार उदय कार्यक्रम के तहत प्रशासन एवं व्यापारी संवाद सम्मेलन होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला उद्योग केंद्र के उपायुक्त धनंजय सिंह हैं। इस अवसर पर खिचड़ी भोज भी आयोजित होगा।

# सेंट मारिया पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं का हुआ समापन

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



सेंट मारिया पब्लिक स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का समापन समारोह भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर विजेता प्रतिभागियों को शील्ड, मेडल एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की संचालन समिति एवं विद्यालय प्रबंधक/निदेशक वीसी अवस्थी ने विजेताओं को पुरस्कार देकर कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास करते हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना एवं आत्मविश्वास को भी मजबूत बनाते हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा यह आयोजन स्कूल की खेल संस्कृति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण साबित हुआ है। प्रतियोगिता में कबड्डी, वॉलीबॉल, दौड़, बैडमिंटन, खो-खो, शतरंज सहित विविध खेलों में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विजेता एवं उपविजेता टीमों का तालियों की गड़गड़ाहट से जोरदार स्वागत किया गया, जिसने माहौल को और उत्साहपूर्ण बना दिया। अंत में, प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं छात्रों का आभार व्यक्त किया।

साथ ही, प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए खेल शिक्षकों की विशेष सराहना की।

## प्राचीन हनुमान मंदिर में वितरित हुआ स्वादिष्ट प्रसाद



छिबरामऊ, कन्नौज। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर सौरिख बहवलपुर रोड स्थित अत्यंत प्राचीन बाबा की बगिया हनुमान मंदिर में भक्तिमय वातावरण का नजारा देखने को मिला। सौरिख रोड स्थित ग्रीन लीफ रेस्टोरेंट के संचालक एवं रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष वीर गोयल और अर्पण यादव ने हनुमान जी को विशेष भोग लगाया। इसके बाद मंदिर परिसर में लगाए गए स्टाल पर श्रद्धालुओं में गर्मागर्म पूरी-सब्जी का प्रसाद वितरित किया गया। बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर पर्व को मनाया। इस नेक कार्य से मंदिर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने कहा मकर संक्रांति सामाजिक सद्भाव और एकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। वीर गोयल और अर्पण यादव जैसे युवा उद्यमियों का यह प्रयास सराहनीय है। मंदिर प्रबंधन से जुड़े सभासद अमित शाक्य ने आयोजकों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए मंदिर समिति की ओर से भी आभार जताया।

# कृष्ण लीला ने श्रोताओं को किया भावविभोर

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



शनि मंदिर अस्पताल रोड के पास चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में आचार्य पंडित हरिओम दास ने भगवान कृष्ण की बाल और गोवर्धन लीला की भावपूर्ण कथाओं से सभी को भावविभोर कर दिया। आचार्य श्री ने भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा बालकृष्ण की लीलाएं तो चमत्कारों का अथाह सागर हैं। वृंदावन की गोपियों के बीच माखन चोरी की शरारतें, जहां वे सहचरों के साथ छिपकर दही-माखन का भोग लगाते, वह न केवल बालसुलभ क्रीड़ा थीं, बल्कि भक्ति की प्रेरणा भी। पूतना राक्षसी को दूध पिलाकर उसके प्राण हर लेना, तृणावर्त नामक दैत्य को अपनी छोटी-सी मुट्ठी से कुचल देना–ये लीलाएं बताती हैं कि भगवान का अवतार तो हुआ ही मधुर रस के लिए। कंस के दूतों का संहार करते हुए भी कृष्ण की मुस्कान में वात्सल्य का माधुर्य झलकता है। इन कथाओं से हम सीखते हैं कि जीवन की हर बाधा भक्ति से पार हो सकती है। गोवर्धन लीला का बखान करते हुए कहा इंद्रदेव के क्रोध से जब वर्षा की विभीषिका गोकुल पर टूटी, तब बालकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी तनिका अंगुली पर उठा लिया। सात दिनों तक वे पर्वत की छत्रछाया में गायों, गोप-गोपियों और समस्त सृष्टि को शरण देते रहे। यह लीला प्रकृति के स्वामी की महिमा का प्रतीक है, जो अहंकार के विनाश और सरल भक्ति की विजय दर्शाती है। आज भी यह कथा हमें पर्यावरण संरक्षण और नम्रता का संदेश देती है। बीच-बीच में उनके गाए भजनों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। "राधे राधे, गोविंद आया रे जैसे भजनों पर श्रोता झूम उठे।

कथा में परीक्षित का दायित्व एडवोकेट डॉ. मयंक सक्सेना एवं उनकी पत्नी गीता सक्सेना ने निभाया। भाजपा प्रचार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक रामानंद वर्मा ने अंग वस्त्र एवं राधा कृष्ण का चित्र भेंट करके आयोजक डॉ मयंक सक्सेना को सम्मानित किया।

# गंगा एक्सप्रेसवे को लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे से जोड़ने की कवायद तेज

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

गंगा एक्सप्रेसवे को लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे जोड़ने की कवायद तेज हो गई है। यह परियोजना क्षेत्रीय आवागमन को सुदृढ़ करने के साथ-साथ औद्योगिक एवं आर्थिक विकास को नई दिशा देने वाली मानी जा रही है। फर्रुखाबाद प्रवेश नियंत्रित ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे परियोजना के निर्माण को लेकर तहसील छिबरामऊ अंतर्गत ग्राम डडौना में प्रभावित भूमि के क्रय की कार्यवाही तीव्र गति से प्रगति पर है। परियोजना के लिए अब तक की गई कार्यवाही के अनुसार 14 जनवरी 2026 तक निजी भूमि, सरकारी/ग्राम सभा भूमि एवं परिसम्पत्तियों का विस्तृत चिन्हांकन पूर्ण कर लिया गया है। परियोजना के अंतर्गत निजी भूमि का कुल क्षेत्रफल 22.7630 हेक्टेयर तथा सरकारी/ग्राम सभा की भूमि का क्षेत्रफल 2.8075 हेक्टेयर, कुल चिन्हित भूमि का क्षेत्रफल 25.5713 हेक्टेयर है तथा कुल भू-स्वामियों की संख्या 330 है। यूपीडा द्वारा अनुमादित भूमि एवं परिसम्पत्तियों का कुल मूल्य रुपए 11,40 27,904 है। परियोजना हेतु प्रभावित भूमि की दर एवं कुल भूमि मूल्य का अनुमोदन यूपीडा द्वारा 2 दिसम्बर 2025 को तथा परिसम्पत्तियों के मूल्यांकन का अनुमोदन यूपीडा द्वारा 23 दिसम्बर 2025 को प्रदान किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त परियोजना के लिए प्रभावित सरकारी/ग्राम सभा भूमि में से सामान्य श्रेणी की 0.6255 हेक्टेयर भूमि को यूपीडा के पक्ष में पुनर्ग्रहण किया गया है। निजी भूमि एवं परिसम्पत्तियों के क्रय के लिए शासन के आदेश व औद्योगिक विकास अनुभाग-03, लखनऊ, 3 जनवरी 2026 के माध्यम से जनपद कन्नौज हेतु कुल रु0 630.00 लाख की धनराशि का आवंटन किया गया है। प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रभावित भू-स्वामियों एवं काश्तकारों को नियमानुसार एवं समयबद्ध रूप से मुआवजा प्रदान किया जाए, ताकि परियोजना का निर्माण कार्य सुचारु रूप से आगे बढ़ सके और क्षेत्र के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त हो।

## खबरें एक नजर में

### भव्य श्री सुन्दरकाण्ड पाठ एवं खिचड़ी भोज आज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम जसुआमई में 15 जनवरी को मकर संक्राति पर प्रातः 11 बजे से भव्य श्री सुन्दरकाण्ड पाठ एवं खिचड़ी भोज का आयोजन होगा। ग्राम प्रधान आनन्द स्वरूप तिवारी ने बताया श्रीराम कथा वाचक आचार्य प्रशान्तानन्द (चन्दन) श्री सुन्दरकाण्ड पाठ प्रस्तुत करेंगे। आप सभी सपरिवार आमंत्रित हैं।

### वाहन की टक्कर से साइकिल सवार मजदूर की मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सौरिख रोड स्थित बाबा बगिया के सामने तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार मजदूर की मौत हो गई। घटना से उसके परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लालकपुर निवासी 25 वर्षीय पिंटू जाटव पुत्र श्याम बाबू जाटव किसी कार्य के लिए छिबरामऊ आया था। यहां से वापस लौटते समय सौरिख रोड स्थित बाबा की बगिया के पास किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण दुर्घटना में पिंटू गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने सूचना देकर पुलिस को बुलाया, जिसके बाद उन्हें 108 एंबुलेंस से सौ शैया अस्पताल पहुंचाया गया। यहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि पिंटू पूर्वी बाईपास स्थित तिवारी भट्ठा पर मजदूरी करता था। पिंटू की शादी लगभग 10 वर्ष पूर्व प्रयागराज से हुई थी, लेकिन पत्नी कुछ दिनों बाद उसे छोड़कर चली गई और कभी वापस नहीं लौटी। पिंटू के पिता भी मजदूरी करके परिवार का गुजारा चलाते हैं। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी हुई है।

### बीडीओ जालौन का स्थानांतरण कर आयुक्त कार्यालय में किया अटैच

**जालौन (उरई)।** शासन द्वारा खंड विकास अधिकारी का स्थानांतरण कर दिया गया है उन्हें आयुक्त कार्यालय ग्राम्य विकास लखनऊ अटैच कर दिया गया। उनके स्थान पर अभी किसी अधिकारी की नियुक्ति नहीं की गई है। खंड विकास अधिकारी गणेश कुमार लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। परीक्षा की तैयारी के चलते वह माधौगढ में खंड विकास अधिकारी रहते हुए अवकाश पर चले गए थे। अवकाश से वापस आने के बाद सितम्बर में उनको जालौन का बीडीओ बना दिया गया है। जालौन बीडीओ बनते ही उन्होंने 29 सितंबर को अन्नपूर्णा भवन के निर्माण में 13 लाख 22 हजार रुपए के सरकारी धन के गबन के मामले में उन्होंने छह लोगों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके बाद वह चर्चा में आ गए थे। हाल ही में उप सचिव ग्राम्य विकास अनुभाग एक उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ चंद्रिका प्रसाद ने नौ जनवरी के पत्र के माध्यम से उनका स्थानांतरण कर दिया है। उन्हें आयुक्त कार्यालय ग्राम्य विकास, लखनऊ में अटैच किया गया है। सचिव ने बीडीओ को तत्काल प्रभाव से नवीन तैनाती स्थल पर पहुंचकर पदभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं। हालांकि अभी उनके स्थान पर अन्य किसी की नियुक्ति नहीं की गई है।

### गैर-विकलांग को मिला विकलांग कोटे का आवास

**माधौगढ़ (जालौन)।** सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना एक बार फिर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। हैरानी की बात तो यह है कि कागजों में हेराफेरी कर गैर विकलांग को विकलांग कोटे का आवास देकर नई मिशाल कायम करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी विकास खंड माधौगढ़ की ग्राम पंचायत बिजदुआँ के मजरा छोटी सुरावली में विकलांग कोटे के अंतर्गत एक गैर-विकलांग महिला को आवास आवंटित कर दिया गया, जबकि वास्तविक पात्र आज भी छप्पर और कच्ची झोपड़ियों में जीवन काटने को मजबूर हैं। सुरावली निवासी सुभाष कुमार पुत्र जगराम ने परियोजना अधिकारी को दिए शिकायती पत्र में गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत के अनुसार देववती पत्नी सेवाराम, जो पूर्णतः स्वस्थ हैं, को विकलांग दर्शाकर आवास योजना का लाभ दिया गया। न सिर्फआवास स्वीकृत हुआ, बल्कि योजना की पहली किस्त भी जारी कर दी गई, जिससे प्रशासनिक मिलीभगत की आशंका और गहरा गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम विकास अधिकारी और ग्राम प्रधान द्वारा आवास दिलाने के नाम पर खुलेआम अवैध वसूली की जाती है।

# अभियान के तहत बिजली चोरी करते दस को पकड़ा

▸ विजीलेंस टीम को लेकर ग्रामीणों में मचा हड़कंप

समधन, समृद्धि न्यूज।



विजीलेंस टीम ने तीन गांवों में छापेमारी करके करीब दस उपभोक्ताओं को मीटर से बाईपास करके बिजली चोरी करते पकड़ा गया टीम की छापेमारी को लेकर ग्रामीणों ने अफरातफरी का माहौल बना रहा बुधवार को क्षेत्र के रामाश्रम विधुत उपकेन्द्र के अवर अभियंता अनिल राम के नेतृत्व में विजीलेंस टीम ने पहले मलिकपुर सहित गांव नवादा टड़हा आदि में अचानक छापेमारी अभियान चलाया गया जिसमें टीम ने करीब दस लोगों को मीटर से बाईपास करके बिजली चोरी करते पकड़ा गया जिसको लेकर ग्रामीणों में काफी देर तक अफरातफरी का माहौल छाया रहा। अवर अभियंता अनिल राम ने बताया कि बिजली चोरी करने वाले सभी लोगों के खिलाफ विजीलेंस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई जायेगी उन्होंने आगे कहा कि बिजली चोरी किसी कीमत पर नहीं होनी दी जायेगी सिकंदरपुर विधुत उपखंड अधिकारी संजय सिंह सभी क्षेत्रीय बिजली बिल बकाया उपभोक्ताओं से जल्द बिल जमा करने की अपील की है। इस दौरान लाइनमैन रामशंकर वर्मा, लक्ष्मन वर्मा, कन्हैया यादव, ओमनरायन, उमेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## पूर्व सैनिकों व शहीद सैनिकों की वीरांगनाओं को किया गया सम्मानित

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** आर्म्ड फोर्सेज वेटरन्स दिवस पर कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने अमर शहीदों के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जनपद के पूर्व सैनिकों व शहीद सैनिकों की वीरांगनाओं सहित कुल 67 लोगों को शाल, प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि देश की सुरक्षा सैनिकों के त्याग, साहस और अनुशासन पर आधारित है। पूर्व सैनिक समाज के लिए प्रेरणा हैं और प्रशासन उनकी व उनके परिवारों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।

# संयुक्त टीम ने वाहन चालकों को समझाये सड़क सुरक्षा के नियम

कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।



बुधवार को सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत हाइवे रोड में क्षेत्रीय पुलिस, ट्राफिक इंचार्ज तथा एनएएचआई की कार्यदायी संस्था की संयुक्त टीम के द्वारा वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

बुधवार को आटा टोल प्लाजा इलाके में थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह, ट्राफिक इंचार्ज तथा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की कार्यदाई संस्था के प्रबंधक इंगलेश शर्मा की अगुवाई में संयुक्त टीम हाइवे से गुजरने वाले वाहनों के चालकों को रोक रोक कर वाहनों के चलाते वक्त सीट वेल्ट तथा हेलमेट का इस्तेमाल करने की नसीहत दी गई। इसी दौरान टीम के कर्मचारियों ने सड़क सुरक्षा से सम्बंधित पम्पलेट वितरित किए गये। तथा सुरक्षित यातायात के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वाहन चलाते एवं वाहन में बैठते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना आवश्यक है, इस पर भी सभी को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में इरफान अहमद, अंकित, अरविंद मिश्रा, जसपाल, सुयश एवं परियोजना प्रबंधन से जुड़े अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जेल की सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: डीएम



जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।

बीते दिनों नए साल के जश्न के बीच जेल से 22 फीट ऊंची दीवार फांदकर दो बंदी जेल प्रशासन को चकमा देकर फरार हो गए थे। जिसको लेकर जेल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हुए थे। जेल की सुरक्षा व्यवस्था को परखने के लिए डीएम और एसपी जेल पहुँचे। क्षेत्र के अनौगी स्थित जिला कारागार कन्नौज में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने औचक निरीक्षण कर कारागार की विभिन्न बैरकों, निरुद्ध बंदियों तथा उनकी स्वास्थ्य सेवाओं का गहनता से जायजा लिया। डीएम ने कारागार परिसर में किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री के प्रवेश को रोकने के लिए कड़े निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि जिला कारागार में आने वाले नए कैदियों का अनिवार्य रूप से जेल चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए, उन्होंने कहा कि जेल की सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नही की जाएगी।

एसपी ने कारागार अधीक्षक को निर्देशित किया कि नियमित रूप से कारागार का निरीक्षण करते रहें तथा निरुद्ध बंदियों पर विशेष सतर्क दृष्टि बनाए रखें।

उन्होंने यह भी कहा कि समय-समय पर बंदियों की गतिविधियों के संबंध में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाए, जिससे सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ की जा सके।

## जेल से फरार बंदियों की पकड़ से दूर पुलिस

जलालाबाद। बीते 4 जनवरी की रात जेल में नए साल का जश्न जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुंद की मौजूदगी में मनाया जा रहा था। तभी आर्म्स और पॉक्सो एक्ट के मामले में जेल में बंद दो बंदी 22 फीट ऊंची दीवार कंबल की रस्सी बनाकर उसके सहारे से फरार हो गए थे। मामले में लापरवाही पर जेल अधीक्षक सहित 6 पर कार्रवाई हो चुकी है। एसपी विनोद कुमार की ओर से फरार दोनों बंदियों पर 25- 25 हजार का इनाम घोषित है। और एसओजी, सर्विलांस सहित पांच टीमें गठित की गई है। फरार बंदियों की तलाश में लगातार पुलिस की टीमें दबिशें दे रही है। लेकिन फिर भी कई दिन बीत जाने के बाद भी फरार दोनों बंदियों का पता नहीं चल सका है।

## विधानसभा कालपी क्षेत्र को तीन बड़ी परियोजनाओं की मिली सौगात

**कालपी,जालौन।** नया वर्ष 2026 के शुरू होते ही 220 कालपी विधानसभा विकास के लिए सूबे की सरकार ने सड़कों ओवरब्रिज एवं पेयजल के लिए 3 बड़ी परियोजनाओं को मंजूर करके बजट आवंटित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। गौरतलब हो कि कालपी नगर के तमाम मोहल्ले ऊंचाइयों पर बसे हुए हैं। जिनमें पेयजल आपूर्ति बराबर प्रभावित रहती है। वही यमुना नदी में कालपी नगर के नालों से होकर गंदा पानी भी एक समस्या बनी हुई थी। क्षेत्रीय विधायक के प्रस्ताव पर ट्रीटमेंट प्लांट तथा पेयजल समस्या के लिए शासन के द्वारा 88 करोड रुपए का भारी भरकम बजट की स्वीकृत प्रदान कर दी है।

**सूचना**

मैंने हाईस्कूल वर्ष 1997 व इंटरमीडिएट वर्ष 2001 में उत्तीर्ण किया था, जिसका मूल अंक पत्र जो वास्तव में कहीं खो गया है, जिसकी काफी खोजबीन की, लेकिन नहीं मिला। मुझे अंक पत्र की द्वितीय प्रति दिलाने की कृपा करें। राहुल कुमार पुत्र नेत्रपाल निवासी देहेलिया, थाना मेरापुर, फर्रु0।

**सूचना**

मैंने हाईस्कूल वर्ष 1994 व इंटरमीडिएट वर्ष 1996 में उत्तीर्ण किया था, जिसका मूल अंक पत्र जो वास्तव में कहीं खो गया है, जिसकी काफी खोजबीन की, लेकिन नहीं मिला। मुझे अंक पत्र की द्वितीय प्रति दिलाने की कृपा करें। अवनेन्द्र सिंह परिहार पुत्र जितेन्द्र सिंह परिहार निवासी प्लाट नं0 75 नियर ग्लोरियस पब्लिक स्कूल, गुरुदास नगर, ककरैटा आगरा।

# पर्यावरण संरक्षण-हरित आवरण बढ़ाना प्रशासन की प्राथमिकता: डीएम

▸ जनपद में वृक्षारोपण लक्ष्यों की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।



बुधवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की संयुक्त बैठक आयोजित कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि वर्षाकाल 2026 के लिए निर्धारित वृक्षारोपण लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने हेतु शीघ्र स्थल चयन का कार्य पूर्ण किया जाए तथा इसकी विस्तृत कार्ययोजना प्रभागीय वनाधिकारी को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि वर्ष 2025 में कराए गए वृक्षारोपण की जीवितता शत-प्रतिशत बनाए रखने के लिए मृत पौधों के स्थान पर नए पौधों का रोपण अनिवार्य रूप से कराया जाए। जिलाधिकारी ने वर्ष 2025 में किए गए वृक्षारोपण स्थलों का निरीक्षण एवं जीवितता सत्यापन कराए जाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि नामित सत्यापनकर्ता अधिकारी संबंधित विभागों द्वारा कराए गए वृक्षारोपण की जांच कर निर्धारित प्रारूप में सत्यापन रिपोर्ट तैयार करें तथा दिनांक 20 जनवरी 2026 तक प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराएं। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि 2 अक्टूबर से 31 दिसम्बर की अवधि के मध्य ग्राम पंचायतवार एवं ग्रामसभावार ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों के वृक्षारोपण माइक्रोप्लान को संबंधित ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) में अनिवार्य रूप से सम्मिलित किया जाए। जिला पंचायत राज अधिकारी एवं उपायुक्त, ग्राम्य विकास अभिकरण (मनरेगा) को निर्देशित किया गया कि वृक्षारोपण माइक्रोप्लान को जीपीडीपी में सम्मिलित करते हुए इसकी सूचना प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय को समय से उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण बढ़ाना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नेहा ब्याडवाल, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप यादव, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी देवेंद्र भिटौरिया सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## सिकरी राजा का तीन किमी संपर्क मार्ग हुआ बदहाल



**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।** कोंच-जालौन मार्ग से सिकरीराजा होते हुए अम्मरगढ़ तक जाने वाली जर्जर सड़क ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। करीब तीन किलोमीटर लंबा यह संपर्क मार्ग वर्षों से बदहाली का शिकार बना हुआ है। सड़क की हालत यह है कि जगह-जगह गिट्टी उखड़ चुकी है, जिसमें धूल और गड्ढे ही दिखाई देते हैं। वर्षों से बदहाल इस मार्ग को लेकर लोकसभा चुनावों में ग्रामीणों ने 'रोड नहीं तो वोट नहीं' के नारे देकर चुनाव का बहिष्कार करने की घोषणा की थी। बाद में सदर विधायक व तत्कालीन सांसद भानुप्रताप वर्मा एवं प्रशासनिक अधिकारियों के समझाने व आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने चुनाव के हिस्सा लिया था। लेकिन चुनाव के बाद स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीण जितेंद्र सिंह राजावत, सौरभ राजावत, राजीव सोनी, विवेक राजावत, पवन विश्वकर्मा, शोभित गौर, अनिल राजावत और शिवम भदौरिया आदि ने बताया कि इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग तहसील मुख्यालय, बाजार और अन्य जरूरी कामों के लिए आते-जाते हैं। इसके अलावा इसी सड़क से गांव का इंटर कॉलेज भी जुड़ा हुआ है, जहां आसपास के गांवों से छात्र-छात्राएं पढ़ने आते हैं। खराब सड़क के चलते छात्र, छात्राओं को जोखिम उठाकर कॉलेज जाना पड़ता है। कई बार बच्चे साइकिल या पैदल चलते समय गिरकर घायल हो चुके हैं। बरसात के दिनों में हालात और भी बदतर हो जाते हैं, जब गड्ढों में पानी भर जाता है और पूरा रास्ता कीचड़ में तब्दील हो जाता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि जनहित में कोंच रोड से सिकरीराजा और अम्मरगढ़ तक संपर्क मार्ग का शीघ्र निर्माण कराया जाए।

**कार्यालय ग्रा0पं0 जहांगीरपुर वि0ख0 कमालगंज, फर्रु0**

पत्रांकः मीमो/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ 2025-26 — दिनांक 13/01/2026

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत जहांगीरपुर विकास खण्ड कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना में निर्माण सामग्री संदर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 14/01/2026 से 20/01/2026 तक की अपरान्ह 3-00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 20/01/2026 को सायं 4:00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत में प्रधान, सचिव, अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 14/01/2026 से 20/01/2026 तक अपरान्ह 2-00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत से रु0 500.00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | पप्पू के घर से साजिद अली के घर तक सीसी निर्माण कार्य | राज्य वित्त/15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 2.58 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तें:-** निविदा दाता का जीएसटी व आयकर पंजीकरण होना आवश्यक है। धरोहर राशि एफडीआर व एनएससी व चेक द्वारा ली जायेगी।

प्रधान-मतीन खान — ग्राम पंचायत जहांगीरपुर वि0ख0 कमालगंज — सचिव- लाल बहादुर

**ARMY PUBLIC SCHOO FATEHGARH CANTT (UP)**

**Phone No-7080667367**

1. Quotations are invited for printing of School Magazine, Teacher's Diary, Student's Diary, Out Pass, Student's Attendance Register & PTM Marks Register for APS Fatehgarh Cantt (UP). For details and downloading the quotations visit school website www.aps-fatehgarh.com. Last date for submitting the quotation form duly filled is **20 Jan 2026.**
2. School authority reserves all rights to accept/reject any quotations at any stage without assigning any reason and vendor/ supplier etc who participates has no objection to it.

**Principal**

# मकर संक्रांति पर डॉ. जितेंद्र सिंह यादव व डॉ. रंजन ने कम्बल वितरण कर किया भंडारा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेला श्रीरामनगरिया में मकर संक्रांति के पर्व पर मेजर एसडी सिंह आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल की ओर से कम्बल वितरण व भंडारे का आयोजन किया गया।

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बुधवार को मकर संक्रांति के पर्व पर पतित पावनी मां गंगा के पावन तट पर मेला श्रीरामनगरिया में कम्बल वितरण व भंडारे का आयोजन किया गया। कालेज की डायरेक्टर व नवाबगंज ब्लाक प्रमुख डॉ. अनीता रंजन, डॉ. जितेंद्र सिंह यादव समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी ने पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बड़ी संख्या में मौजूद साधु संतों व वृद्ध महिलाओं को कम्बल अपने हाथों से वितरित किये। कम्बल पाकर साधु संत प्रसन्न मुद्रा में दिखायी दिये और उन्होंने कार्यक्रम के आयोजक डॉ. जितेंद्र सिंह यादव व डॉ. अनीता रंजन को आशीर्वाद दिया। अपने हाथों से सभी को भंडारे का प्रसाद वितरित किया। बड़ी संख्या में साधु संत व कल्पवासी भंडारे में शामिल हुए। इस अवसर पर डॉ. नीतूश्री, डॉ. भारती पांचाल, डॉ.अरुण कुमार पाण्डेय, ध्रुव यादव, अनूप, राहुल वर्मा, प्रवीन, साधना, ममता आदि लोगों ने सहयोग किया।



भंडारे में प्रसाद व कंबल वितरित करते डॉ. जितेंद्र सिंह व डॉ. अनीता रंजन

## स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए आशा कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को आशा कार्यकर्ताओं की क्लस्टर बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना था। जिसके तहत आयुष्मान कार्ड, आभा आईडी बनाने और वायु प्रदूषण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए बीसीपीएम (ब्लॉक कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर) प्रदीप कुमार ने आशा कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने में आशा कार्यकर्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी आशा कार्यकर्ताओं से अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर लोगों के आभा कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनवाने में सक्रिय सहयोग करने का आग्रह किया, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवार इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। बीसीपीएम प्रदीप कुमार ने यह भी निर्देश दिए कि सभी आशा कार्यकर्ता अपनी आशा डायरी को नियमित रूप से अद्यतन रखें और किए गए कार्यों का सही रिकॉर्ड बनाए रखें। उन्होंने स्पष्ट किया कि इससे कार्यों की समीक्षा में आसानी होगी और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार आएगा। बैठक के दौरान वायु प्रदूषण से होने वाले दुष्प्रभावों और उससे बचाव के उपायों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। आशा कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि वे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोगों को स्वच्छ वातावरण, स्वास्थ्य सुरक्षा और आवश्यक सावधानियों के प्रति जागरूक करें। इस अवसर पर बीसीपीएम प्रदीप कुमार के साथ बीएमसी रिजबाना भी मौजूद रहीं। बैठक में आशा कार्यकर्ता सरस्वती, सुनीता, साधना, निशा, किरण, मीरा सहित कई अन्य आशा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सभी ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए स्वास्थ्य योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।



बैठक के दौरान मौजूद आशा कार्यकर्ता

## पिछले छह माह से नककूप खराब, सैकड़ों बीघा फसल की सिंचाई प्रभावित

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड के नगला धोबियान में किसानों के लिए वर्ष 2018–19 में निर्मित राजकीय नलकूप संख्या–177 पिछले छह माह से खराब पड़ा है। इससे लगभग 200 बीघा से अधिक कृषि भूमि की सिंचाई प्रभावित हो रही है। जिससे किसान परेशान हैं। यह नलकूप कुछ समय तक ठीक चलने के बाद से ही आए दिन खराब होने लगा था। अब पिछले छह माह से इसकी सबमर्सिबल पंप फुंकी हुई है। खेतों तक पानी पहुंचाने वाली पाइपलाइन के कुलाबे भी खराब पड़े हैं। जिससे किसानों को सिंचाई करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गांव के किसानों ने नलकूप की मरम्मत के लिए कई बार शिकायतें की हैं, लेकिन उन पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। किसान अजय राजपूत ने बताया कि छोटी–मोटी खराबी आने पर वे चंदा इकट्ठा कर मरम्मत करवाते हैं, लेकिन इस बार पंप खराब होने से फसलें सूख रही हैं। किसानों को पंप की मरम्मत के लिए चंदा देने के साथ–साथ मोटर को ट्रैक्टर से जिला मुख्यालय तक लाने तथा ले जाने का खर्च भी उठाना पड़ता है। किसान अनुज राजपूत के अनुसार नलकूप खराब होने के कारण उन्हें सिंचाई के लिए काफी दूर स्थित निजी नलकूपों का सहारा लेना पड़ रहा है। वे पाइप डालकर खेतों तक पानी ला रहे हैं, जिससे लागत और मेहनत दोनों बढ़ गई हैं। इस संबंध में अधिशासी अभियंता कुलदीप ने बताया कि उन्हें आज ही इसकी जानकारी मिली है और वे जल्द ही इसे ठीक करवाएंगे। उन्होंने समस्या का कारण ऑपरेटर के बीमार होने को बताया।



खराब पड़ा नलकूप

## मेला श्रीरामनगरिया में तीन अखाड़ों की निकली शोभायात्रायें, दिखाये करतब

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मकर संक्रांति के पर्व पर पर मेला श्रीरामनगरिया में बड़ी संख्या में साधु संतों ने अपने-अपने अखाड़ों की शोभायात्रा निकालकर हैरतअंगेज करतब दिखाये। निकलने वाले अखाड़ों की शोभायात्रा का मेला श्रीरामनगरिया के सचिव अपर जिलाधिकारी दिनेश कुमार व मेला व्यवस्थापक संजय मिश्रा ने सभी साधु संतों का माला पहनाकर स्वागत किया।

वहीं मेला कोतवाली प्रभारी ने भी सभी साधु संतों को माला पहनाकर स्वागत किया। बुधवार को मकर संक्रांति के पर्व पर शोभायात्रा श्री पंच रामानंदी निर्मोही अखाड़ा से शुरू हुई। महंत मोहनदास की अगुवाई में निकाली गई। इस यात्रा में महंत पैदल चल रहे थे। शोभायात्रा में सबसे आगे छोटे बच्चे ध्वज पताकाएं लेकर चल रहे थे। उनके पीछे ढोल बजाते संत और फिर करतब दिखाने वाले साधु थे। संतों ने लाठी, भाला, तलवार और बरछी जैसे अस्त्र-शस्त्रों से हैरतअंगेज करतब दिखाए। यात्रा का जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। सड़क के दोनों ओर संतों के दर्शन के लिए भीड़ जमा थी। यात्रा बाजार मार्ग से होते हुए प्रशासनिक मार्ग पर पहुंची। जहां मेला लिपिक ने साधुओं को माला पहनाकर स्वागत किया। इस निशान यात्रा में ठाकुर जी की पालकी भी शामिल थी। जिसे चार श्रद्धालु लेकर चल रहे थे। अखिल भारतीय वैष्णव संप्रदाय और अखिल भारतीय श्री पंच तेरहभाई त्यागी चतुर्थ संप्रदाय के संतों ने भी अपनी निशान यात्राएं निकालीं। निशानों की पूजा-अर्चना की गई और संतों की आरती उतारकर उनका स्वागत किया गया। परिक्रमा मार्ग से होते हुए यात्रा का समापन अखाड़े में हुआ। बताया राजस्थान से बड़ी संख्या में यहां साधु संत आए थे। इस अवसर पर महंत हरीशंकर दास, फूलनदास, गंगादास, कोतवाल, दीन दयाल दास, भोलादास, महंत सतीशदास, श्यामकिशोरदास, जगदीशदास, गोपालदास, लक्ष्मणदास, रामदास, बजरंगदास, हरिदास, नारायणदास, फलदास निर्मोही, विष्णुदास, वंशीवाले, ज्ञानदास, राजाराम, दयालदास और रामदास, नरेंद्रदास, महंत दंडी स्वामी शिवस्वरुप ब्रह्मचारी सहित कई प्रमुख संत मौजूद रहे।



शोभायात्रा निकालते तीनों अखाड़ों के साधु संत

## पत्नी के साथ मारपीट करने वाले पति को सात वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या सात न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने गौर इरादान हत्या के मामले में संजू उर्फ संजीव पुत्र हाकिम लाल निवासी मोहल्ला रंग साजन फतेहगढ़ को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर सात वर्ष का कारावास व 52 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

बीते आठ वर्षों पूर्व कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के निवासिनी मंगलेश पत्नी संजू ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि पांच जनवरी 2018 को लगभग रात एक बजे कमरे में सो रही थी। मेरा पति संजू जो कि शराब के नशे में आया और मुझे गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर बुरी तरह लाठी-डंडों से मारा पीटा। पीड़िता मौके पर बेहोश हो गई। शोर की आवाज सुनकर बच्चे जग गए। घटना को सुनकर पास पड़ोस के लोग आ गए। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता संजीव कुमार मिश्र की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने संजू को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर सात वर्ष का कारावास व 52 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड की धनराशि का अस्सी प्रतिशत पीड़िता को दी जायेगी।

## अधिवक्ता के साथ मारपीट, लूटपाट में दरोगा व सिपाही दोषी करार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अधिवक्ता के साथ मारपीट कर लूट करने वाले कर्नलगंज के तत्कालीन चौकी इंचार्ज व सिपाही सुरेन्द्र को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष दस्यु प्रभावित क्षेत्र न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 16 जनवरी की तिथि नियत की गयी है।

बीते आठ वर्षों पूर्व कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला नेकपुर कला निवासी शैलेन्द्र कुमार शर्मा अधिवक्ता ने न्यायालय के समक्ष याचिका दायर की। जिसमें कहा कि 10 जनवरी 2018 को समय करीब 9:00 बजे शाम दयानंद कटियार, अभिनव कटियार व आशा कटियार ने मेरे साथ मारपीट कर जान से मारने की नियत से फायर किया। जिसकी सूचना देने कर्नलगंज चौकी जा रहा था, तभी रास्ते में चौकी इंचार्ज अनिल भदौरिया ने फोन कर कोतवाली फतेहगढ़ बुलाया। जैसे ही कोतवाली पहुंचा, वैसे ही दरोगा गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर अनिल भदौरिया, सिपाही नवनीत व सुरेन्द्र ने मिलकर लाठी-डंडों व पटा से जानलेवा हमला कर धार्मिक भावना को आहत करते हुए दरोगा ने चोटी काट दी और जेब से 2200 रूपये की नकदी, एटीएम कार्ड, सोने की अंगूठी छीन ली और रात भर हवालात में बंद रखा। उक्त घटना तत्कालीन प्रभारी दीपक कुमार के कहने पर की गयी। साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय ने अनिल भदौरिया, सुरेन्द्र सिंह, नवनीत, दीपक को तलब कर किया था। नवनीत, दीपक कुमार की पत्रावली पृथक हो गई थी। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर अनिल भदौरिया, सुरेन्द्र सिंह को न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 16 जनवरी की तिथि नियत की गयी है। अनिल भदौरिया की तैनाती जनपद जालौन में तैनात है, जबकि सुरेन्द्र की तैनाती जनपद इटावा में है।

## मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तीन जुआरियों को पकड़ा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तीन जुआरियों को नकदी व तलाश पत्तों सहित पकड़ लिया। उप निरीक्षक संदीप कुमार को मुखबिर खास ने सूचना दी कि ग्राम मक्कू नगला में प्रधान के मकान के पास स्थित प्लाट में कुछ लोग हार जीत की बाजी लगाकर ताश पत्तों से जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही उप निरीक्षक संदीप कुमार छिपते छिपाते मौके पर पहुचे, तो देखा कि तीन व्यक्ति खाली प्लाट में जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने तीनों व्यक्तियों को घेर घारकर पकड़ लिया। पकड़े गये व्यक्तियों से नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी ली गयी, तो फड़ से 52 अदद ताश के पत्ते व 1480 रूपये बरामद हुए है तथा पकड़े गये पहले व्यक्ति ने अपना नाम राकेश पुत्र विशनु दयाल उम्र 55 वर्ष निवासी मोहल्ला अशोक नगर कस्बा व थाना कमालगंज बताया। जिसकी जामा तलाशी से पहने पेन्ट की जेब से 120 रूपये बरामद हुए तथा दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम नरेश चन्द्र पुत्र रोशन लाल उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम बहोरनपुर टप्पा हवेली थाना कमालगंज बताया। जिसकी जामा तलाशी से पहने कमीज की जेब से 170 रूपये बरामद हुए तथा तीसरे व्यक्ति ने अपना नाम अवधेश सिंह पुत्र रघुनाथ उम्र 52 वर्ष निवासी ग्राम मक्कू नगला थाना कमालगंज बताया। जिसकी जामातलाशी से पहने कमीज की जेब से 80 रूपये बरामद हुए हैं।

## डीएम-एसपी ने ढाईघाट मेले की तैयारियों का लिया जायजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फर्रुखाबाद और शाहजहांपुर के प्रशासनिक अधिकारियों ने मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर ढाईघाट शमशाबाद में आयोजित रामनगरिया मेले का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित कर्मचारियों को सुधार के निर्देश दिए।

जानकारी के अनुसारए बुधवार 14 जनवरी 2026 को मकर संक्रांति के पर्व पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुए कल्पवासी और साधु संत मेले में उपस्थित रहे। फर्रुखाबाद के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, कायमगंज के उपजिलाधिकारी और शमशाबाद के एसओ के साथ-साथ शाहजहांपुर के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी निरीक्षण के लिए मौजूद थे। दोनों जनपदों के अधिकारियों ने एक साझा बैठक कर मेले की व्यवस्थाओं को परखा। निरीक्षण के दौरान मेले में कई अव्यवस्थाएं सामने आईं। जिनमें प्रकाश की उचित व्यवस्था का अभाव और सड़कों की खराब स्थिति प्रमुख थी। कल्पवासी और संत समाज मूलभूत सुविधाओं की कमी से जूझते दिखे। संत समाज ने प्रशासनिक शिविर में अपनी आवाज उठाते हुए शाहजहांपुर जिला पंचायत के कर्मचारियों से इन समस्याओं के तत्काल निस्तारण की मांग की। इसके बाद दोनों जनपदों के पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने रामनगरिया मेले और घाटों का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया। बैठक के माध्यम से अधिकारियों ने संबंधित विभागों के कर्मचारियों को सभी व्यवस्थाओं को तुरंत दुरुस्त करने के आदेश जारी किए।



ढाईघाट मेले में मौजूद आलाधिकारीगण

## खाकी के उत्पीड़न से ठेली चालकों के रोजी रोटी के लाले

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पांचाल घाट स्थित मेला श्रीरामनगरिया में ठेली चालकों का पुलिस जमकर उत्पीड़न कर रही है। जिससे ठेली चालक खासे परेशान है। ऐसा ही एक मामला बुधवार को भी देखने को मिला। ठेली चालकों ने बताया कि कि मेला श्रीरामनगरिया में विगत कई वर्षों से अपनी ठेली लगाकर अपने परिवार की गुजर बसर करते हैं। मगर पिछले दो चार दिनों से पुलिस इन ठेली चालकों का जमकर उत्पीड़न कर रही है। विरोध करने पर ठेली चालकों के साथ मारपीट की जाती है। पुलिस की मारपीट से एक ठेली चालक को पैर में काफी चोट आ गयी। जिससे उसका चलना फिरना भी मुश्किल हो गया। ठेली चालक सचिन पुत्र विश्राम सिंह निवासी ग्राम हुसैनपुर मैनपुरी सहित कई ठेली चालकों ने अपनी-अपनी रसीदें कटवायीं। इस दौरान सचिन कुमार, राधा, मायाराम, चन्दन, अंकित, विकास आदि ने अपनी व्यथा सुनाईं। पीड़ित सोनू ने बताया कि उसने मेला सचिव को प्रार्थना पत्र दिया और घटना की जानकारी दी। जानकारी के बाद मेला थानाध्यक्ष ने सोनू को बुलाया और घटना की जानकारी ली। उसके बाद संबंधित थाना कादरीगेट से राम मनोहर लोहिया अस्पताल डाक्टरी के लिए भेज दिया।

## विकास खण्ड अधिकारी ने बैठक कर सचिवों के कसे पेंच

- आवास सर्वे का कार्य जल्द पूर्ण कराने के दिये निर्देश

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड अधिकारी ने ग्राम पंचायत सचिवों की बैठक ली। जिसमें सचिवों को सरकार की योजनाओं के बारे में कई अहम जानकारियां दी गयीं।

बैठक में बीडीओ ने सचिवों को निर्देशित किया कि वह आवास सर्वे अपने-अपने क्षेत्र में जल्द से जल्द पूर्ण कर कार्यालय को रिपोर्ट दें। उन्होंने कहा कि लाभार्थी पात्रता की सूची से वंचित न रहे और अपात्र को लाभ न मिल सके। इसके साथ ही कहा कि सर्वे जिन ग्राम पंचायत में पूर्ण हो गया है वहां के सचिव दूसरे सचिवों के की मदद करें, ताकि जल्द से जल्द आवास सर्वे पूर्ण हो सके। वहीं एडियो समाज कल्याण अंकुश कटियार को निर्देशित किया कि वह ग्राम पंचायत सचिवों के साथ मिलकर कार्य करें और पात्र लाभार्थियों को सरकार की योजना के अनुसार लाभ दिलाने का कार्य करें। वहीं फैमिली आईडी का स्कोर गिरता देख विकास खंड अधिकारी ने ग्राम पंचायत के सचिवों से नाराजगी जताई और कहा कि सभी सचिव फैमिली आईडी जल्द पूर्ण करें। जिससे कि विकास खंड क्षेत्र में सभी लाभार्थियों को फैमिली आईडी का लाभ मिल सके तथा अधिकारियों के नाराजगी का शिकार न होना पड़े। इसके अलावा सभी सचिवों को शौचालय के बारे में जिओ ट्रैकिंग कर जल्द शौचालय पूर्ण करने की बात कही तथा विकासखंड क्षेत्र में बन रहे आवास की पहली किस्त पहुंच चुकी है। दूसरी किस्त के लिए जिओ ट्रैकिंग कराई जाए। इसके अलावा अन्य कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सचिवों से चर्चा की गई। इस मौके पर विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान, एडियो पंचायत कृष्ण पाल सिंह, एडियो आईएसबी सुखदेश सिंह, एडियो समाज कल्याण अंकुश कटियार, एडियो कृषि तथा ग्राम पंचायत सचिव अनुपम बाजपेई, बृजेश कुमार, प्रमोद शुक्ला, मोतीलाल यादव, कामता प्रसाद पटेल, प्रवीण कुमार, आकांक्षा सक्सेना, वेद प्रकाश, कुलदीप राजपूत, अरविंद कुमार आदि लोग मौजूद रहे।



सचिवों के साथ बैठक करते बीडीओ



माता-पिता के सुपुर्द की गयी बच्ची

## पुलिस ने खोयी बच्ची को सकुशल किया बरामद

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव प्रीतमनगर निवासी तारावती पत्नी टोनी अपनी नातिन शगुन उम्र 3 वर्षीय पुत्री विपिन के साथ कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दवा लेने (एक्सरे कराने) आई थी। एक्सरे कराते समय शगुन उम्र 3 वर्ष अचानक भीड़ में गुम हो गई। जिसकी सूचना दादी तारावती ने कायमगंज कस्बा चौकी पर आकर दी गई। कस्बा चौकी इंचार्ज सोमवीर सिंह मय हमराह कांस्टेविल विजय गुर्जर, कांस्टेविल धर्मेन्द्र तिवारी, कांस्टेविल सचिन कुमार, कांस्टेविल विनीत कुमार ने मामले को गम्भीरता बरतते हुए बच्ची की तलाश शुरू की। सी0सी0टी0वी0 कैमरे की मदद से पुलिस ने दो घन्टे के भीतर ही बच्ची को सकुशल बरामद कर दादी के सुपुर्द किया। बच्ची के सकुशल बरामद होने पर स्वजन ने कस्बा चौकी इन्चार्ज सोमवीर की टीम का आभार जताया।

## शिवम गुप्ता व शनि गुप्ता ने सत्यगिरि महाराज का लिया आशीर्वाद, बांटे कंबल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कड़ाके की ठंड के बीच जरूरतमंदों की सहायता के उद्देश्य से श्री पंच दश नाम जूना अखाड़े के मेला राम नगरिया परिसर स्थित बालक दास जी महाराज के आश्रम में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सेवा कार्य का नेतृत्व शिवम गुप्ता एवं शनि गुप्ता ने किया। जिन्होंने बड़ी संख्या में असहाय, वृद्ध एवं जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित कर ठंड से राहत पहुंचाई। कार्यक्रम के दौरान आश्रम परिसर में श्रद्धा और सेवा का माहौल देखने को मिला। साधु-संतों के सान्निध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भी उपस्थिति रही। कंबल पाकर लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी साफ दिखाई दी और उन्होंने आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया। शिवम गुप्ता एवं शनि गुप्ता ने कहा कि मानव सेवा ही सच्ची ईश्वर सेवा है और समाज के कमजोर व जरूरतमंद वर्ग के लिए कार्य करना सभी का दायित्व है। उन्होंने आगे भी इस प्रकार के सामाजिक और जनकल्याणकारी कार्य निरंतर करते रहने की बात कही। कंबल वितरण कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ और स्थानीय लोगों ने इस पहल को सराहनीय बताते हुए आयोजकों की प्रशंसा की।



कंबल वितरण करते शिवम गुप्ता व शनि गुप्ता व मौजूद सत्यगिरि महाराज

## मेले में ठेली हटाने को लेकर दुकानदार भड़के

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** श्रीरामनगरिया मेले में ठेली दुकानदारों को एडीएम के आदेश पर पुलिस ने हटवा दिया। जिसको लेकर ठेली वाले उग्र हो गये और नारेबाजी करते हुए मेला कार्यालय पहुंचकर मेला व्यवस्थापक संजय मिश्रा से कहा कि जब हम लोगों की रसीद काटी गयी है, तो ठेली क्यों नहीं लगने दी जा रही है। कुछ ठेली दुकानदारों ने बताया कि पैसा वापसी लेने की भी बात उनसे कही गयी है। कुछ ने कहा कि हमारी रसीद नहीं काटी जा रही है। इस संदर्भ में संजय मिश्रा ने सभी ठेली दुकानदारों को समझाया कि हम अधिकारी से बात करके बतायेंगे और उन्होंने यह भी कहा कि ठेली दुकानदारों को एक स्थान पर खड़े नहीं रहना है। चलते फिरते सामान की बिक्री करनी है। उनके समझाने पर ठेली दुकानदार नहीं माने और जूना अखाड़ा संत समिति के अध्यक्ष सत्यगिरि महाराज के पास पहुंचकर अपनी पीड़ा बतायी।

## एसडीएम ने बैठक में एसआईआर व अन्य दस्तावेजों के बारे में किया जागरूक



बैठक लेते एसडीएम

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

उपजिलाधिकारी अतुल कुमार सिंह ने तहसील में एक सर्वदलीय बैठक का आयोजन किया। बैठक में केवल भाजपा और कांग्रेस के ही प्रतिनिधि व अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। उपजिलाधिकारी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य बीएलए और बीएओ के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना है। उन्होंने फॉर्म 6 सहित सभी जरूरी दस्तावेजों के बारे में बताया और कहा कि किसी को इसमें दिक्कत आ रही है, तो वह बीएलओ से संपर्क कर सकता है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की इस प्रक्रिया में सभी लोग सहयोग करें। बैठक का मुख्य उद्देश्य सूची में शामिल नाम की पुष्टि करना और पत्रों की पहचान करना था। मौके पर ही नए नाम जोड़ने फार्म 6, नाम हटाने फॉर्म 7 और संशोधन फॉर्म 8 के बारे में जानकारी बृहद रूप से दी गयी। उन्होंने कहा कि फॉर्म 6 भरते समय आधार कार्ड के साथ-साथ जन्म तिथि से संबंधित वैध दस्तावेज अनिवार्य रूप से ले जाएं। उन्होंने 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके अथवा 18 वर्ष के होने जा रहे युवाओं का नाम प्राथमिकता से जोड़ने पर जोर दिया। बैठक में मौजूद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को विधानसभा मतदाता सूची पुनरीक्षण 2025 के संबंध में व एसआईआर के संबंध में आयोग के निर्देशों से अवगत कराया गया। निर्वाचन नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2026 की वर्तमान में अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर फोटो युक्त निर्वाचक नामावली का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2026 के संबंध में भी बताया गया। उपजिलाधिकारी ने बताया कि बैठक में एसआईआर को लेकर जरूरी दस्तावेजों के बारे में जागरूक किया गया और इस कार्य में सहयोग करने की अपील की गई।

## आयुष्मान कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र बनाने के नाम हो रही अवैध वसूली

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। आयुष्मान कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर जमकर अवैध वसूली की जा रही है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताते हैं कि कम्प्यूटर आपरेटर सुशील कमार आयुष्मान कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर लोगों से अवैध वसूली कर रहा है। इसका वीडियो किसी ने बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। यह वीडिया नवाबगंज सीएचसी का बताया जा रहा है।

# कैरियर गाइडेंस के प्रति छात्रों को किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय पाठशाला इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य दिनेश कुमार वर्मा की प्रेरणा से एवं जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह के मुख्य अतिथि में दसवीं एवं 12वीं में अध्यनरत छात्रों के लिए कैरियर गाइडेंस का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियांत्रिकी के विशेषज्ञ के रूप में रूप किशोर, चिकित्सा क्षेत्र में गाइडेंस के लिए डॉ. नवनीत गुप्ता, सामान्य प्रशासन के लिए मनेंद्र मिश्रा एवं कंप्यूटर शिक्षा में बढ़ते अवसर को रेखांकित करने के लिए सुरेंद्र कुमार पांडे उपस्थित रहे। डॉ0 नवनीत गुप्ता ने छात्रों को खासकर के 12वीं के जीव विज्ञान के छात्रों को चिकित्सा क्षेत्र में जानकारी देते हुए कहा कि केवल एमबीबीएस, बीएएमएस बीएचएमएस ही चिकित्सा क्षेत्र का अंत नहीं है, बल्कि इसके अतिरिक्त चिकित्सा क्षेत्र में बहुत सारे अवसर हैं। जैसे रेडियोलॉजी, बी-फार्मा, डी-फार्मा बहुत सारे अन्य कोर्सेज उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि आमतौर पर जीव विज्ञान के छात्र भौतिक एवं गणित में कमजोर होते हैं, इसलिए इन छात्रों को गणित एवं भौतिक विज्ञान पर विशेष जोर देना चाहिए। इंजीनियर रूप किशोर ने इंजीनियरिंग के क्षेत्र में 12वीं के पास के बाद आप क्या-क्या कर सकते हैं उस पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 12वीं के छात्र में आप इंजीनियरिंग के क्षेत्र में आईआईटी, एमएलएनआर जैसी उच्च संस्थानों में प्रवेश पा सकते हैं। उन्होंने विज्ञान वर्ग के छात्रों को सलाह देते हुए कहा कि आपको फिजिक्स केमिस्ट्री और गणित तीनों पर बराबर ध्यान देने की आवश्यकता है। सुरेंद्र कुमार पांडे ने कंप्यूटर शिक्षा की अनिवार्यता पर जोर देते हुए कहा कि कंप्यूटर की शिक्षा जीवन में आगे बढ़ाने के लिए अति आवश्यक है।

उन्होंने छोटी-छोटी परीक्षाओं में अनिवार्यता की बात कही और कहा कि विद्यार्थियों को पहले ही यह सब औपचारिकताएं पूरी कर लेनी चाहिए। प्रधानाचार्य दिनेश कुमार वर्मा का आभार व्यक्त किया। संचालन डॉ0 संजीव कुमार त्रिवेदी ने किया। सभी छात्रों को अन्य सभी शिक्षकों ने भी अपने-अपने बहुमूल्य सुझाव दिए। अखिलेश कुमार पांडे ने कहा परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है। विद्यालय के सभी शिक्षक अपने विषय के विशेषज्ञ हैं और उनसे अपने-अपने विषय के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। करणपाल यादव, संजय कुमार गिरी, संजीव कुमार ने भी छात्रों के साथ अपने अनुभव साझा किया। इस अवसर पर रामचंद्र कुरील, अभिलाष शंखवार, देवेंद्र पाठक, समरेंद्र शुक्ला, देवाशीष पाठक, जगवीर सिंह यादव, ब्रजमोहन, मनोज कुमार, निशांत यादव, सरिता शर्मा, पुष्पेंद्र शर्मा, संजीव कुमार प्रथम, संजीव कुमार, जयवीर, नितिन यादव, मालती, दिलीप कुमार, संजय गिरी, राजवीर राठौर, बच्चू लाल, केशव गंगवार, संघप्रिय गौतम आदि उपस्थित रहे।


कार्यक्रम में मौजूद डीआईओएस व अन्य

# आर्य समाज ने संस्कृत विषय को आधुनिक समाज से जोड़ा : चन्द्रदेव शास्त्री

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेला रामनगरिया के वैदिक क्षेत्र चरित्र निर्माण शिविर में प्रतिदिन की भांति प्रातःकाल यज्ञ किया गया। आचार्य प्रदीप शास्त्री ने वैदिक मंत्रों से यज्ञ सम्पन्न कराया। आर्य समाज सण्डीला के प्रधान सत्यप्रकाश आर्य सपरिवार यजमान बन कर विद्वानों का आशीर्वाद प्राप्त किया। आचार्य चंद्रदेव शास्त्री ने कहा कि संस्कृत विश्व की प्राचीनतम एवं सर्वाधिक समृद्ध भाषाओं में से एक है। भारतीय परम्परा में संस्कृत को देववाणी कहा गया है, क्योंकि इसी भाषा में वेद, उपनिषद, ब्राह्मण, आरण्यक, रामायण, महाभारत और पुराणों की रचना हुई। वेदों को अपौरुषेय माना गया है, अर्थात् वे मानवीय रचना न होकर ईश्वर की दिव्य वाणी हैं और उनका प्राकट्य संस्कृत भाषा में हुआ। इस कारण संस्कृत को ईश्वर और वेद की वाणी कहा जाता है। आर्य समाज ने संस्कृत को आधुनिक विषयों के साथ जोड़कर उसकी उपयोगिता सिद्ध की। मध्यान्ह की सभा में शिवनारायण आर्य, जयदेव आर्य व रामवीर शास्त्री ने मधुर भजनों के माध्यम से ईश्वर भक्ति की महिमा का गुणगान किया। संदीप आर्य ने बताता कि 15 जनवरी को वैदिक क्षेत्र में मध्यान्ह 2 बजे से महिला सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। मुख्य अतिथि डॉ0 मिथलेश अग्रवाल व अर्चना द्विवेदी रहेंगी। मुख्य वक्ता धामपुर से डॉ0 अर्चना आर्या, कन्या गुरुकुल नजीबाबाद से माद्री आर्या व उदिता आर्या आदि विदुषियों का उद्बोधन होगा। कार्यक्रम में हरिशंकर उपाध्याय, अनिल आर्य, उत्कर्ष आर्य, देवानंद महाराज, बैजू बाबरा, मंगलम आर्य, मनीष यादव, रेनू आर्य, उपासना आर्या, श्रुतिकीर्ति आर्या आदि उपस्थित रहे।


प्रवचन करती आचार्या


खड़ी पोकलाइन मशीन

## डीएम के आदेश पर पकड़ा गया अवैध खनन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देश पर ग्राम पट्टी मदारी में बालू का अवैध खनन करने वाली पोकलाइन मशीन को खनन अधिकारी ने पकड़ लिया। खनन अधिकारी ने मौके की जांच लेखपाल एवं थाना प्रभारी कम्पिल के साथ करने पर पाया गया कि उक्त ग्राम मे अमृतसरोवर योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन तालाब में बालू निकली है। खनन अधिकारी ने मौके पर खड़ी पोकलाइन मशीन को पास के गौशाला में खड़ा कराकर पुलिस अभिरक्षा मे दिया गया है तथा अकाउंटेंट नगर पंचायत कम्पिल को निर्देशित किया गया कि निकली बालू के निस्तारण हेतु नियम 52ख के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन कर आकलित बालू की नियमानुसार रॉयल्टी जमा करने के पश्चात् ही कार्य प्रारम्भ करें।

# श्री मंगला गौरी सेवा समिति के सामूहिक विवाह में 19 जोड़े हुए एक-दूजे के

**मिथलेश अग्रवाल सहित गणमान्य नागरिकों ने वर-वधू को दिया आशीर्वाद**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

श्री मंगला गौरी सेवा समिति द्वारा आयोजित गरीब कन्याओं हेतु गुरुगांव देवी मंदिर में छठवां सामूहिक विवाह समारोह धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ। 19 जोड़े एक दूजे के हुए। मुख्य अतिथि के रुप में पहुंची मिथलेश अग्रवाल ने वर-वधू को आशीर्वाद दिया। वहीं अतिथियों को सम्मानित किया गया। नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई बारात कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। जहां फूल मालाओं से बारातियों का स्वागत किया गया। गणमान्य नागरिकों द्वारा वर-वधुओं को सुखद दामपत्य जीवन का आशीर्वाद दिया गया। दूल्हों को दहेज में अलमारी, बैड, बर्तन, ड्रेसिंग टेवल, रजाई-गद्दा, गैस-सिलेण्डर एवं वधुओं के श्रृंगार का सभी सामान भेंट स्वरुप प्रदान किया गया।

श्री मंगला गौरी सेवा समिति द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह में आचार्य शिव नारायण तिवारी द्वारा समस्त वैवाहिक संस्कार सम्पन्न कराये गये। ममता देवी संग ब्रहमानंद, गुलशन संग अंकित, मोहिनी संग आशू कश्यप, उमा संग कपिल राजपूत, कामिनी संग प्रमोद, मुस्कान संग रजनीकांत, सोनम संग राजाबाबू, रिया संग अनिल गुप्ता, राधा देवी संग नीलेश, पूजा बाथम संग पवन बाथम, संध्या संग शुभनेश, आरती संग शाहिल गुप्ता, सोनी संग अरुण, सुमेगा संग अर्जुन सिंह, गायत्री संग गौरव कुमार, गीता देवी संग विकाश श्रीवास्तव, हिमानी सक्सेना संग आकाश सक्सेना, अनामिका संग सौरभ कुमार जोड़े दामपत्य सूत्र बंधन में बंधे। इस मौके पर संरक्षक मुन्नालाल वार्ष्णेय, संरक्षक अजय परमार, कार्यक्रम संयोजक अनूप कुमार गुप्ता, अध्यक्ष अनूप चैरसिया, सचिव अरिवन्द गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नवनीत कनौजिया, कोषाध्यक्ष गोपाल कश्यप, सोनी शुक्ला, लकी गुप्ता, अनिल कसेरे, लकी कश्यप, सागर भारद्वाज, संजय सक्सेना, सचिन यादव, व्यापारी मनोज मिश्रा, विमलेश मिश्रा, सौरव गुप्ता, संजीव बाथम, मौजूद रहे।


जयमाल के दौरान वर-वधू

# भारतीय संस्कृति की सुरक्षा हेतु संस्कृत शिक्षण आवश्यक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बच्चों में बढ़ती अनुशासनहीनता पाश्चात्य सभ्यता की अग्रसारिकता का प्रतीक है। समाजसेवी और शैक्षिक विचारक डॉ0 सुनील कुमार त्रिपाठी ने कहा कि बच्चों में संस्कार विकसित करने के लिए संस्कृत विषय का शिक्षण परम आवश्यक है। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड और प्रादेशिक शिक्षा बोर्ड में कक्षा बारहवीं तक संस्कृत भाषा के शिक्षण को अनिवार्य रूप से लागू कर देना चाहिए। इससे विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति के प्रति अभिरुचि उत्पन्न होगी और संस्कारों का विकास होगा। कुछ ख्रिस्तीन मानसिकता वाले अंग्रेजी माध्यम वाले विद्यालयों द्वारा भारतीय संस्कृति पर कुठाराघात किया जा रहा है जो एक विचारणीय विषय है। हमें दूसरी संस्कृतियों में निहित अच्छे विचारों को आत्मसात करना चाहिए, परन्तु अपनी संस्कृति को सर्वोपरि रखना चाहिए। हमारी संस्कृति स्वार्थपरता से परे रहकर सभी के सुखी, नीरोगी, दूसरों के कल्याण और सभी के दुःख से मुक्त रहने की कामना करती है। भारतीय संस्कृति पशुता नहीं बल्कि मनुष्यता की भावना का सन्देश देती है। अतः विद्यार्थियों के बारहवीं कक्षा तक संस्कृत भाषा का शिक्षण परम आवश्यक है।


एसके त्रिपाठी

# "हमारी संस्कृति-हमारी पहचान" के अन्तर्गत प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

शासन के आदेशानुसार हमारी संस्कृति हमारी पहचान के अन्तर्गत संस्कृति उत्सव का तहसील स्तर पर आयोजन शकुंतला देवी बालिका इण्टर कालेज में किया गया। विभिन्न विधाओं की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें एकल गायन प्रतियोगिता, समूह गायन प्रतियोगिता, एकल नृत्य प्रतियोगिता, समूह नृत्य प्रतियोगिता एवं वाद्य यन्त्र बजाओ प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी डॉ0 महेश चन्द्र राजपूत प्रधानाचार्य रामदर्शनी राजकीय इण्टर कालेज भटासा रहे एवं विशिष्ट अतिथि पं0 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य रामदास रहे। आयोजक प्रधानाचार्य सुतीक्षण श्रीवास्तव रहे। प्रतियोगिता में विकासखण्ड कायमगंज एवं शमसाबाद के विद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें कन्याविद्या पीठ इण्टर कालेज कायमगंज, जनता इण्टर कालेज रशीदाबाद तिवारियान, शकुन्तला देवी इण्टर बालिका इण्टर कालेज एवं शकुन्तला देवी इण्टर कालेज अंग्रेजी माध्यम, व के.एस.आर. इण्टर कालेज कम्पिल, एस.एन.एम. इण्टर कालेज कायमगंज, इनामुल हकशाह मेमोरियल इण्टर कालेज रायपुर, बाबा रामरक्षपाल अन्नपूर्णा आदर्श कन्या इण्टर कालेज शमसाबाद आदि के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। एकल गायन प्रतियोगिता में पं0 दीनदयाल उपाध्याय इण्टर कालेज रोशनाबाद से रिंकी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बाबा राम रक्षपाल अन्नपूर्णा देवी आदर्श कन्या इण्टर कालेज शमसाबाद की इंशा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा के.एस.आर. इण्टर कालेज कम्पिल की खुशबू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं समूह गायन प्रतियोगिता में दीपा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अनुज ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं एकल नृत्य प्रतियोगिता में गरिमा ने प्रथम स्थान तथा योगिता शाक्य ने द्वितीय तथा अंशिका ने तृतीय स्थार प्राप्त किया।

वहीं समूह नृत्य प्रतियोगिता में शकुंतला देवी बालिका इण्टर कालेज ने प्रथम स्थान, शकुन्तला देवी इण्टर कालेज अंग्रेजी माध्यम ने द्वितीय तथा शकुन्तला देवी महिला महाविद्यालय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक निशा शाक्य, प्रिया द्विवेदी, साक्षी श्रीवास्तव रहीं। संचालन सुरभि श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान प्राचार्या डॉ0 वेणु सिंह, अंग्रेजी माध्यम के प्रधानाचार्य अनिल बाबू तिवारी, उपप्रधानाचार्य प्रभंजन यादव एवं मनोज कुमार यादव, शैलेन्द्र कुमार यादव, रामकुमार, मन्दाकनी शीतल शाक्य, सन्तोष शर्मा, ममता सिंह, लक्ष्मी गंगवार, कु0 शिल्की मिश्रा, मनीष गौड़ आदि उपस्थित रहे।


नृत्य प्रस्तुत करती छात्रायें

# वेटरन्स-डे पर शहीद वीर सैनिकों की विधवाओं को किया गया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

वेटरन्स-डे शहीद स्मारक फतेहगढ़ में हुल्लासपूर्वक मनाया गया। मुख्य अतिथि स्टेशन कमांडर एवं कमांडेंट सिखलाई रेजीमेंटल सेंटर के ब्रिगेडियर मनीष कुमार जैन, विशिष्ठ अतिथि कमांडर नवीन कटियार, कर्नल हरमेश यादव, वीरेन्द्र सिंह राठौर व रिटायर कर्नल रविन्द्र सिंह मौजूद रहे।

प्रत्येक वर्ष 14 जनवरी को वेटरन्स-डे मनाया जाता है। इस दिन स्वतंत्र भारत के प्रथम कमांडर इंचीफ जनरल केएम करियप्पा सेवानिवृत्त हुए थे। इसलिए इस दिन को त्रिसेवा पूर्व सैनिक दिवस यानी वेटरन्स-डे मनाया जाता है। इस अवसर पर युद्ध में विधवा वीर नारियां कमला देवी पत्नी शही सिपाही राजपाल सिंह, कुसमा देवी पत्नी शहीद हवलदार कन्हई सिंह, सरला देवी पत्नी शहीद सिपाही छुटकुन्नू सिंह, सुनीता सिंह पत्नी शहीद नायक सुनील कुमार, युद्ध के लिए सेवा मेडल अजय पाल सिंह, सूबेदार सुखपाल सिंह को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व सैनिक कमांडेंट सरनाम सिंह, सूबेदार गंगाराम, राकेश राठौर, सोवरन सिंह, अशोक दीक्षित मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्रिगेडियर मनीष कुमार ने की। व्यवस्था कैप्टन उदय राज सिंह चौहान ने देखी।

संचालन प्रधानाचार्य डा0 बृजभूषण सिंह ने किया। आभार नवीन कटियार ने व्यक्त किया। रामवीर सिंह चौहान सहित पूर्व सैनिकों ने कार्यक्रम में भाग लिया।


कार्यक्रम में मौजूद पूर्व सैनिक

### अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन से पदाधिकारियों के लिये गये इस्तीफे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के प्रदेश अध्यक्ष धीरज कुमार पांडे द्वारा जनपद के कुछ लोगों को उनके गलत कारनामों को लेकर तथा संगठन विरोधी गतिविधियों की जानकारी मिलने पर इन लोगों पर दंडनात्मक कार्यवाही करते हुए पदाधिकारियों से इस्तीफा ले लिये गये है। जिसमें गौरव यादव जिला अध्यक्ष, गोपाल सक्सेना जिला उपाध्यक्ष, चंद्रशेखर शर्मा जिला सचिव, सौरव गुप्ता नगर अध्यक्ष, नीरज राठौर नगर सचिव, सौरभ शर्मा जिला सचिव, कुनाल कटियार नगर सचिव, अभिषेक मिश्रा नगर सचिव, नीरज राठौर नगर सचिव, सौरभ गुप्ता नगर अध्यक्ष के नाम शामिल है। यह सभी पूर्व पदाधिकारियों का अब अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन से कोई लेना देना नहीं है। इनके द्वारा कोई भी कार्य करने की जिम्मेदारी स्वयं की होगी। वहीं पूर्व जिलाध्यक्ष गौरव यादव ने बताया कि मैं अपनी टीम के साथ सामूहिक इस्तीफा दो दिन पूर्व में ही दे दिया था। अब इस संगठन में मेरा कोई साथी कार्य नहीं करेगा। दूसरे संगठन के साथ है।

### जगह में नाली का पानी बहाने से रोकने पर ग्रामीण मारपीट पर आमादा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के अठरुईय्या गांव में नाली के पानी को लेकर विवाद सामने आया है। गांव बांसूडाडा के लोगों पर सुशीला देवी के ससुर की जमीन पर नालियों का पानी बहाने का आरोप है। इस मामले में सुशीला देवी ने बुधवार शाम को थाने में तहरीर दी है। सुशीला देवी के अनुसार उनके ससुर के नाम गांव में एक जमीन है। गांव बांसूडाडा के ग्रामीण अपनी नालियों का पानी इसी जमीन पर बहाते हैं। कई बार मना करने के बावजूद ग्रामीणों ने पानी बहाना बंद नहीं किया। बुधवार को जब सुशीला देवी ने फिर से पानी बहाने से रोका, तो ग्रामीण मारपीट करने पर आमादा हो गए। इसके बाद सुशीला देवी ने नवाबगंज थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

# मकर संक्रांति पर आरएसएस द्वारा खिचड़ी भोज का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मकर संक्रांति पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। आवास विकास स्थित एक पार्क में मुख्य उद्बोधन के बाद खिचड़ी भोज सम्पन्न हुआ। मुख्य वक्ता वीरेन्द्र मिश्रा ने कहा कि मकर संक्रांति का पर्व आज विश्व के 16 देशों में मनाया जाता है। उन्होंने मातृशक्ति की भूमिका पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि हमारी परंपराओं, देवी-देवताओं और ग्राम्य संस्कृति को जीवंत बनाए रखने में मातृशक्ति का अमूल्य योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति के अवसर पर पवित्र नदियों में स्नान, दान और पुण्य कर्म के माध्यम से हिंदू समाज मोक्ष की भावना से जुड़ता है। उन्होंने जोर दिया कि यदि आज हमारी रीति-रिवाज और परंपराएं सुरक्षित हैं, तो उसका श्रेय मातृशक्ति को जाता है, क्योंकि मां को जीवन का प्रथम गुरु माना गया है। अध्यक्षता कर रहे वीरेन्द्र सिंह राठौर ने कहा कि लोग अपनी सभ्यता को भूल रहे है। पश्चिमी सभ्यता को अपना रहे है। हमें सनातन धर्म से जुड़कर हिन्दू संस्कृति को अपनाना होगा और अपने बच्चों को संस्कारवान बनाये। जिससे वह समाज व देश के प्रति अपनी भूमिका का निर्वाह्न कर सके। कार्यक्रम की व्यवस्था मुख्य शिक्षक अभिषेक ने देखी। संस्था कार्यवाहक नीरज वर्मा, नवीन कटियार, धनंजय ने देखी। इस मौके पर अनिल गंगवार, विवेक राठौर, संजीव बंसल, जितेन्द्र सिंह, आरबी सिंह आदि लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।


कार्यक्रम को सम्बोधित करते वीरेन्द्र सिंह राठौर

# जिला विपणन अधिकारी के खिलाफ भाकियू ने किया विरोध प्रदर्शन

**सीएमओ कार्यालय पहुंचकर आशा बहुओं के मांगे नियुक्ति पत्र**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भाकियू किसान यूनियन ने जिला विपणन अधिकारी का घेराव कर विरोध प्रदर्शन कर धरना दिया और उनके खिलाफ तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने बुधवार को जिलाध्यक्ष अजय कटियार के नेतृत्व में धरने पर बैठे। तीन घंटे बाद पहुंचे सदर तहसीलदार सनी कन्नौजिया और ज्ञापन लिया। ज्ञापन में मांग की गई कि जल्द निस्तारण किया जाये। जिला अध्यक्ष अजय कटियार जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी फतेहगढ़ कार्यालय पर कोबिड कर्मचारियों और आशा बहुओं के धरना प्रदर्शन में पहुंचे। जहां पर जोरदार नारेबाजी हुई। एसीएमओ और सीएमओ ने वार्ता की और कहा कि हम आज से कल सुबह तक 59 में से 40 कोविड कर्मचारियों को समायोजन कर सुबह तक नियुक्ति पत्र दे दे दिये जाएंगे। जिला अध्यक्ष अजय कटियार ने उनकी बात मानने से मना कर दिया और कहा कि इनको अभी नियुक्ति पत्र दीजिए अगर आप आज नियुक्ति पत्र नहीं दे सकते तो धरने पर बैठे रहेंगे। जिसके बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में अफरा तफरी का माहौल बन गया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद शाक्य, छविनाथ शाक्य, गोपी शाक्य, अभय यादव, राजेश गंगवार, पुजारी कटियार, रामप्रकाश पाल, अनुज राजपूत, रजत गंगवार, पप्पू गंगवार, शिवराम शाक्य, अंकेश गंगवार, प्रेम चंद्र यादव, बरजोर सिंह, रावेंद्र शाक्य, श्याम शाक्य, निरोत्तम राजपूत, बबलू जोशी, बबलू खटीक, रामू, राघवेंद्र, डंपी यादव, अजीत सोमवंशी, राजीव, सुनील आदि मौजूद रहे।


तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते भाकियू नेता

# पुलिस फायर स्टेशन पर किया गया मॉक ड्रिल का आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस फायर स्टेशन फतेहगढ़ में नगर मजिस्ट्रेट संजय कुमार बंसल की अध्यक्षता में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल में जिला प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग एवं अग्निशमन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से अभ्यास किया गया। इस दौरान उपस्थित आपदा मित्रों एवं आम नागरिकों को आपातकालीन परिस्थितियों, विशेषकर आग लगने की स्थिति में सुरक्षा उपायों तथा घायलों के रेस्क्यू से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। मॉक ड्रिल के बारे में बताते हुए मुख्य अग्निशमन अधिकारी आशीष वर्मा ने बताया कि आग 3 तरीके के इंधनों पर लगती है, ठोस, द्रव तथा गैस रासायनिक विशेष प्रक्रिया को आग कहते हैं। आग वह रासायनिक प्रक्रिया है जो लगने पर ईंधन का रंग रूप बदल देती है, धात्विक वस्तु आग के संपर्क में आती है तो उसमें ऊष्मा का संचालन होता है, जब द्रव अग्नि के संपर्क में आता है तो उसमें ऊष्मा का संवहन होता है और जब गैस अग्नि के संपर्क में आती है तो उसमें रेडिएशन होता है सोडियम, मैग्नीशियम व अल्युमिनियम आदि धातुएं आग के लिए ईंधन का काम करती हैं ईंधन और ऑक्सीजन और ताप। तीन चीजों से मिलकर आग बनती है। इनमें से कोई भी एक चीज हटे तो आग बुझ जाती है आग कई चीजों में लग सकती है जैसे ठोस, द्रव, गैस व इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं, द्रव में लगने वाली आग फोम से बुझाते हैं बालू से भी आग बुझ सकती है। बीसी नामक पदार्थ से लगभग सभी प्रकार की घरेलू आग बुझाई जा सकती है, इसमें सुख रासायनिक पाउडर होता है। इस सिलेंडर का उपयोग आग बुझाने के लिए केवल एक ही बार किया जा सकता है। आग लगने पर सिलेंडर के नोजल का लॉक तोड़ना होता है, पिन निकालना होता है और फिर उसका स्विच खोलना होता है फिर उसका उपयोग झाड़ू लगाने की तरह करने से आग बुझाते हैं। एलपीजी सिलेंडर में आग लगने से उसके रेगुलेटर पर पीछे से आगे ले जाकर उंगली रखते हैं और आग बंद हो जाती है, जलते हुए सिलेंडर के ऊपर उल्टी बाल्टी रखने से भी आग बंद हो जाती है, क्योंकि उसकी ऑक्सीजन सप्लाई बंद हो जाती है, जलते हुए सिलेंडर के ऊपर भीगा कंबल रखने से भी आग बुझा सकते हैं, भीगी हुई फूल झाड़ू से भी सिलेंडर में लगी हुई आग बुझाई जा सकती है। बीसी पदार्थ से भरे हुए सिलेंडर का उपयोग तभी किया जाना चाहिए, जब उसमें हरा इंडिकेटर दिख रहा हो, लाल इंडिकेटर दिखने पर उसका प्रयोग वर्जित है। बड़े क्षेत्र में आग लगने पर हम 112, 100, 101 पर भी फोन से कॉल कर सकते हैं और फोन नंबर है 9454 418 424, 9454 418 423 पर सम्पर्क कर सकते है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने आग प्रायोगिक तौर पर लगने पर उसे बुझाने के तरीके वहां उपस्थित जनों को सिखा, युद्ध आदि आपात की स्थिति में यदि कोई अन्य घायल हो जाए तो उसे किस प्रकार चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराए। घायल व्यक्ति को सीपीआर देना, मुंह से ऑक्सीजन सप्लाई देना और उसे एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने की विधियां बताई गई। इस अवसर पर नागरिक सुरक्षा अधिकारी व अग्निशमन विभाग के कर्मचारी व आपदा मित्र उपस्थित रहे।


प्रशिक्षण देते अग्निशमन अधिकारी

# साई नशा मुक्ति केंद्र की तीसरी शाखा का ईश्वरदास महाराज ने किया शुभारम्भ


कार्यक्रम में मौजूद ईश्वरदास ब्रह्मचारी व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

साई नशा मुक्ति केंद्र की तीसरी शाखा का दीन दयाल बाग स्थित इटावा बरेली हाइवे पर हरदोई के समाजसेवी राजवर्धन सिंह द्वारा संचालित शिवपाल सिंह जनकल्याण संस्था के तत्वावधान में शुभारम्भ हुआ। मुख्य अतिथि ब्रह्मचारी ईश्वरदास महाराज एवं पूर्व विधायक गंगा सिंह चौहान ने फीता काटकर नशा मुक्ति केंद्र की नई शाखा का उद्घाटन किया। शिवपाल सिंह जनकल्याण संस्था द्वारा समाजहित में निरंतर अनेक कार्य किए जा रहे हैं। संस्था के संचालक राजवर्धन सिंह राजू का लक्ष्य भारत को नशामुक्त बनाना है। इसी उद्देश्य से प्रदेश के प्रत्येक जनपद में नशा मुक्ति केंद्र स्थापित कर लोगों को नशे से होने वाली शारीरिक, मानसिक व सामाजिक हानियों के प्रति जागरूक किया जा रहा है तथा नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया जा रहा है। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शशिभूषण दीक्षित, सचिव कुंवर सिंह यादव, बृजेश सिंह, देवेन्द्र सिंह यादव, लक्ष्मण सिंह, राघवेंद्र, संजय सिंह, विपिन चौहान, सुदेश त्रिवेदी, सौरभ सिंह राठौर, सुबोध सिंह राठौर, देवेंद्र सिंह, भीम सिंह, गौतम सिंह, टिल्लू सिंह उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में


### अवैध मिनी टैंकर पर बड़ी कार्रवाई, संयुक्त अभियान में वाहन सीज

**लखीमपुर खीरी।** खीरी पेट्रोलियम ट्रेडर्स एसोसिएशन, एआरटीओ खीरी एवं यातायात पुलिस के संयुक्त अभियान के तहत लखीमपुर से सुंदरवल रोड पर संचालित एक अवैध मिनी टैंकर (ब्राउज़र) को पकड़कर सीज कर दिया गया। यह कार्रवाई जिले में अवैध रूप से पेट्रोलियम पदार्थों के परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से की गई। संयुक्त कार्रवाई के दौरान टीएसआई सचिन गंगवार एवं एआरटीओ शांति भूषण पांडे मौके पर मौजूद रहे। एआरटीओ खीरी द्वारा संबंधित अवैध मिनी टैंकर को सीज करते हुए आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई। साथ ही अग्रिम कार्रवाई के लिए जिला आपूर्ति अधिकारी, खीरी को भी मामले की सूचना दे दी गई है। बताया गया कि यह कार्रवाई खीरी पेट्रोलियम ट्रेडर्स एसोसिएशन द्वारा पूर्व में जिला प्रशासन को दिए गए ज्ञापन के क्रम में की गई है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनपद में अवैध रूप से संचालित ऐसे ब्राउज़रों के खिलाफ आगे भी सख्त और प्रभावी अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर एआरटीओ शांति भूषण पांडे एवं टीएसआई सचिन गंगवार ने आश्वासन दिया कि अवैध पेट्रोलियम परिवहन करने वालों के विरुद्ध शीघ्र ही व्यापक स्तर पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं खीरी पेट्रोलियम ट्रेडर्स एसोसिएशन ने इस सराहनीय कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन, एआरटीओ खीरी, आरटीओ एवं यातायात पुलिस का आभार व्यक्त किया है।

### युवक की बेरहमी से पिटाई, लाठी-डंडों से हमला कर सिर फोड़ा

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** कोतवाली गोला क्षेत्र के कुशमहरी गांव में मंगलवार शाम आपसी रंजिश को लेकर दबंगों ने एक युवक की बेरहमी से पिटाई कर दी। लाठी-डंडों और लात-घूंसों से किए गए हमले में युवक के सिर में गंभीर चोटें आईं, जिससे वह लहूलुहान हो गया। बीच-बचाव करने पहुंची उसकी मां को भी आरोपियों ने जानमाल की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुशमहरी निवासी शीलू देवी पत्नी आनंद शुक्ला ने कोतवाली गोला में दी गई तहरीर में बताया कि 12 नवंबर 2026 की शाम करीब 8:30 बजे गांव के ही दिलीप शुक्ला, प्रदीप शुक्ला, पंकज उर्फ गुड्डू पुत्रगण इंद्रपाल शुक्ला तथा रोहित पुत्र बालकराम ने एक राय होकर उनके पुत्र शशिकांत शुक्ला के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने लात-घूंसों और लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे शशिकांत के सिर में गंभीर चोटें आईं शोर सुनकर जब शीलू देवी अपने पुत्र को बचाने पहुंचीं तो आरोपियों ने उन्हें भी जान से मारने की धमकी दी और फरार हो गए। घटना के बाद परिजन घायल युवक को उपचार के लिए ले गए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि घायल का चिकित्सिय परीक्षण कराया गया है और मामले की जांच कर आरोपियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### हरियाणा में सड़क हादसे में युवक की मौत, पांच बच्चों के सिर से उठा पिता का साया



**बिजुआ खीरी।** रोजी-रोटी की तलाश में हरियाणा गए एक मजदूर की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। हादसे से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक के पाँच मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया, जबकि पत्नी पर पूरे परिवार की जिम्मेदारी आ पड़ी है। थाना भीरा क्षेत्र के ग्राम गदियाना निवासी सोबरन लाल (पुत्र श्रीकृष्ण) हरियाणा में गन्ना छीलने का काम करने गए थे। रविवार को रात करीब 11 बजे हुए भीषण सड़क हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया गया कि सोबरन लाल अपने पड़ोसी देवेंद्र कुमार सहित अन्य साथियों के साथ खेत से गन्ना भरवाकर ट्रॉली के माध्यम से फैक्ट्री भेज रहे थे। रास्ते में ट्रॉली का टायर फट गया, जिससे गन्ना सड़क पर गिर गया। गिरे हुए गन्ने को उठाकर दूसरे वाहन में भरने का काम चल रहा था, तभी तेज रफ्तार हौंडा सिटी कार (संख्या HR21J9683) ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सोबरन लाल उछलकर करीब 50 फीट दूर जा गिरे और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर डायल-112 और सिटी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और दुर्घटना में शामिल कार को कब्जे में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन हरियाणा पहुंचे। उधर, हरियाणा पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और फरार वाहन चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी चालक को पकड़ लिया जाएगा। मृतक सोबरन लाल अपने पीछे पत्नी और पाँच बच्चों को छोड़ गए हैं। बड़े बेटे अजय कुमार (27 वर्ष) का विवाह हो चुका है। उससे छोटा बेटा रामजी (13 वर्ष) है, जबकि तीन बेटियां—निधि, रीना और सबसे छोटी नेहा (9 वर्ष)—हैं। परिवार की सारी जिम्मेदारी अब मृतक की पत्नी के कंधों पर आ गई है।

### मासूम के शव की तलाश में एसडीआरएफ की टीम द्वारा सर्चिंग अभियान जारी



**पैलानी/बांदा।** पचकौरी गांव में पिछले एक हफ्ते पूर्व दरिंदे पिता राजेंद्र द्वारा अपने ही इकलौते डेढ़ वर्षीय बेटे की गला दबाकर की गई हत्या के पश्चात शव को अभी तक कुछ भी पता न चलने की वजह से आज सीओ सदर राजवीर सिंह के दिशा निर्देशन में एसडीआरएफ के बीस जवानों के साथ-साथ एस एच ओ चिल्ला सहित थाना पैलानी थाना जसपुरा का फोर्स चिल्ला से लेकर पचकौरी तक दो नावों के माध्यम से 13 किलोमीटर सघन सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है।एसडीआरएफ के उप निरीक्षक शुभम सिंह के नेतृत्व में 20 जवान इस खोजबीन में लगाए गए हैं जिनके साथ पैलानी थाना तथा जसपुरा थाने का फोर्स भी लगाया गया है। चिल्ला घाट से अभियान में चिल्ला की ओर से दो घाट लगाई गई जिसमें ढूंढते ढूंढते पचकौरी गांव तक शाम तक पहुंचे वहीं एसडीआरएफ के उपनिरीक्षक ने बताया कि हम दो घाट लाए हैं और 20 जवान हैं जिसमें 13 किलोमीटर तक का सघन चेकिंग अभियान किया गया है जिसमें बच्चे का शव नहीं मिला है वहीं मां शारदा व नानी शांति पचकौरी के यमुना नदी किनारे टकटकी लगाए एसडीआरएफ की टीम को बैठी रही जिसमें शाम को 5 बजे एसडीआरएफ की टीम पहुंची जहां बच्चे का शौक फेंका गया था वहां ढूंढने का प्रयास किया गया वही बताया कि सुबह 8 बजे से अभियान चलाया गया जो शाम 6 बजे तक अभियान चला है मां ने बताया कि मेरा बच्चा पता नहीं कहां चला गया है अगर उसका सब नहीं मिल रहा तो मुझे आत्मा में संतुष्टि नहीं मिल पा रही है वहीं हमारे मात्र 8 किलोमीटर दूर मंत्री का घर है अभी तक मंत्री द्वारा को भी मदद नहीं की गई ना ही परिवार से मिलने आए हैं।

### रामलीला क्षेत्र के प्रमुख हास्य कलाकार रहे बल्देव यादव का निधन, कीर्तन के साथ शव यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**बांदा।** पैलानी तहसील अंतर्गत खप्टिहाकला निवासी रामलीला जगत के प्रमुख हास्य कलाकार,कीर्तनगुरानी, सरस्वती शिशु मंदिर के पूर्व प्रधानाचार्य पचहत्तर वर्षीय बल्देव यादव का बीती शाम मंगलवार को पांच बजे बीमारी के चलते निधन हो जाने से खप्टिहाकला, अलोना, साड़ी, खरेई, पपरेंदा, अमलोर, रेंहुटा निवाईच अतरहट पलरा आदि दर्जनों गांवों में शोक की लहर दौड़ गई। वही भजन कीर्तनगुरानी रामबहादुर सिंह,भंडारी तिवारी, गोरे सिंह, मनोज दीक्षित, बिरसे बाबू,आशादीन चंदेल,रामाओतार यादव आदि ने झांझ मंजीरा ढोलक बजाकर पैत्रक घर से हास्य कलाकार के पुत्र पप्पू यादव,राम जी यादव, तुलसीदास यादव व धनंजय यादव आदि ने कंधा देकर पाथादाई घाट पर ले जाकर पप्पू यादव ने अपने पिता बल्देव यादव को मुखाग्नि दी। हास्य कलाकार के रूप में 1980 से रामलीला में काम कर बनाई थी पहचान। 1975 से लेकर 2010 तक सरस्वती शिशु मंदिर में शिक्षण कार्य कर बने प्रमुख शिक्षाविद। तथा पच्चीस वर्षों से लगातार भजन कीर्तन में गांव की फेरी लगाकर सनातन धर्म को आगे बढ़ाने का काम किया था। उनके निधन से जलशक्तिराज्य मंत्री रामकेश निषाद,ए डी जी ट्रेनिंग/ प्रशिक्षण मध्य प्रदेश राजाबाबू सिंह, पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह, पूर्व नौसेना अधिकारी राकेश बाजपेई, जयराम सिंह छछेरा, भाजपा नेता मंदीप तिवारी, बसपा के कोषाध्यक्ष कमलाकांत त्रिवेदी आदि ने बताया कि बल्देव यादव रामलीला जगत के प्रमुख हास्य कलाकार थे।

### विद्यालय स्तरीय भाषण, चित्रकला एवं नुक्कड़ नाटक आयोजित

**बांदा।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत गुरुवार को को विद्यालय स्तरीय भाषण, चित्रकला एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन राजकीय इंटर कालेज बांदा में किया गया जिसमें विद्यालय के छात्रों ने प्रतिभाग किया। मंडलीय समन्वयक/ मास्टर ट्रेनर सड़क सुरक्षा डॉ पीयूष मिश्रा ने छात्रों को सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं यातायात नियमों के विषय में विस्तार से बताया तथा झुंड में साइकिल ना चलाने की नसीहत दी हिदायत दी कि विद्यालय परिसर कोई भी छात्र दोपहिया वाहन लेकर यदि आता है तो उनके एवं अभिभावक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, हेलमेट ,सीट बेल्ट,नशे की हालत पर वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करना एवं अन्य सड़क सुरक्षा नियमों के विषय में विस्तार से समझाते हुए छात्रों को एक श्रेष्ठ मददगार की भूमिका भी निभाई की अपील की तथा दुर्घटना में घायल व्यक्ति की प्रारंभिक देखभाल करने के तरीके से भी परिचित कराया डॉ. पीयूष मिश्र के नेतृत्व में छात्रों ने भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया जिसमें भाषण में प्रथम स्थान कक्षा 10 के छात्र अनस पाल एवं चित्रकला के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता में कृपा शंकर कक्षा 10 ने प्रथम एवं अनस कक्षा 10 ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया यह सभी छात्र जनपद स्तरीय प्रतियोगिता दिनांक 16 जनवरी को प्रतिभाग करेंगे।

---

**राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माहः फरधान टोल प्लाजा से एनएचएआई की सख्त अपील**

# नियमों के पालन से ही सुरक्षित रहेगा सफर

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**




राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत 1 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में लखीमपुर खीरी जनपद के फरधान स्थित टोल प्लाजा पर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की ओर से वाहन चालकों को सुरक्षित वाहन संचालन के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

फरधान टोल प्लाजा प्रबंधन द्वारा यात्रियों को सड़क पर दर्शाई गई स्पीड लिमिट का पालन करने, ट्रैफिक सिग्नल का सम्मान करने और आगे चल रहे वाहन से पर्याप्त दूरी बनाए रखने की सलाह दी जा रही है। ओवरटेक करते समय, लेन बदलते समय अथवा मोड़ पर मुड़ते समय इंडिकेटर का प्रयोग अनिवार्य बताया गया है। रात्रि के समय मोड़ों पर हॉर्न बजाने, डिपर का सही उपयोग करने तथा तीव्र मोड़ों और सोलर ब्लिंकर वाले स्थानों पर गति धीमी रखने पर विशेष जोर दिया गया है। कोहरे की स्थिति में पार्किंग लाइट का उपयोग करने, ब्रेकडाउन होने पर वाहन को सड़क के किनारे सुरक्षित स्थान पर खड़ा करने और अग्निशमन, एंबुलेंस जैसे आपातकालीन वाहनों को तुरंत रास्ता देने की अपील की गई है। साथ ही आबादी क्षेत्र एवं टू-लेन सड़कों पर वाहन की लाइट लो-बीम पर रखने को भी जरूरी बताया गया है। वहीं फरधान टोल प्लाजा प्रबंधन ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे तीव्र मोड़ों, चौराहों, गांव के मोड़ों और घनी आबादी वाले क्षेत्रों में ओवरटेक न करें और तेज गति से वाहन न चलाएं। प्रतिबंधित स्थानों पर वाहन खड़ा करना, सड़क के बीच वाहन चलाना, विपरीत दिशा में वाहन चलाना तथा लंबी दूरी तक वाहन को रिवर्स में ले जाना दुर्घटना को आमंत्रण देता है। कार चालकों को सीट बेल्ट और दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनने की सलाह दी गई है। फरधान स्थित टोल प्लाजा के मैनेजर पिंटू गुप्ता ने बताया कि टोल प्लाजा पर लगातार जागरूकता संदेश दिए जा रहे हैं, ताकि वाहन चालक सुरक्षित यात्रा को लेकर सतर्क रहें। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी सावधानियां बड़े हादसों को रोक सकती हैं। अकाउंटेंट सूरज गुप्ता ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने से न सिर्फ चालक बल्कि पूरे परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित होती है। टोल इंचार्ज धर्मेंद्र यादव ने वाहन चालकों से अपील की कि वे जल्दबाजी से बचें और नियमों के अनुसार वाहन चलाएं। सुपरवाइजर उमेश कुमार ने बताया कि कोहरे और रात के समय लाइट व डिपर का सही प्रयोग अत्यंत आवश्यक है। सिस्टम इंजीनियर यशवंत सिंह ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में एनएचएआई की हेल्पलाइन 1033 पर संपर्क कर तुरंत सहायता प्राप्त की जा सकती है। फरधान टोल प्लाजा प्रबंधन का कहना है कि यदि प्रत्येक वाहन चालक जिम्मेदारी से वाहन चलाए, तो सड़क दुर्घटनाओं में काफी हद तक कमी लाई जा सकती है।

## बिजली तार गिरने से गन्ने की फसल जली, किसान ने दी तहरीर

**औरंगाबाद खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



थाना मैगलगंज क्षेत्र के अंतर्गत औरंगाबाद चौकी इलाके में बिजली विभाग की लापरवाही से किसान की गन्ने की फसल जलकर नष्ट हो गई। पीड़ित किसान अनुज कुमार पुत्र खजांची प्रसाद का गन्ना दिनांक 13 जनवरी 2026 को खेत के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तार के अचानक गिरने से जल गया।

बताया गया कि खेत में खड़ी गन्ने की फसल पर बिजली का तार गिरते ही आग लग गई, जिससे काफी क्षेत्र में फसल जलकर नष्ट हो गई। घटना के बाद किसान ने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय लोगों को दी और मामले की शिकायत चौकी प्रभारी औरंगाबाद थाना मैगलगंज को प्रार्थना पत्र देकर की। सूचना पर राजस्व विभाग सक्रिय हुआ और क्षेत्रीय लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर क्षति का आकलन किया। लेखपाल द्वारा जली हुई फसल का निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार की गई, जिसे आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को भेजा जा रहा है। पीड़ित किसान ने प्रशासन से मुआवजा दिलाए जाने और बिजली विभाग के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि जर्जर बिजली तारों के कारण क्षेत्र में आए दिन ऐसी घटनाएं हो रही हैं, जिन पर विभाग को गंभीरता से ध्यान देना चाहिए।

## सरकारी भूमि पर अवैध जोताई, ग्राम प्रधान को धमकी, एसओ, एसडीएम को दी गई तहरीर

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



थाना हैदराबाद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मिर्जापुर में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। ग्राम प्रधान नवल किशोर ने न केवल थाना अध्यक्ष हैदराबाद और उपजिलाधिकारी (एसडीएम) गोला को भी लिखित शिकायत देकर प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम प्रधान नवल किशोर के अनुसार ग्राम पंचायत मिर्जापुर, परगना हैदराबाद, तहसील गोला में स्थित लगभग दो एकड़ सरकारी ऊसर/सीलिंग की भूमि को कुछ दबंग किस्म के लोगों द्वारा रात्रि के समय ट्रैक्टर से अवैध रूप से जोत लिया गया। आरोप है कि बिहारीपुर मजरा मिर्जापुर ग्रांट निवासी कमलेश पुत्र राजकुमार, प्रेम कुमार पुत्र राजकुमार, विजयपाल पुत्र प्यारेलाल, सुनील कुमार पुत्र दयाराम, रोहन पुत्र घूरई लाल, सतीश पुत्र रामनरेश व राजेश पुत्र घूरई लाल ने जानबूझकर सरकारी भूमि पर कब्जा किया। प्रधान ने बताया कि उक्त भूमि को जोतने से पूर्व क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा संबंधित लोगों को स्पष्ट रूप से मना किया गया था, इसके बावजूद उन्होंने सरकारी आदेशों की अनदेखी करते हुए अवैध जोताई कर दी। जब ग्राम प्रधान ने मौके पर पहुंचकर इसका विरोध किया तो आरोपितों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी और खुलेआम चुनौती दी। ग्राम प्रधान का कहना है कि इस घटना से गांव में भय और तनाव का माहौल बन गया है तथा ग्राम पंचायत की सरकारी भूमि पर कब्जा होने से विकास कार्य भी प्रभावित हो सकते हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने एसडीएम गोला को भी प्रार्थना पत्र देकर सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने, आरोपितों के खिलाफ राजस्व व पुलिस स्तर पर संयुक्त कार्रवाई कराने की मांग की है।

> मामले से संबंधित हैदराबाद थाना अध्यक्ष सुनील मलिक ने बताया कि प्राप्त शिकायती पत्र को जांच कर मौके पर जो भी निस्तारण होगा, विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## थाने में बिगड़ी हालत, जहर खाने वाले युवक की रास्ते में मौत

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

> ▸ भारी पुलिस फोर्स की मौजूदगी में हुआ सुजीत मिश्रा का अंतिम संस्कार



भीरा थाना क्षेत्र में आत्महत्या की सूचना देने वाले युवक की हालत उस समय बिगड़ गई, जब पुलिस उसे थाने लेकर पहुंची। युवक ने जहर खाने की बात बताई, जिसके बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना को लेकर परिजनों ने उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं, जबकि पुलिस ने आरोपों को निराधार बताया है। भीरा थाना क्षेत्र के मेडईपुरवा गांव निवासी 40 वर्षीय संजीत मिश्रा पुत्र हरिशंकर मिश्रा ने मंगलवार को पुलिस को फोन कर आत्महत्या करने की सूचना दी थी। पुलिस के पूछताछ करने पर संजीत ने बताया कि एक युवक और उसकी महिला मित्र उसे लगातार परेशान कर रहे हैं, साथ ही उसे धमकी दी जा रही है और लाखों रुपये की रंगदारी भी मांगी जा रही है। इस मामले को गंभीर मानते हुए पुलिस ने संजीत की तलाश की और उसे लेकर थाने पहुंची। बताया जाता है कि थाना गेट पर ही संजीत की अचानक हालत बिगड़ गई और वह जमीन पर गिरकर तड़पने लगा। उसने पुलिस को बताया कि वह जहर खा चुका है। इसके बाद पुलिस आनन-फानन में उसे बिजुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई, जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल से भी संजीत को लखनऊ के लिए रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में सीतापुर के पास उसने दम तोड़ दिया।

युवक की मौत के बाद परिजनों ने इलाके के एक युवक और उसकी महिला मित्र पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। साथ ही पुलिस पर भी दबाव और प्रताड़ना के आरोप लगाए गए हैं। शव का पोस्टमार्टम सीतापुर में कराया गया। इसके बाद शव गांव लाया गया, जहां तनाव की स्थिति को देखते हुए भीरा, मैलानी और गोला थानों की पुलिस फोर्स तैनात रही।

वहीं, इस पूरे मामले पर सीओ गोला राकेश तिवारी ने बताया कि पुलिस पर लगाए जा रहे आरोप निराधार हैं। उन्होंने कहा कि मृतक की पत्नी ने तहरीर में तीन लोगों के नाम लिखकर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है, उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का दावा है कि इस घटना में पुलिस की कोई भूमिका नहीं है और सभी तथ्यों की निष्पक्ष जांच की जा रही है।

> सुजीत के साथ भीरा थाने में क्या हुआ इसकी सच्चाई फिलहाल सवालों के घेरे में है। युवक ने बिजुआ सीएससी में वीडियो जारी कर भीरा पुलिस पर मारपीट समेत गंभीर आरोप लगाए थे। सूत्रों का दावा है कि थाने में पूछताछ के दौरान कुछ सिपाहियों ने युवक के साथ मारपीट की थी मामले की हो निष्पक्ष जांच तो अब हो जाएगा दूध का दूध पानी का पानी।

## निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ कार्यदायी संस्था से शीघ्र पूर्ण करायें: सीडीओ

> ▸ सीडीओ ने की सीएम डैशबोर्ड एवं सीएमआईएस पोर्टल के कार्यों की समीक्षा बैठक

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी के निद्रेशों के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में सीएम डैशबोर्ड एवं सीएमआईएस पोर्टल के कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्टेऊट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में उन्होंने निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने विभाग से सम्बन्धित निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए कार्य को गुणवत्ता के साथ कार्यदायी संस्था से शीघ्र पूर्ण करायें। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिये कि कार्यों में रूचि लेते हुए गुणवत्ता के साथ तेज गति से निर्माण कार्यों को पूर्ण किया जाए। उन्होंने यूपी प्रोजेक्ट कार्पोरेशन के द्वारा निर्माण किये जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए स्टेडियम में कराये जाने वाले कार्य एवं शहीद पार्क में किये जाने वाले कार्यों की प्रगति धीमी पाये जाने पर कार्यदायी संस्था को नोटिस जारी किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने पर्यटन विभाग के निर्माणाधीन कार्यो रिवरफ्रन्ट रनगढ एवं नवाब टैंक में फाउन्टेन निर्माण में तेजी लाये जाने के निर्देश दिये। यूपी सिडको को बबेरू में बस स्टेशन निर्माण कार्य तेज करने हेतु निर्देशित किया। सिंचाई विभाग की केन-बेतवा लिंक परियोजना के कार्य में तेजी लाये जाने तथा सीएनडीएस द्वारा अग्निसमन केन्द्र तिन्दवारी, कस्तूरबागांधी बालिका विद्यालय बिसण्डा एवं नगर पंचायत ओरन के कार्य को मैन पावर बढाते हुए पूर्ण करने के निर्देश दिये।

उन्होंने सेतुओं के निर्माण कार्य में तेज गति से पूर्ण करने के निर्देश दिये। ओडीओपी योजना में प्रशिक्षण दिलाये जाने हेतु निर्देशित किया। दशमोत्तर छात्रवृत्ति वितरण में कार्य को पूर्ण करने के निर्देश जिला समाज कल्याण अधिकारी को दिये। निराश्रित गौवंश संरक्षण एवं गौवंश सहभागिता योजना में किसानों को गौवंश सुपुदर्गी किये जाने हेतु मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये। खराब ट्रान्सफार्मरों को बदले जाने तथा विद्युत बिलों के सुधार के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत अवशेष आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित किया। जलनिगम द्वारा सडकों के रेस्टोरेशन कार्य की सूची प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, सम्बन्धित विभागों एवं कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी उपस्थित रहे।

## महिला वैश्य समाज के तत्वावधान में मकर संक्रांति पर्व का हुआ आयोजन



**बांदा।** महिला वैश्य समाज जिला बांदा के तत्वावधान में मकर संक्रांति एवं लोहड़ी का पर्व एवं नया वर्ष सभी पदाधिकारी महिलाओं द्वारा नम्रता गोयल के आवास पर धूमधाम से मनाया गया। सभी महिलाओं ने बड़े ही उत्साह के साथ गले मिलकर एक दूसरे को बधाइयां दी। गीत संगीत, नृत्य एवं रोचक गेम्स भी आयोजित किए गए। सामाजिक कार्यों को लेकर विचार विमर्श भी किए गए। पदाधिकारियों में जया पुरवार, रीता गुप्ता, नीलिमा पुरवार, सुनीता गुप्ता, गीता सोनी, अपूर्वा सोनी, किरन गुप्ता, नंदिनी गुप्ता, ममता नगरिया, मंजू रूसिया, दीपाली ओमर नम्रता गोयल, नम्रता गुप्ता, मंजरी ओमर, ज्योति पुरवार, अंकिता रानी चंदेरिया, शोभा गुप्ता उपस्थित रहीं। जिलाध्यक्ष रानी दमेले अंजू जी ने सभी महिलाओं को मकरसंक्रांति पर्व की बधाइयां देकर सभी को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## परिवहन निगम के चालकों, परिचालकों व कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में किया गया जागरूक

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



सड़क दुर्घटनाओं पर कमी लगाये जाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह आयोजित किये जाने के निर्देश के क्रम में आज राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के चौदहवें दिवस उदयवीर सिंह, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), सौरभ कुमार, सम्भागीय परिवहन अधिकारी, श्याम लाल, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, बाँदा, संदीप अग्रवाल, क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन निगम व मुकेश बाबू गुप्ता सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन निगम द्वारा परिवहन निगम के चालको, परिचालकों व कर्मचारियो को सडक सुरक्षा नियमों के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी गयी।

उक्त के अतिरिक्त वीरेन्द्र नाथ राजभर, यात्री। मालकर अधिकारी, बाँदा के साथ द्वारा युद्धस्तर पर अभियान चलाकर जनपद के विभिन्न स्थानों पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 318 बिना हेलमेट, 18 बिना सीटबेल्ट, 10 रांग साइड, 16 वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने एवं अन्य अभियोगों में 52 चालान किये गये साथ ही मार्ग प्रयोक्ताओं को पम्पलेट वितरित करते हुए सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक भी किया गया।

## सरकार का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की योजनाओं को पहुंचाना हैः रामकेश

> ▸ ग्राम वसुधरी में सांस्कृतिक महोत्सव का हुआ आयोजन

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



बुधवार को पैलानी तहसील अंतर्गत पौराणिक ग्राम वसुधरी (लसड़ा) में भव्य सांस्कृतिक महोत्सव का सफल आयोजन किया गया। यह स्थल अपने गौरवशाली एवं पौराणिक इतिहास के कारण विशेष महत्व रखता है, जिसे भगवान कृष्णद्वैपायन वेदव्यास की जन्मस्थली के रूप में जाना जाता है। यह भूमि माता सत्यवती एवं महर्षि वेदव्यास की तपोस्थली के रूप में धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। महोत्सव के मुख्य आकर्षण के रूप में माता सत्यवती एवं महर्षि वेदव्यास की भव्य प्रतिमाओं का विधिवत अनावरण किया गया। प्रतिमा अनावरण का शुभ कार्य अयोध्या धाम से पधारे मुख्य अतिथि मानसपीठ जगतगुरु श्री रामानंदाचार्य स्वामी रामानंदाचार्य तथा उत्तर प्रदेश सरकार के जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा लोक नृत्य, लोक गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपराओं का जीवंत प्रदर्शन किया गया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने अत्यंत सराहा।

महोत्सव के अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श एवं दवाइयाँ उपलब्ध कराई गईं। इसके अतिरिक्त विभिन्न विभागों द्वारा कृषि, श्रम कल्याण, ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित सूचना स्टॉल लगाए गए।

इन स्टॉलों के माध्यम से महोत्सव में सम्मिलित हजारों ग्रामीणों, किसानों एवं मजदूरों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं, उनके उद्देश्यों, पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित किए जाने की प्रक्रिया भी प्रारंभ की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि सरकार का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की योजनाओं को पहुँचाना है और ऐसे आयोजनों से ग्रामीण जनता को सीधे लाभ मिलता है। वहीं जगतगुरु श्री रामानंदाचार्य स्वामी रामानंदाचार्य ने अपने उद्बोधन में इस पौराणिक स्थल के धार्मिक, पौराणिक महत्व का विस्तार पूर्वक वर्णन कर बेदब्यास भगवान का संपूर्ण चित्रण किया साथ ही योगी आदित्यनाथ व जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद को पांच हजार साल बाद इस पौराणिक स्थल को जीवंत करने पर बहुत शुभकामनाएं देते हुए इसके संरक्षण एवं धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने पर बल दिया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष साहिब सिंह, अनिरुद्ध सिंह चन्देल, दिनेश सिंह,शिववली निषाद, बलबीर सिंह, सत्यप्रकाश निषाद, प्रकाश सेंगर, जितेन्द्र सिंह चंदेल संरक्षक, रामहित निषाद, ग्राम प्रधान लसडा मंजू देवी, इन्द्र जीत सिंह, जनप्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सफलतापूर्वक एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।